दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◈◈ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, सोमवार, 08 अप्रैल, 2024, चैत्र कृष्णपक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-349 पृष्ठ-12, मूल्य - 4 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

मेहनत एक ऐसा वरदान है, जो मुकद्दर को भी बदल सकता है।

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:34 प्रातः

अस्त : 06:07 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	34.0	20.0
जमशेदपुर	36.0	22.0
हजारीबाग	36.0	20.0
डालटनगंज	35.0	22.0

सारंडा के जंगल में बनाये जायेंगे 118 बूथ, हेलिकॉप्टर से जायेंगे मतदानकर्मी

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : झारखंड में सिंहभूम लोकसभा सीट के माओवादी गढ़ के कई आंतरिक इलाकों में 13 मई को पहली बार या दशकों के लंबे अंतराल के बाद मतदान होगा। यहां दुनिया का सबसे घना सारंडा जंगल भी है, जहां लोग रहते हैं। ऐसे में फैसला लिया गया है कि ये लोग भी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें, इसके लिए हेलीकॉप्टरों की मदद से कर्मचारियों और सामग्रियों को पहुंचाया जाएगा। साथ ही दूर दराज इलाकों में 118 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे।

कोई भी व्यक्ति वोट डालने से न रहे वंचित

पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप चौधरी ने कहा, 'हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि कोई भी व्यक्ति वोट डालने से वंचित न रह जाए। हमने कई इलाकों की पहचान की है, जहां पहली बार या करीब दो दशक बाद मतदान होगा क्योंकि ये इलाके माओवादी उग्रवाद से बुरी तरह प्रभावित हैं। गौरतलब है कि हालातों में सुधार होने के बावजूद सिंहभूम अभी भी देश के सबसे अधिक वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में से एक है। पिछले साल यहां माओवाद से संबंधित 46 घटनाएं हुई थीं और 22 लोगों की मौत हो गई थी।

118 केंद्रों को एयर ड्रॉप के लिए चुना

कुलदीप चौधरी ने बताया कि नुगड़ी मध्य विद्यालय और बोरेरो मध्य विद्यालय जैसे मतदान केंद्रों पर इस बार पहली बार मतदान होगा। उन्होंने कहा कि रोबोकेरा, बिंज,

थलकोबाद, जराईकेला, रोआम, रेंगराहाटू, हंसाबेड़ा और छोटानागरा जैसे इलाकों में 118 केंद्रों को एयर ड्रॉप के लिए चिह्नित किया गया है। कुछ इलाकों में पोलिंग पार्टियों को चार से पांच किलोमीटर तक पैदल चलना होगा। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस बार कोई भी वोट डालने से न रह जाएं।

इन जगहों पर 15 नये शिविर स्थापित किये

थलकोबाद और करीब दो दर्जन गांवों को पहले 'मुक्त क्षेत्र' कहा जाता था। मगर प्रशासन सुरक्षा बलों की ओर से ऑपरेशन एनाकोंडा समेत कई अभियान चलाकर अपनी उपस्थिति साबित करने में सफल रहा। क्षेत्र में सुरक्षा बलों के कुल 15 नये शिविर स्थापित किए गए हैं।

ट्रेनों से भेजी जायेंगी 121 टीमें

अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टरों के अलावा, पोलिंग पार्टियां ट्रेनों और सड़कों के माध्यम से यात्रा करेंगी। ट्रेनों द्वारा 121 टीमें भेजी जाएंगी। पैदल चलने वाली टीमों को क्लस्टर प्वाइंट तक पहुंचना होता है और फिर मतदान केंद्रों पर जाना होता है। मतदान के दिन सुबह साढ़े पांच बजे तक सभी टीमों को मॉक पोलिंग करने के लिए स्टेशनों पर पहुंचना होगा। निर्वाचन क्षेत्र में 62 से अधिक मतदाता हैं जिनकी उम्र 100 वर्ष से अधिक है।

इतने मतदाता घर से डाल सकेंगे वोट

मनोहरपुर पुलिस स्टेशन के नंदपुर इलाके के वाल्टर लाकड़ा ने मतदान केंद्र तक पैदल नहीं जाने में असमर्थता जताई तो इस पर अधिकारी ने कहा कि वे अपने घर से ही वोट डाल सकेंगे। चौधरी ने कहा कि 62 मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के 3,909 मतदाताओं के अलावा 13,703 दिव्यांग लोगों के लिए हमने सुनिश्चित किया है कि वह घर से ही मतदान कर सकेंगे।

भाजपा ने गीता कोड़ा को चुनाव मैदान में उतारा

अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित विधानसभा क्षेत्र सिंहभूम में 14.32 लाख मतदाता हैं जिनमें से 7.27 लाख महिलाएं हैं। भाजपा ने इस सीट से मौजूदा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को मैदान में उतारा है। कोड़ा निवर्तमान लोकसभा में झारखंड से कांग्रेस के एकमात्र सांसद थे और वह हाल में भाजपा में शामिल हुए हैं। भारत के सहयोगी दलों ने अभी तक इस सीट के लिए किसी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

सिंहभूम लोकसभा सीट में छह विधानसभा क्षेत्र

सिंहभूम लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें सरायकेला, चाईबासा, मझगान, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर और चक्रधरपुर शामिल हैं। सरायकेला-खरसावां जिले में आने वाले सरायकेला को छोड़कर शेष सीटें पश्चिम सिंहभूम जिले में आती हैं। झारखंड में लोकसभा चुनाव चार चरणों में 13, 20, 25 मई और एक जून को होने हैं। 2019 के आम चुनावों में, भाजपा ने 11 सीटें जीती थीं, जबकि उसके सहयोगी आजसू ने एक सीट हासिल की थी। झामुमो और कांग्रेस दोनों ने एक-एक सीट जीती थी।

संक्षिप्त खबरें

खूंटी में फिर 97 लाख मूल्य का डोडा जब्त

खूंटी। एसएसबी 26 बटालियन डी कंपनी उलिहातू और अड़की थाने की पुलिस द्वारा रविवार को अड़की के चाराडीह जंगल में संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाकर जंगल में छिपा कर रखे गए 35 बोरों में भरे 650 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा बरामद किया। बरामद अफीम डोडा का मूल्य एनसीबी द्वारा अनुमोदित दर के आधार पर 97.5 लाख रुपये है। इसको लेकर अड़की थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान और अग्रेतर करवाई की जा रही है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने दी।

नदियों, घाटियों को चुनावी घोषणा पत्रों में शामिल करने की मांग

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय नदी घाटी मंच ने देशभर में नदियों और घाटियों से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में शामिल करने की मांग करते हुए कहा है कि नदियों को एक सजीव इकाई के तौर पर मान्यता दी जाए और मछुआरों, खानाबदोशों, चरवाहों और अन्य समुदायों के अधिकारों की रक्षा के लिए नदीय प्रशासन को मजबूत करने के साथ-साथ विकेंद्रीकृत भी किया जाए। राष्ट्रीय नदी घाटी मंच ने शनिवार को कहा कि नदियों और नदी घाटी समाजों के अधिकारों की सुरक्षा को चुनावी एजेंडे में शामिल किया जाना चाहिए। प्राकृतिक संपदा जल-जंगल-जमीन के पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित रख देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन-जीविका की गारंटी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। हिमनदियों से लेकर पेरियार तक नदियों को एक सजीव इकाई के तौर पर मान्यता दी जानी चाहिए।

शिनजियांग में मध्यम दर्जे के भूकंप के झटके

बीजिंग। उत्तर पश्चिमी चीन के शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र के बाइचेंग काउंटी में रविवार को मध्यम दर्जे के भूकंप के झटके महसूस किये गये। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार (बीजिंग समयानुसार) आज शाम 4:46 बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 आंकी गयी।

इंडि गठबंधन के नेताओं ने बनायी रणनीति, उलगुलान रैली का होगा आयोजन

राहुल, खड़गे, पवार, लालू, ममता, उद्धव 21 को रांची में

कल्पना सोरेन के आवास पर हुई बैठक, कांग्रेस प्रभारी मीर भी हुए शामिल

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मुर्मू ने 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में आयोजित न्याय उलगुलान महारैली की सफलता को लेकर रविवार को अपने निवास स्थान पर गठबंधन नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में महारैली की सफलता के लिए रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, पीसीसी अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, महासचिव कैलाश यादव, माले विधायक विनोद, झामुमो महासचिव विनोद पांडेय आदि शामिल हुए।

बैठक में झामुमो द्वारा आयोजित महारैली में पूरे राज्य से पांच लाख भीड़ जुटाने की रणनीति बनी। इसमें कल्पना सोरेन ने सभी गठबंधन के सहयोगियों से सहयोग मांगा। बैठक में न केवल रैली बल्कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन का साझा प्रचार अभियान को लेकर भी चर्चा हुई। यह तय किया गया कि 21 के बाद चरणबद्ध तरीके से होने वाले चुनाव के हिसाब से चुनावी अभियान चलाया जाएगा।

इन केंद्रीय नेताओं को दिया जाएगा निमंत्रण

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव प्रियंका गांधी, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालीन, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, एनीसीपी प्रमुख शरद पवार, फारूख अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, वाम नेता सीताराम येचूरी, डी राजा सहित अन्य गठबंधन के नेताओं को बुलाया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी खुद कल्पना सोरेन लेंगी।

झारखंड में फिर बदला मौसम, मौसम विभाग का येलो अलर्ट

पांच दिनों तक होगी बारिश

रांची : झारखंड में मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। रविवार को दोपहर बाद रांची समेत कई हिस्सों में बारिश के बाद भीषण गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग की ओर से राज्य में अगले पांच दिनों में आंधी-बारिश के साथ वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे या इससे भी अधिक हो सकती है। तेज आंधी के साथ बारिश के अलावा वज्रपात की भी चेतावनी दी गई है। इसे लेकर मौसम विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है।

11 अप्रैल तक कई इलाकों में आंधी के साथ बारिश

रांची स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के वरीय वैज्ञानिक सतीश चंद्र मंडल ने बताया कि अगले 11 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में आंधी और बारिश के कारण अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री तक की गिरावट का अनुमान है। उन्होंने बताया कि आज 7 अप्रैल को दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है। इस दौरान कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात की भी संभावना है।

तापमान में चार से पांच डिग्री गिरावट का अनुमान

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि आज सात अप्रैल को बारिश के साथ अधिकतम तापमान में चार-पांच डिग्री सेल्सियस गिरावट का अनुमान है। 8 से 11 अप्रैल तक कई हिस्सों में गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चलने का अनुमान है।

बंगाल की खाड़ी से दक्षिण पूर्व हवा के कारण मौसम में बदलाव

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के मौसम में बदलाव का मुख्य कारण हवा के रुख में परिवर्तन होना है। राज्य में बंगाल की खाड़ी से होकर दक्षिण पूर्व की हवा आ रही है, जबकि ऊपरी वातावरण में पश्चिमी हवाओं का रुख बना हुआ है। जिसके कारण मौसम में बदलाव देखा जा रहा है।

मथुरा : बांके बिहारी मंदिर में दर्शन को उमड़ी भीड़, दो किमी लंबी लगी कतार

बोकारो स्टील प्लांट में आग लगने की घटना से 23 कर्मियों की हालत गंभीर

बोकारो : झारखंड स्थित बोकारो स्टील प्लाट में सुबह भीषण आग लग गई। आग से प्लांट में अफरा-तफरी मच गई। इसकी चपेट में आए 23 कर्मचारियों की हालत गंभीर है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बोकारो स्टील प्लांट में सुबह लगी भीषण आग से पर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों ने बयान जारी किया है। उन्होंने बताया कि गैस पाइपलाइन के रख-रखाव का काम चल रहा है। पाइपलाइन में कंपेसाटर को बदला जा रहा था। इस पाइपलाइन से हॉट स्ट्रिप मिल की री-हीटिंग भट्टी में गैस आपूर्ति दी जाती है। इस पाइपलाइन में बचे हुए नेफ्था, सल्फर, टार आदि थे, जो कि ज्वलनशील पदार्थ हैं, जिने कारण आग लगी। आग का धुआं पूरी पाइपलाइन में फैला। उन्होंने कहा कि उस समय पाइपलाइन बंद थी, उसमें कोई गैस नहीं थी।

घटना का पता चलते बचाव दल को पहुंचाया गया। ही आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन हॉट स्ट्रिप मिल के री-हीटिंग फर्नेस क्षेत्र में काम करने वाले कुछ संविदा कर्मचारी धुएं की चपेट में आ गए। इस घटना को जान की हानि नहीं हुई है। बोकारो स्टील प्लांट में लगी आग के धुएं के कारण वहां काम कर रहे 23 कर्मचारियों की हालत गंभीर बनी हुई है। अधिकारियों की माने तो इन कर्मचारियों को बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं बोकारो के कार्यकारी निदेशक बीके तिवारी, कार्मिक एवं प्रशासन निदेशक राजन प्रसाद और अन्य अधिकारियों ने अस्पताल में जाकर घायल कर्मचारियों की स्थिति जानी। सेल अधिकारियों की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि गैस विश्लेषक का उपयोग करके जांच की गई थी। गैस रिसाव जैसी कोई समस्या नहीं थी। हालांकि आग लगने की वजह ढूंढी जा रही है।

जबलपुर में पीएम मोदी का टूटा मंच, छह घायल

जबलपुर : लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सभी राजनीतिक पार्टियां अपने प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार में जुटी हैं। इसी सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जबलपुर में रोड शो किया। इस दौरान गोरखपुर क्षेत्र में बनाए गए दो मंच टूट गए, जिससे मंच पर मौजूद लोग नीचे गिर पड़े। इस हादसे में लोगों के साथ कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। दरअसल, पीएम मोदी की झलक पाने के लिए क्षमता से ज्यादा लोग मंच पर चढ़ गए। हालांकि पुलिस उन्हें समझाने में जुटी रही, लेकिन लोग जबरदस्ती मंच पर चढ़ते रहे और उसके बाद यह हादसा हो गया।

रोड शो करने जबलपुर पहुंचे थे पीएम मोदी

जानकारी के मुताबिक, देश के प्रधानमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक नरेंद्र मोदी ने जबलपुर में रोड-शो कर मध्यप्रदेश में चुनाव प्रचार की शुरूआत की। प्रधानमंत्री मोदी के रोड-शो के दौरान सड़क पर पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों का जन सैलाब उमड़ आया। इस दौरान पीएम मोदी और पार्टी के फोटो बैनर थामे लोग अब की बार 400 के पार तथा जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन कर रहे थे। रोड शो के जरिए भाजपा ने जनता के बीच पार्टी की मजबूत पकड़ के संदेश और कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का संचार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो भगत सिंह चौराहे से शाम 6.40 बजे धार्मिक मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुआ। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश सरकार में मंत्री और स्थानीय विधायक राकेश सिंह तथा लोकसभा प्रत्याशी आशीष दुबे वाहन में सवार थे। रोड-शो के दौरान सड़क के दोनों ओर बडी संख्या में लोग प्रधानमंत्री की एक झलक पाने उत्साहित नजर आ रहे थे। रोड-शो के दौरान सड़क किनारे बने मकान की बालकनी व छत में भी बडी संख्या में लोग उपस्थित थे। रोड-शो के 1.2 किलोमीटर लंबे मार्ग के दौरान कई स्थानों में महिलाएं परंपरागत नृत्य और प्रधानमंत्री मोदी की आरती करते हुए दिखाई दीं। घरों में हमारा परिवार मोदी परिवार के नारे के पोस्टर भी लगे हुए थे। सड़क के दोनों तरफ बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री के स्वागत में बैनर-पोस्टर लगे हुए थे।

झारखंड के चूहे नशेड़ी! चूहे खा गये 10 किलोग्राम भांग व पी गये नौ किलो गांजा

बिहार व यूपी के चूहे शराबी, झारखंड के चूहे गंजेड़ी-भंगेड़ी

धनबाद : झारखंड के धनबाद जिले के एक थाने में जब्त कर रखे गये 10 किलोग्राम भांग और नौ किलोग्राम गांजा को नष्ट करने का आरोप चूहों पर लगा है। संबंधित मामले से जुड़े एक वकील ने रविवार को बताया कि पुलिस ने मामले की जानकारी जिले की एक अदालत को दी। अदालत द्वारा राजगंज थाने के प्रभारी अधिकारी को छह साल पहले जब्त किए गए भांग और गांजा को पेश करने का निर्देश दिए जाने के बाद पुलिस ने शनिवार को प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राम शर्मा को एक रिपोर्ट सौंपी।

अधिकारी ने सौंपी अपनी रिपोर्ट

अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चूहों ने थाने के मालखाने में रखे मादक पदार्थों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में थाने में मामला दर्ज किया गया था। राजगंज पुलिस ने 14 दिसंबर 2018 को 10 किलो भांग और नौ किलो गांजा जब्त करने के साथ शंभू प्रसाद अग्रवाल और उसके बेटे को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ थाने में प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले के जांच अधिकारी जयप्रकाश प्रसाद को जब्त भांग और गांजा को छह अप्रैल को अदालत में पेश करने का आदेश दिया था।

चूहों ने पूरा गांजा-भांग नष्ट कर दिया

मामले में बचाव पक्ष के वकील अभय भट्ट ने बताया कि प्रसाद शनिवार को राजगंज पुलिस थाना प्रभारी के आवेदन के साथ अदालत में पेश हुए, जिसमें कहा गया कि चूहों ने सभी जब्त सामग्री को नष्ट कर दिया। भट्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि उनके मुवक्किल को झूठे मामलों में फंसाया गया, क्योंकि पुलिस जब्त की गई सामग्री प्रदर्शित करने में सक्षम नहीं हो सकी। सबसे बड़ा सवाल ये है कि अनाज को कुतरने वाले चूहे अचानक गांजा और भांग पर आक्रमण कर बैठे। कुल मिलाकर पुलिस का चूहों पर गंभीर आरोप है। सारा माल मालखाने में पड़ा हुआ था। नियम के मुताबिक मालखाना पुलिस थाने के अंदर होता है। उसकी बकायदा देखरेख के लिए पुलिस वालों को प्रभार लेना पड़ता है। फिर चूहों ने ऐसा कैसे कर दिया।

चूहे पी गये थे शराब

ध्यान रहे कि कुछ साल पहले बिहार और उत्तर प्रदेश के मथुरा में चूहों के शराब पीने की बात सामने आई थी। उसके बाद पूरे देश में बिहार और यूपी की जगहंसाई भी हुई थी। भला बरामद शराब को चूहे कैसे पी सकते हैं। पुलिस का तर्क सुनकर कोर्ट भी हैरान हो गया था। उसके बाद जैसे-तैसे मामला रफा-दफा हुआ। बिहार में शराबबंदी है। इस दौरान शराब जब्त किए जाते हैं। उसके बाद उसमें कई तरह का खेल होता है। थाने से शराब बेचने की भी खबरें आती रहती हैं। इस आरोप में बक्सर जिले में। कुछ साल पहले पटना जिले में पूरा का पूरा थाना निलंबित कर दिया गया था। पटना की घटना तो चर्चा में आई थी। जब बेऊर थाने का पूरा स्टॉफ ही निलंबित कर दिया गया था। उसके बाद बिहार सरकार में एक मंत्री ने सफाई दी थी कि नदियों पर बने बांध को भी चूहों ने कुतर दिया है। इसलिए बांध कमजोर हैं। उन्हें दोबारा बनाना पड़ेगा। अब चूहों ने गांजा-भांग पीकर पुलिस के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है।

मतदान से पहले अपना बूथ अवश्य देख लें : राहुल कुमार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर रविवार को रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में मतदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने उपस्थित लोगों को चुनाव से संबंधित कई जानकारियां दी।

उन्होंने कहा कि 25 मई को रांची लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जायेंगे। मतदान से पहले संबंधित बीएलओ की ओर से घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम एग्जाम के एक दिन पहले परीक्षा केन्द्र देखने जाते हैं, उसी तरह मतदाता सूची मिलने के बाद मतदान से पहले अपनी सहूलियत के लिए अपना बूथ जरूर देख लें।

शहरी क्षेत्र में कम मतदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों में भी अच्छी संख्या में मतदाता बूथ तक पहुंचते हैं, लेकिन शहरी क्षेत्र में सुविधाओं और जानकारी होने के बावजूद लोग मतदान दिवस पर घरों से कम निकलते हैं। उन्होंने आरडब्ल्यूए के सदस्यों से कहा कि पोलिंग डे पर अपने परिवार और आस पास के लोगों को लेकर मतदान केन्द्र तक आयें।

मौके पर कार्यशाला के दौरान नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार ने भी मतदाता जागरूकता से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट बहुमूल्य है, लोग अच्छी संख्या में वोटिंग डे पर बूथ तक पहुंचे। इसके लिए सभी को जागरूक करें। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए वोटर लिस्ट में नाम होना जरूरी है। रांची लोकसभा क्षेत्र में योग्य नागरिक 25 अप्रैल तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन दिया जा सकता है। अमित कुमार ने कहा कि बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ सफाई मित्र एवं सुपरवाइजर घर-घर पहुंच रहे हैं, छूटे हुए नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। वोट छुट्टी का दिन होता है यह न सोचे, मतदान अवश्य करें, ऊंची इमारत और छोटी सोच नहीं होनी चाहिए।

कार्यशाला के दौरान वरीय पदाधिकारियों की ओर से उपस्थित लोगों से चुनाव से संबंधित सवाल भी पूछे गये, सही जवाब देने वालों को उपहार भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को मतदान शपथ भी दिलाया गया। साथ ही सभी को मतदान और चुनावी प्रक्रिया की जानकारी के लिए वोटर गाइड भी उपलब्ध कराया गया।

मेनिफेस्टो को सभी भाषाओं में अनुवाद कर लोगों तक पहुंचाएं:गुलाम अहमद

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के पदाधिकारीयों, वार रूम के पदाधिकारियों, सोशल मीडिया पदाधिकारियों, अग्रणी संगठन मोर्चा के अध्यक्षों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में रविवार को हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पूरे मीडिया विभागों के कार्यों का विवेचना किया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

इस क्रम में उन्होंने निर्देश दिया की पांच न्याय 25 गारंटी तथा कांग्रेस के मेनिफेस्टो को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिए झारखंड में बोली और लिखे जाने वाली सभी भाषाओं में अनुवाद कर लोगों तक पहुंचने के लिए आवश्यक तैयारी करने की जरूरत पर बल दिया।

उन्होंने निर्देश दिया कि चुनाव के दौरान विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार के लिए प्रदेश स्तर के प्रवक्ताओं की नियुक्ति प्रभारी के रूप में जिला और लोकसभा स्तर पर किया जाए। इससे जिला और लोकसभा स्तर के प्रवक्ताओं में समन्वय स्थापित हो सके। इस क्रम में उन्होंने कहा कि वर्तमान चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है । मीडिया विभाग के सदस्यों की भूमिका चुनाव के दौरान तो महत्वपूर्ण है लेकिन चुनाव के पहले की तैयारी मीडिया विभाग से जुड़े नेताओं पर ही होती है। आज के दौर में अपनी बातों को जनता तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम मीडिया है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनावी जंग का मैदान तैयार है। जंग जीतने के लिए हर हथियार का इस्तेमाल किया जाता है।

मुख्य सचिव ने नगर निकायों को पेयजल संकट के समाधान के लिए टास्क फोर्स बनाने का दिया निर्देश

रांची। मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी नगर निकायों को पेयजल संकट के समाधान के लिए टास्क फोर्स बनाने का निर्देश दिया है। वहीं, राज्य एवं स्थानीय स्तर पर कंट्रोल रूम बना कर टोल फ्री नंबर जारी करने को कहा है, ताकि किसी जगह पानी की समस्या हो तो लोग इसके जरिये अपनी समस्या रख सकते हैं।

मुख्य सचिव ने टैंकरों से जलापूर्ति अधिक से अधिक कराने को कहा है। नये टैंकरों की खरीद के लिए जल्द टेंडर की प्रक्रिया संपन्न कराने का भी निर्देश दिया है। विगत दिनों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी ये बातें उन्होंने सभी निकायों को कही थी। मुख्य सचिव ने इसके अलावा चापाकलों की मरम्मत युद्ध स्तर पर कराने को कहा है। इसके लिए नगर विकास राशि उपलब्ध करायेगा।

राज्यभर के जलाशयों, जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उन्हें विकसित करने का भी निर्देश उन्होंने दिया है। रांची नगर निगम को जलापूर्ति के लिए अतिरिक्त 20 टैंकर और खरीद की स्वीकृति भी दी गयी है। मुख्य सचिव ने नगर विकास एवं पेयजल विभाग को आपस में समन्वय कर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा है। इसके लिए लांग टर्म एवं शॉर्ट टर्म की पेयजलापूर्ति की योजनाएं बनाने का निर्देश नगर विकास विभाग के अधिकारियों को दिया है।

झामुमो ने सीता सोरेन को दिया बहुत सम्मान, चुनावी मैदान में रिश्ता नहीं: बसंत

नवप्रदेश संवाददाता

दुमका। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के छोटे पुत्र और राज्य के मंत्री बसंत सोरेन ने अपनी भाभी सीता सोरेन पर प्रहार किया। रविवार को वे जामताड़ा पहुंचे थे, जहां उन्होंने दुमका लोकसभा सीट को लेकर रणनीति बनायी। इस दौरान उन्होंने दुमका लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन को लेकर कहा कि सीता सोरेन घर पर उनकी भाभी हैं, न कि चुनावी मैदान में। उन्होंने पार्टी और परिवार में सम्मान नहीं मिलने के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि पार्टी और परिवार ने 15 साल विधायक बनाकर सीता सोरेन को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने तीन बार उन्हें विधायक बनाया और सम्मान देने का काम किया।

दुर्गा सोरेन की मौत की सीबीआई जांच कराने की मांग पर बसंत सोरेन ने उन्हें करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन खुद तीन बार यानी की 15 साल से पार्टी की विधायक रही हैं। कभी सदन या सदन के बाहर उन्होंने सीबीआई जांच की मांग नहीं की। अब जबकि वह दूसरे दल में शामिल हो गई हैं तो वह सीबीआई जांच की मांग कर रही हैं। बसंत सोरेन ने कहा कि इसके पीछे कौन लोग हैं यह समझ सकते हैं और उनकी मंशा क्या है यह भी समझा जा सकता है। बसंत सोरेन ने गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे के बयान पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह उनका निजी बयान है। पिछले दिनों गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने दुमका में बयान दिया था कि बसंत सोरेन बहुत जल्द झामुमो छोड़ देंगे और झामुमो कई भागों में बंट जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने षडयंत्र कर हमारे नेता हेमंत सोरेन को जेल में डालने का कार्य किया है। इसका जबाब भी जनता को देना है। वहीं मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि पार्टी ने झारखंड आंदोलनकारी नलिन सोरेन को दुमका से उम्मीदवार बनाया है। जामा से प्रतिनिधित्व कर रही सीता सोरेन ने जामा की जनता का विश्वास एवं भरोसा तोड़ कर दूसरे पार्टी में शामिल हो गई है।

बूथ जीतो-चुनाव जीतो के मूल मंत्र से जीतेंगे राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटें : कर्मवीर सिंह

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। भाजपा बूथ कार्य विभाग की बैठक रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव के निमित्त सभी 14 लोकसभा के संयोजक एवं सह संयोजक उपस्थित रहे जिसमें बूथ स्तर पर चलाये जाने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं इस आम चुनाव में पन्ना प्रमुखों की भूमिका पर चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आम चुनाव 2024 में एक बार फिर से बूथ स्तर पर कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी बूथ जीतो-चुनाव जीतो के मूल मंत्र पर काम करती है और हमारे कार्यकताओं की बूथ स्तर पर सक्रियता ही हमारी ताकत है। साथ ही उन्होंने सभी से क्षेत्र में जाकर पन्ना प्रमुखों से अपनी भूमिका के निर्वहन में लग जाने की बात कही। प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहु ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकताओं की कार्यों को एक बार फिर से धरातल पर उतारने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में बूथ स्तर पर कार्यकताओं कि सक्रियता ही हमारी विशेषता है। उन्होंने कार्यकताओं से एक बार फिर बूथ स्तर पर कार्यों को धरातल पर उतारने की बात कही।

बैठक में मृत्युंजय शर्मा, चंद्रप्रकाश , जितेंद्र वर्मा सहित सभी 14 लोकसभा के संयोजक, सह - संयोजक उपस्थित थे।

खूंटी में बदला राजनीतिक समीकरण, कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है अर्जुन मुंडा को

नवप्रदेश संवाददाता

खूंटी/ रांची । खूंटी(सु) क्षेत्र में आचार संहिता लागू होते ही प्रशासनिक के साथ ही राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। एक ओर जिला प्रशासन खूंटी जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, वहीं राजनीतिक दलों द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन और कोर कमेटी की बैठकें आयोजित की जा रही है।

राजनीतिक जानकार भी मानते हैं कि जनजातियों के लिए सुरक्षित सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा के अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा के बीच ही होगा। अभी तक झारखंड पार्टी के एनोस एक्का ने अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। वैसे वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने वाली असंवैधानिक पत्थलगड़ी की नेत्री बबिता बेलोसा कच्छप भी अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर दी है, पर खूंटी क्षेत्र में इनके आने का चुनाव पर कितना प्रभाव रहेगा, यह देखना दिलचस्प होगा। जनजातीय मामलों और

केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा का मुख्य मुकाबला फिर से कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से ही है। पिछले लोकसभा चुनाव अर्जुन मुंडा 1445 मतों के अंतर से कालीचरण मुंडा को परास्त कर संसद पहुंचे थे।

लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को अपने संसदीय क्षेत्र में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। एक ओर जहां कुर्मी महतो, रौतिया, तेली आदि जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा नहीं दिये जाने से इन समुदायों से विरोध के स्वर निकलने लगे हैं, वहीं कुछ अन्य जातियों को आदिवासी का दर्जा दिये जाने से आदिवासी समुदाय में भी नाराजगी है। भाजपा विरोधी सेशल मीडिया में करन डालकर अर्जुन मुंडा को पातर समुदाय का बताकर उनकी उम्मीदवारी के विरोध को हवा देने में लगे हैं।

2019 के चुनाव में हारते-हारते जीत गये थे अर्जुन मुंडा

भाजपा की प्रचंड लहर के बाद भी अर्जुन मुंडा 2019 के चुनाव में हारते-हारते 1445 मतों से जीत गये। उस समय भी भाजपा की गुटबाजी खुलकर सामने आ गई थी। नरेंद्र मोदी की प्रचंड लहर के बावजूद अर्जुन मुंडा बहुत कम अंतर से जीत हासिल कर पाये थे। खरसावां और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी की तुलना में अर्जुन मुंडा को अच्छी खासी बढ़त मिल गई और वे किसी प्रकार चुनाव जीत गए, अन्यथा छह में से चार विधानसभा क्षेत्रों सिमडेगा, कोलेबिरा, तोरपा और खूंटी में तो कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी से अच्छी खासी बढ़त हासिल कर जीत की दहलीज पर पहुंच गए थे।

इस बार भी अर्जुन मुंडा के खिलाफ कांग्रेस के कालीचरण मुंडा ही चुनाव मैदान में हैं। इस बार भी चुनाव के पहले भाजपा की गुटबाजी की चर्चा राजनीतिक गलियारों में होने लगी है। हालांकि भाजपा नेताओं में व्याप्त गुटबाजी के बारे में पार्टी समर्थकों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर उत्पन्न इस गुटबाजी का मतदाताओं में कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि भाजपा समर्थक यहां के मतदाता हमेशा से केंद्रीय नेताओं के प्रभाव में अपना मत का प्रयोग करते रहे हैं, लेकिन फिर भी इस गुटबाजी का कहीं ना कहीं थोड़ा बहुत असर पड़ने की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा रहा है। ऐसे में गुटबाजी को पाटने के लिए भाजपा नेताओं के उदासीन रवैये पर भी सवाल उठने लगे हैं। भाजपा नेताओं का मानना है कि इस चुनाव में मोदी और राम मंदिर सब मुद्दों पर भारी है और भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जीत हासिल करेंगे।

लोकसभा चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए : सुखदेव भगत

नवप्रदेश संवादाता

रांची/लोहरदगा। लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए कांग्रेस पार्टी की बैठक जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में हुई। इसमें 2024 लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर चर्चा हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की लोकसभा कोऑर्डिनेटर प्रदीप तुलस्यान विधानसभा प्रभारी बेलस तिर्की शामिल हुए। सर्वप्रथम जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा की यहां कांग्रेस की जड़ें बहुत गहरी है यहां धीरज प्रसाद साहू तीन बार के राज्यसभा सांसद रहे हैं और डॉ रामेश्वर उरांव यहां के मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हमारी पूंजी है और कार्यकताओं के बदौलत ही लोकसभा का चुनाव जीतेंगे।यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए है।

बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपा सिर्फ झूठा वादा करती हैं परंतु कांग्रेस पार्टी जो वादा करती है उसे हर हाल में पूरा करती है।कांग्रेस पार्टी का जो घोषणा पत्र है पांच गारंटी 25 न्याय उसे कांग्रेस पार्टी हर हाल में पूरा करेंगी। प्रदीप तुलस्यान ने कहा कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की लहर है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पूरे तन मन के साथ चुनाव प्रचार में लग जाए।

एक नजर

एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025 में कैप्टिव खदानों से 40 एमएमटी कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा

रांची। भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपनी कैप्टिव खदानों से 40 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कैप्टिव कोयला उत्पादन में 17 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा। इससे वित्त वर्ष 2025 में कैप्टिव खदानों के माध्यम से कोयले की 15 प्रतिशत से अधिक आवश्यकता पूरी हो जाएगी, जिससे बिजली प्रमुख के लिए ईंधन सुरक्षा मजबूत होगी। कंपनी ने 31 मार्च के अंत तक 34.15 एमएमटी का प्रभावशाली कोयला प्रेषण हासिल किया और कोयला उत्पादन 34.38 एमएमटी रहा। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

रांची। रांची नगर निगम एवं रांची जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में रांची नगर निगम अंतर्गत रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के साथ आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय में बैठक की गई। इसमें रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के निवासियों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। रणधीर अपार्टमेंट, रातू रोड निवासी एक जागरूक मतदाता संजय कुमार ठाकुर ने तीन उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि मोरहाबादी पार्क एवं आसपास के स्थलों पर मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए। रांची नगर निगम के सभी कचरे के संग्रहण वाली गाड़ियों में मतदाता जागरूकता से संबंधित गाने अथवा अनाउंसमेंट करवाया जाए। साथ ही, मतदान के उपरांत मतदाताओं से बूथ से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया जाए। इससे भविष्य में बूथ पर मिलने वाली सुविधाओं में सुधार किया जा सकेगा। बैठक में अमित कुमार (प्रशासक, रांची नगर निगम), राहुल कुमार सिन्हा (उपायुक्त, रांची), दिनेश कुमार यादव (उप विकास आयुक्त, रांची), उत्कर्ष (अनुमंडल पदाधिकारी, रांची) एवं रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के कई लोगों ने भी भाग लिया।

रांची की मुक्ति संस्था ने 43 अज्ञात शवों का किया अंतिम संस्कार

रांची। मुक्ति संस्था की ओर से रविवार को रांची स्थित जुमार नदी के तट पर 43 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। संस्था के सदस्य रिम्स रांची के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर जुमार नदी के तट पर लेकर आए। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था द्वारा अबतक कुल 1723 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने की। मौके पर संस्था के अन्य सदस्य रवि अग्रवाल, रतन अग्रवाल, आशीष भाटिया, हरीश नागपाल, आदित्य राजगढ़िया, केवल किशोर, राजेश विजयवर्गीय, सुनील अग्रवाल, सुदर्शन अग्रवाल सहित अन्य भी उपस्थित थे।

गृह विभाग ने जिलों में विधि व्यवस्था के लिए राशि आवंटित की

रांची। राज्य के सभी जिलों में विधि-व्यवस्था के लिए गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 2.15 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। इसको लेकर गृह सचिव ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि राशि की निकासी संबंधित जिला कोषागार से की जायेगी। किस जिले में कितनी राशि आवंटित : देवघर : 15 लाख, दुमका : 15 लाख, पाकुड : 04 लाख, गोड्डा : 20 लाख, साहिबगंज : 04 लाख, जामताड़ा : 04 लाख, रांची : 20 लाख, खूंटी : 05 लाख,लोहरदगा : 04 लाख, रामगढ़ : 10 लाख, बोकारो : 15 लाख, हजारीबाग : 20 लाख, कोडरमा : 05 लाख,पलामू : 04 लाख, गढ़वा : 04 लाख, लातेहार : 04 लाख, चतरा : 04 लाख, जमशेदपुर : 05 लाख,चाईबासा : 15 लाख,सिमडेगा : 05 लाख, धनबाद : 15 लाख, सरायकेला : 10 लाख, गुमला : 04 लाख, गिरिडीह : 04 लाख रुपये। कुल : 2.15 करोड़ रुपये।

तेज रफ्तार थार ने स्कूटी को रौंदा, दो की मौत

रांची। रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के आवास के समीप शनिवार रात तेज रफ्तार थार गाड़ी ने स्कूटी सवार दो युवकों को रौंद डाला। इससे घटनास्थल पर ही दोनों युवक की मौत हो गई। मृतकों में गढ़वा के कांडी निवासी अनुज कुमार शाह (25) कांके के सीएमपीडीआई निवासी अंकुश कुमार (27) की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस ने थार गाड़ी और स्कूटी को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने बताया कि स्कूटी सवार वहां से मुड़ रहे थे। इसी दौरान एसएसपी आवास की ओर से थार गाड़ी आयी और स्कूटी सवार को रौंद दिया। दोनों युवकों की मौत हो गई है। वाहन को जब्त कर लिया गया है। थार गाड़ी सवार भागने में सफल रहा है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

श्मशान घाट के शेड में ही अधेड़ ने लगा ली फांसी

रामगढ़। कोरोना काल के बाद भी आम नागरिक का जीवन पटरी पर आना अभी भी मुश्किल नजर आ रहा है। जिस तरह आम जनजीवन लगातार कठिन होता जा रहा है उससे लोग आत्महत्या करने पर विवश हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रामगढ़ के पतरातू से सामने आया यहां। रविवार को अधेड़ ने श्मशान घाट के शेड में ही फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। एनटीपीसी न्यूटाउनशिप के निकट कालीघाट स्थित श्मशान घाट के शेड में फंदे से झूलती हुई लाश देखकर लोग चौक गए। मृतक विश्वजीत राम उर्फ कारु राम (50) पीटीपीएस कॉलोनी के हनुमानगढ़ी का रहने वाले थे। पीटीपीएस के रांची हेडक्वार्टर में बतौर सफाई कर्मी कार्यरत थे। जब लोगों ने वजह जानने की कोशिश की तो पता चला कि वह बैंक का लोन नहीं चुका पा रहे थे। इस मामले की पुष्टि करते हुए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने बताया कि आम नागरिक और परिवार वाले भी इसी बात को बता रहे हैं कि कर्ज. नहीं चुका पाने की वजह से विश्वजीत लगातार तनाव में थे। घर में भी इसी बात को लेकर अक्सर विवाद हो रहा था। पुलिस को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों ने थाने में लिखित आवेदन नहीं दिया है। जब वे लिखित आवेदन देंगे, उस आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

ब्राउन शुगर के साथ एक महिला सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। रांची के जगरनाथपुर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में अमित कुमार उर्फ बबलू, सुजीत कुमार उर्फ गोलू और सोनी हेला शामिल है। इनके पास से 13 ग्राम ब्राउन शुगर, एक डिजिटल तराजू,अल्युमिनियम फाइल का तीन टुकड़ा, पांच लाइटर, टूटा हुआ एक सिगरेट, चांदी का एक ब्रेसलेट, एक ब्राउन सुगर सूंघने वाला प्लास्टिक का सफेद रंग का छोटा पाईप, ब्राउन शुगर बिक्री किया हुआ 1460 रुपया बरामद किया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी बड़का गढ़ तालाब शिव मंदिर के पास ब्राउन शुगर की खरीद बिकी की जा रही है। सूचना के बाद जगरनाथपुर थाना प्रभारी हरिदेव प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते उक्त स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में एक महिला और दो पुरुष को गिरफ्तार किया गया दोनों ने ब्राउन शुगर बेचने में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

रांची। रांची के सुखदेव नगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम मो. जुबेर उर्फ राजु देहाती, रोहित कुमार ठाकुर, सुजीत कुमार गुप्ता और तरुण कुमार पांडेय है। इनके पास से 11.5 ग्राम ब्राउन शुगर और चार मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध शराब, आग्नेयास्त्र और मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए एक टीम का गठन किया गया है। टीम को गुप्त सूचना मिली कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के न्यू मार्केट स्थित ऑटो बस स्टैंड के पास कुछ लोग प्रतिबंधित नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर को खरीद-बिक्री के लिए बिहार से लेकर आ रहे हैं। इसके बाद टीम ने चार लोगों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर मोहम्मद जुबेर पर रांची के अलग-अलग थाना में कुल 16 मामले, रोहित कुमार ठाकुर पर छह और सुजीत कुमार गुप्ता पर पांच मामले दर्ज हैं।

हटिया स्टेशन से सात नाबालिग बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। हटिया स्टेशन से पुलिस ने रविवार को सात नाबालिग बरामद किये हैं। साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पोस्ट हटिया की एएचटीयू, नन्हे फरिश्ते और रांची डिवीजन की फ्लाइंग टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है।

बताया जाता है कि हटिया स्टेशन पर बाल और मानव तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। सुबह करीब पांच बजे चेकिंग के क्रम में सात नाबालिग और तीन व्यक्ति प्लेटफार्म नंबर एक पर एस्केलेटर के नीचे ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। संदेह होने पर सभी से पूछताछ की गयी। पूछताछ में पता चला कि सात नाबालिग के साथ तीनों लोग विजयवाड़ा जाने वाली ट्रेन (ट्रेन नंबर 18637 एक्सप्रेस) पकड़ने के लिए बस से हटिया रेलवे स्टेशन आये थे।

पुलिस की पूछताछ में पकड़े गये तीन में से एक व्यक्ति सुनेश कच्छप ने बताया कि उसके गांव में ठेकेदार रियाज अंसारी का ट्रैक्टर का काम चल रहा था। वहां वह (सुनेश कच्छप) भी काम कर रहा था। बताया कि रियाज अंसारी को छह माह पहले विजयवाड़ा स्थित इलेक्ट्रिक बोर्ड बनाने वाली वायरस कंपनी में ले जाया गया। दो माह पहले वह गांव आया था। छह अप्रैल को ठेकेदार रियाज अंसारी ने उसको डाल्टेनगंज बस स्टैंड बुलाया और इन सातों नाबालिग से परिचय कराया।

सुनेश कच्छप ने बताया कि रियाज अंसारी ने उसको पांच हजार और सभी का फर्जी आधार कार्ड दिया। रियाज अंसारी ने उसे सभी नाबालिगों को अपने साथ विजयवाड़ा ले जाने को कहा, जहां रियाज पहले काम करता था। रियाज ने उसको कहा कि वहां पहुंचाने के बाद वह उसे और पांच हजार रुपये देगा। उसके कहने पर ही सभी नाबालिग को वह डाल्टेनगंज से बस से हटिया स्टेशन लेकर आया। स्टेशन से जनरल टिकट लेकर विजयवाड़ा जाने वाली ट्रेन का प्लेटफार्म नंबर एक पर इंतजार कर रहे थे।

अबकी बार 400 पार के नारे को सफल बनाने में मीडिया विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण : कर्मवीर सिंह

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश मीडिया प्रबंधन एवं मीडिया संपर्क विभाग के लोकसभावार बनाये गये संयोजक, सह-संयोजक एवं प्रदेश मीडिया प्रबंधन के सहयोगी कार्यकताओं की बैठक रविवार को प्रदेश कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव के निमित्त मीडिया प्रबंधन एवं संपर्क विभाग के लगाये गये कार्यकताओं की भूमिका पर चर्चा की गई एवं पार्टी के 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने में मीडिया प्रबंधन की भूमिका पर जोर दिया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुये प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि इस चुनाव में मीडिया प्रबंधन एवं संपर्क विभाग में लगाये गये पार्टी के कार्यकताओं की सजगता एवं तत्परता से ही हम पार्टी के 400 पार सीटों के लक्ष्य को हासिल करने में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने सभी से अपनी-अपनी जिम्मेदारी के प्रति तत्पर रहने की बात कही। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रदीप सिन्हा ने भी मीडिया प्रबंधन के कई तकनीकी बिंदुओं से कार्यकताओं को अवगत कराया।

रांची समर्पण शाखा हेल्थ चेक अप

रांची : मारवाड़ी युवा मंच रॉंची समर्पण शाखा द्वारा वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर 7 अप्रैल रविवार सुबह मोराबादी के ऑक्सीजन पार्क मैदान में हेल्थ चेक अप कैम्प लगाया गया। यह आयोजन डॉ लालपैथ लैब के सौजन्य से किया गया। चेक अप 9 बजे तक चला, जिसमें ब्लड सुगर, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड, एवं थायराइड की निःशुल्क जाँच की गई। स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला एवं संयोजिका आशा सराफ ने इस शिविर के आयोजन की तैयारियाँ की। उन्होंने बताया 70 से अधिक लोगो ने इस शिविर का लाभ उठाया और जाँच करवायी।

एक नजर

पीजी कैंपस के सभी विभागों में पीने के पानी की किल्लत: अभिषेक शुक्ला

रांची : अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा के रांची विश्वविद्यालय के पीजी वाणिज्य विभाग के भवन की स्थिति बिल्कुल दयनीय है आए दिन वहां कोई ना कोई घटना घटने की आशंका बनी रहती है लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है वहीं दूसरी ओर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपने चेंबर और मौलाना आजाद सीनेट हॉल में एनसीसीफ के दफ्तर को संवारने के लिए लगा दिए करोड़ों रुपए। वहीं पीजी के अधिकांश विभागों में वॉटर प्यूरीफायर मशीन है ही नही और जिन विभागों में वॉटर प्यूरीफायर मशीन लगा हुआ है वह निष्क्रिय अवस्था में है जिसके कारण छात्र छात्राओं को पेयजल के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा के अगर जल्द ही विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वाणिज्य विभाग के नए भवन का शिलान्यास नहीं किया गया एवं छात्र-छात्राओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं कि गई तो छात्र आजसू के सदस्य रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव एवं विश्वविद्यालय में तालाबंदी के लिए बाध्य होंगे।

रांची में अमेजन.इन पर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और पर्सनल कंप्यूटिंग प्रोडक्ट खरीदने वाले ग्राहक बढ़े

रांची : राजधानी रांची में अमेजन.इन पर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और पर्सनल कंप्यूटिंग प्रोडक्ट पसंद करने वाले ग्राहकों की विजिट साल-दर-साल आधार पर 4 गुना बढ़ी है। नो कॉस्ट ईएमआई और अमेजन पे लेटर जैसे किफायती विकल्पों के उपयोग में लगभग 25 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ, अमेजन.इन पर ग्राहकों का रुझान प्रीमियम उत्पादों के प्रति तेजी से बढ़ा है। रांची में अमेजन.इन पर नए ग्राहकों की सबसे ज्यादा रुचि हेडफोन, स्मार्टवॉच और पीसी एक्सेसरीज जैसे उत्पादों के लिए देखने को मिली।

अमेजन.इन की भारत के छोटे शहरों तक पैठ बनाने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, रांची में कुछ रुझान देखने को मिले हैं। इनमें हेडफोन, स्पीकर, लैपटॉप, कैमरा, डेस्कटॉप, पीसी एक्सेसरीज एवं कंपोनेंट्स के साथ ही वियरेबल्स जैसे प्रोडक्ट की बढ़ती मांग के बीच कस्टमर विजिट में साल-दर-साल आधार पर 4 गुना वृद्धि देखी गई है। टैबलेट के लिए ग्राहकों की विजिट में 6 गुना से अधिक की वृद्धि देखने को मिली है, जबकि मॉनिटर के लिए ग्राहकों की विजिट 5 गुना बढ़ी है। अमेजन इंडिया के कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और पर्सनल कंप्यूटिंग के डायरेक्टर निशांत सरदाना ने कहा कि उत्पादों की विशाल संग्रह के साथ-साथ किफायती कीमत और ग्राहक सुविधा प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ, हम कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक और पर्सनल कंम्यूटिंग को लेकर रांची में जोरदार ग्रोथ देख रहे हैं। इसके अलावा अमेजन.इन पर टैबलेट के लिए ग्राहकों की विजिट में 6 गुना की वृद्धि देखने को मिली है, वहीं मॉनिटर के लिए ग्राहकों की विजिट 5 गुना बढ़ी है। इन ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए, हमारा लक्ष्य है कि हम ग्राहकों को नए अनुभवों प्रदान करने के लिए और ज्यादा प्रयास करें। हमें उम्मीद है कि हमारी ये कोशिश ग्राहकों को उनकी खास जरूरतों को पूरा करने के लिए सही प्रोडक्ट और सबसे बेहतरीन ऑफर प्राप्त करने में मदद करेगा।

राधाकृष्ण मंदिर से निकाली गयी कलश यात्रा

रांची : श्री राधाकृष्ण मंदिर कृष्णा नगर कॉलोनी के तत्वधान में आज दिनांक 07/04/2024को पावन नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा निकाल कर की गई। कलश यात्रा सुबह 7:00 बजे, शिव दुर्गा मन्दिर(मेट्रो गली के सामने) से आरंभ हुई। 108 महिलाओं द्वारा कलश उठाई गई एवं मां की जीवित झांकी भी निकाल गई । श्री दुर्गा जागरण मंडली के केसर पपनेजा मनोज किंगर पवन मनुज चंदन सिडाना श्रीमती ज्योति अरोड़ा एवं श्री दुर्गा जागरण मंडली के अन्य कलाकारों की अगुवाई में भजन कीर्तन करते हुए कलश यात्रा की शोभा बढ़ाई गई।भजन कीर्तन करते हुए कलश यात्रा सर्वप्रथम हरी ओम मंदिर एवं शनि मंदिर से गुजरी जहां संयुक्त रूप से पुजारियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। फिर भक्ति चौक में प्रसाद वितरण कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। बहावलपुरी पंजाबी समाज द्वारा पुष्प वर्षा एवं जल सेवा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। शिव बारात आयोजन समिति द्वारा भी मेट्रो गली में कलश यात्रा का स्वागत किया गया। राधा कृष्ण मंदिर पहुंचने से पहले झंडा चौक में भी कलश यात्रा का भरपूर स्वागत एवं सत्कार किया गया। श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने यह जानकारी दी कि सोमवार को संध्या 4:00 बजे से सुन्दर काण्ड का सामूहिक पाठ मन्दिर प्रांगण में होगा। नवरात्र के दिनों में श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ 9/04/2024 से 17/04/2024 तक प्रातः 7:00 बजे से 10:00 बजे तक होगी। महाअष्टमी के दिनांक 16/04/24 रात्रि 9:00 बजे से 1008 ज्योत प्रज्वलित की जायेगी और भजन - कीर्तन का कार्यक्रम रात्रि 11:00 बजे तक होगा। रविवार 17/4/24 को रामनवमी के पावन अवसर पर सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक राधा कृष्ण मंदिर में भजन कीर्तन का कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। दशमी के दिन सुबह 10:00 बजे से हवन एवं ज्योत विसर्जन का कार्यक्रम होगा।

आज के इस कलश यात्रा में राधा कृष्ण मंदिर के प्रधान मनोहर लाल जसुजा, मुखी राधेश्याम किंगर, चन्द्रभान तलेजा, केसर पपनेजा, नन्द किशोर अरोड़ा हरीश अरोड़ा गोपाल दास सरदाना, नन्द किशोर अरोड़ा, निखिल घेई, हरीश मनुजा, किशोरी पपनेजा, किशोरी मुंजाल, अरुण जसुजा,रौनक मिढा, सुनील कटारिया, विनीत अरोड़ा गौरी शंकर मादनपोत्रा, विकास घई, रोहित तलेजा, गौरव किंगर, हरीश मनुजा, नरेश अरोड़ा विशाल अरोड़ा देवराज मनुजा, मुकेश सिडाना, नरेश खत्री विनीत अरोरा, भरत मुंजाल, पंकज मल्होत्रा, जिम्मी अरोड़ा, गगन अरोड़ा, जगदीश घेई, विशाल मल्होत्रा, श्रीमती शशि किंगर, पूनम तलेजा, किरण अरोड़ा, रीना सिडाना, संगीता मिड्ढा, रूबी अरोड़ा, रश्मि काठपाल, पलक मिढ़ा, पूजा जसूजा, कौशल्या देवी, किरण अरोड़ा, जानकी देवी जसूजा, कामना खत्री, चेतना सिडाना, पूजा जसूजा, बबीता पपनेजा, अनु आनंद एवं समाज के अन्य लोग उपस्थित हुए।

जनता की आंख में धूल झोंक रहे भाजपा-कांग्रेस : नायक

रांची : झारखंडी जनता के बुनियादी सवालों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा- झामुमो-कांग्रेस के नेता आरोप प्रत्यारोप की राजनीति कर झारखंड की भोली भाली जनता के आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं। उपरोक्त बातें आज संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड छत्तीसगढ़ के प्रभारी विजय शंकर नायक ने इन नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप करने की राजनीति पर अपनी प्रतिक्रिया में उक्त बातें कही। इन्होंने आगे कहा कि ये तीनों पार्टी के नेता सुपवा दूसे चलनिया को की राजनीति कर जनता के बुनियादी सवालों से ध्यान भटका रहे हैं, जिससे झारखंडी समाज एवं झारखंड के दलित आदिवासी मूलवासी तथा दबे कुचले वर्ग के लोगों का भला नहीं होने वाला है। नायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को अपने 15 वर्ष के कार्यकाल के बारे में जनता को बताना चाहिए कि उसने झारखंड की जनता के हितो तथा उनके बुनियादी सवालों पर कितनी गंभीरता पूर्वक कार्य करने का काम किया है, साथ ही साथ झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार के नेता को यह बताना चाहिए कि इन 4 वर्षों में झारखंडी जनता के बुनियादी सवालों को कितना प्रमुखता से उनके सवालों को समाधान करने का काम किया।

आदित्य विक्रम ने चलाया चुटिया में जनसंपर्क अभियान एवं बाटे 5 न्याय- 25 गारंटी कार्ड

रांची। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने रविवार को कांग्रेस पार्टी का 05 न्याय 25 गारंटी, घर-घर गारंटी अभियान की शुरूआत चुटिया से की। इस दौरान आदित्य विक्रम व पार्टी के कार्यकताओं ने चुटिया वार्ड 14 के सरदार गली, भट्टी टोला, साहू टोली में पदयात्रा कर आमजनों की समस्याओं को सुनते हुए गारंटी कार्ड भरा।

आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि इस अभियान के तहत मैं और पार्टी के हर एक लोग पांच न्याय और 25 गारंटी वाला कार्ड घर-घर जाकर भरेंगे एवं वितरित करेंगे। यह जुमला वाली गारंटी नहीं यह धरातल एवं असलियत वाली गारंटी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो-जो वादे कर सत्ता में आये थे, उसे पूरा नहीं किया। यही वजह है कि वे इन सवालो को लेकर मीडिया के सामने नहीं आते एवं उनके सवालों का जवाब नहीं देते। हमारे नेता राहुल गांधी ने जनता को दी गयी कांग्रेस की गारंटी को घर-घर पहुंचाने को कहा है, यह झारखंड में पूरा किया जाएगा। हम वोट मांगने नहीं बल्कि लोगों को उनके हक की गारंटी देने के लिए घर-घर जाएंगे।

आदित्य विक्रम ने बताया कि युवाओं को न्याय, नारी को न्याय, किसानों को न्याय, श्रमिकों को न्याय और हिस्सेदारी की न्याय, इन पांच न्याय को 25 गारंटी में बांटने का काम किया है।

इस अवसर पर कृष्णा सहाय, संजीव महतो, अनिल सिंह, मनोज राम, अंशुमाला टोप्पो, उर्मिला देवी, रजनी लिंडा, रेणु कच्छप, रवि सिंह, विवेक धान, प्रदुमन यादव, पप्पू सिंह आदि लोग मौजूद थे।

राज्य के श्रम रोजगार उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता से कैलाश यादव ने मुलाकात कर एचईसी कर्मियों के मामले से अवगत कराया, मंत्री ने कहा

श्रमिकों का मामला अत्यंत गंभीर शोषण बर्दास्त नही किया जाएगा

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। रविवार को को राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी एवं एचईसी शहीद विश्वनाथ शाहदेव नागरिक संघ के अध्यक्ष कैलाश यादव ने एचईसी कर्मचारियों के 22 माह का बकाया वेतन, नियमित वेतन करने एवं ठेका सप्लाई कर्मियों को प्लांट में प्रवेश कर पूर्व की तरह कार्य करने संबंधित अन्य ज्वलंत मामले को लेकर झारखण्ड सरकार में श्रम नियोजन प्रशिक्षण कौशल विकास एवं उद्योग मंत्री व राजद नेता सत्यानंद भोक्ता से उनके आवास पर मुलाकात कर अवगत करवाया।

यादव ने राजद कोटे से मंत्री सत्यानंद भोक्ता से कहा कि राजद सुप्रीमों मजदूरों, किसानों के सदैव हितैषी रहें हैं, विदित है कि एचईसी प्रबंधन श्रम कानून का निरंतर उलंघन कर विगत 2' वर्षो से मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार कर शोषण के साथ अनदेखी कर रहा है, लगभग 2' वर्षो से वेतन नियमित नही है, रिटायरकर्मियों का तमाम भुगतान,विस्थापित सहित आवासीय क्षेत्रों के कई गंभीर समस्या लंबित है । एचईसी प्रबंधन बीजेपी के इशारों पर हमेशा नजरंदाज कर रहा है, यहां का स्थानीय सांसद संजय विधायक नवीन जायसवाल ने संघर्ष कर रहे मजदूरों को झूठा आश्वासन देकर वर्षो बेवकूफ बनाने का काम किया है। इसलिए अब पहल करने में जरा भी देर हुई तो मजदूरों का हालत ज्यादा दयनीय हो जायेगा।

इस संदर्भ में श्रम नियोजन उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कैलाश यादव से कहा की एचईसी के श्रमिकों का मामला अत्यंत गंभीर विषय है, इस विषय को हम गहराई से देखेंगे, मजदूरों का शोषण बर्दास्त नही किया जाएगा और किसी भी हाल में एचईसी को श्रम कानून का पालन करना होगा। आप सभी राजद शिष्टमंडल के लोग कल प्रबंधन से मिलकर कर मुझे रिपोर्ट कीजिए उसके बाद हम कड़ा रुख अख्तियार करेंगे। मुलाकात के दौरान राजद महासचिव कैलाश यादव के साथ रामकुमार यादव मौजूद थे।

वर्ल्ड हेल्थ डे पर पारस अस्पताल ने साइक्लोथॉन का किया आयोजन

रांची: वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर पारस अस्पताल ग्रुप ने रविवार को साइक्लोथॉन का आयोजन किया। लोगों में अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया। इसी क्रम में रांची के एचइसी स्थित पारस अस्पताल की ओर से भी साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस साइक्लोथॉन में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। साइक्लोथॉन के तहत 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर तक साइकिल चलाना था, इसमें लोगों ने बड़े ही जोश के साथ हिस्सा लिया। साइक्लोथॉन में 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर तक साइकिल चलाने वाले विजेताओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। साइक्लोथॉन में शामिल होने वालों के बीच जुंबा करवाया गया। इसके अलावा अच्छे स्वास्थ्य के लिए इससे जुड़े एक्सरसाइज भी कराये गये। अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लोगों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर पारस अस्पताल के डॉ नीतेश कुमार ने वर्ल्ड हेल्थ डे पर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि काम काज के दौरान लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखते हैं। सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। रेगुलर डॉक्टरों से जांच कराये। उनसे सलाह लेते रहे, ताकि कोई बड़ी बीमारी नही हो। अगर हो तो सही समय पर उसका इलाज किया जा सके। अच्छा खाना और एक्सरसाइज करना चाहिए। काम के दौरान समय निकाल कर नियमित रूप से एक्सरसाइज करना चाहिए।

डॉ नीतेश ने कहा कि हर साल दुनिया भर में सात अप्रैल के दिन को विश्व स्वास्थ्य दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

इस दिन को मनाने का उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। आज के समय में खराब खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल के चलते कम उम्र में ही लोग कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसी कड़ी में हर साल आज यानी सात अप्रैल के दिन वर्ल्ड हेल्थ डे के मौके पर पारस अस्पताल ग्रुप साइक्लोथॉन का आयोजन कर लोगों को स्वस्थ रहना क्यों जरूरी है, लोगों को इसका महत्व समझाया जाता है।

रांची के ऐतिहासिक जामा मस्जिद में खत्म ए तरावीह में शामिल हुए डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम

जमीयतुल कुरैश पंचायत समाज में बेहतर काम कर रही है: नौशाद आलम

रांची। रांची शहर के सबसे पुरानी और ऐतिहासिक मस्जिदों में से एक जामा मस्जिद कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला में बरसों से चली आ रही परंपरा के तहत इस साल भी माहे रमजान के मुबारक महीने के 27वीं रमजानुल मुबारक के दिन खत्म ए तरावीह के मौके पर जलसा आयोजित किया गया। इस मौके पर जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला के अंतर्गत संचालित जामा मस्जिद कुरैशी मुहल्ला में खत्म ए तरावीह के मौके पर डीआईजी कार्मिक झारखंड नौशाद आलम भी उपस्थित हुए । उन्होंने मौके पर इशा और तरावीह की नमाज इसी मस्जिद में अदा किया। तरावीह की नमाज के बाद बरसों पुरानी एतिहासिक परंपरा के तहत जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली के माध्यम से नजराना की राशि इमाम,व मुअज्जिन ,नायब मुअज्जिन के बीच पेश किया गया। आवाम के ताउन से करीब एक लाख उन्नासी हजार राशि एकत्रित किया गया। जिसमें जामा मस्जिद कुरैशी मुहल्ला में तरावीह की नमाज पढ़ाते चले आ रहे हाफिज कैसर को एक लाख एकावन सौ रुपए मात्र नजराना डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम के हाथों पेश किया गया, जामा मस्जिद के इमाम ओ खतिब मंजूर हसन बरकाती को झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के हाथों करीब छत्तीस हजार रुपए नजराना के तौर पर दिया गया। मुअज्जिन हाफिज शाहीद रजा को जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली के सदर गुलाम गौस कुरैशी ने छब्बीस हजार और नायब मुअज्जिन महबूब मियां को जमीयतुल कुरैश पंचायत के पूर्व सदर फिरोज कुरैशी के हाथों बारह हजार रुपए नजराना पेश किया गया। इस मौके पर सभी को वस्त्र भी दिया गया। इनके अलावा मस्जिद में इतेकाफ पर बैठे सभी साथी गण को शाफा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने जामा मस्जिद कुरैशी मुहल्ला में खचाखच भीड़ को संबोधित करते हुए अपने तकरीर में कहा कि जमीयतुल कुरैश पंचायत बहुत पुरानी और सामाजिक संस्थान है और इनका अपना एक इतिहास है। सामूहिकता में एकता और इसी में ताकत है और यह काम जमीयतुल कुरैश पंचायत बाखूबी करती चली आ रही है। मैं जहां कहीं भी कार्यक्रम में जाता हूं तो जमीयतुल कुरैश पंचायत की तारीफ हर जगह सुनने को मिलती है। ऐसे समाज में शामिल होने में मुझे फक्र महसूस होता है। इतना ही नहीं डीआईजी ने कहा हम सभी अदम और हव्वा के संतान हैं कुरान में इसका जिक्र है, वहीं आदमी हव्वा का जिक्र बाइबल में एडम और इवी के रुप में हुआ है और मनुस्मृति में स्वायंभुव मनु और प्रथम स्त्री थी शतरूपा के रूप में जाना जाता है,कहने का अर्थ यही है हम-सब का मालिक एक है और सबको मिलजुलकर रहना चाहिए। किसी के बहकावे में आने से समाज को नुक्सान होता है। वहीं हाफि ज कैसर और हाफिज आशिक ने अपनी दिलकश आवाज से नात शरीफ पढ़कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। मंजूर हसन बरकाती ने भी कम समय में अपने जज्बात भरे तकरीर से लोगों का बांधे रखा। मंच संचालन जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटाटोली के सरपरस्त नौशाद कुरैशी ने किया। सहयोगी सदस्यों में आफताब कुरैशी, सोनू कुरैशी, जमीयतुल कुरैश पंचायत के महासचिव परवेज कुरैशी, उपाध्यक्ष अफरोज लड्डन कुरैशी , बब्लू कुरैशी, मुस्तफा कुरैशी, बारिक, हाजी अजीम कुरैशी, युनूस कुरैशी, हाजी मिन्हाज , साजिद,गुलाम रसूल कुरैशी, नौशाद खान, फिरोज खान, जुल्फी कुरैशी, आमिर कुरैशी, तजमुल कुरैशी, खलील कुरैशी, बशीर कुरैशी, जाबिर कुरैशी, मुनाज कुरैशी,कौशर कुरैशी,हकीम , गफ्फार खान, मुन्ना कुरैशी, फरहाद कुरैशी, आशिक कुरैशी, आमिल, कामिल, सदाम मिट्ठू एवं कुरैशी मुहल्ला, इदरीश कालोनी , गढ़ा टोली,राजा कालोनी, सुल्तान लेन सहित विभिन्न मुहल्लों के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

रातू में सरहुल पूर्व संध्या का भव्य आयोजन

आदिवासियो का चलना ही नृत्य व बोलना ही संगीत है : राजकुमारी माधुरी मंजरी देवी

नवप्रदेश संवाददाता

रातू। आदिवासियो का चलना ही नृत्य है और बोलना ही संगीत ।यह बात पुरी तरह सिद्ध होता है क्योकि जिस तरह आदिवासी अपने पारंपरिक वेष भुषा में अपनी पहचान बना अपनी प्रतिभा प्रर्दशित करते है वह अदभुत है ।यह बात राजकुमारी माधुरी मंजरी देवी ने कही ।माधुरी मंजरी रविवार को रातू किला स्थित मैदान में आयोजित सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी ।आगे उन्होने कहा कि हमें अपनी परंपरा बचाए रखने के लिए इस तरह के आयोजन की आवश्यकता है ।हम प्रकृति के पूजक है हम आदिवासी बिना मोल भाव के प्यार से सब दे देते है ।कार्यक्रम को पूर्व डिप्टी मेयर रांची अजय नाथ शाहदेव ने भी संबोधित करते हुए कि झारखंड आदिवासियो की पहचान है ।झारखंड में प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है आज आदिवासी भी वन की रक्षा के लिए सबसे पहले तैयार रहते है ।सरहुल भी प्रकृति पर्व है इसमें हम मां सरना की पूजा करते है ।आदिवासियो ने ही हमें प्रकृति पूजने की परंपरा दी। पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव ने कहा कि जिस तरह इतने दुर से आकर आदिवासी भाई बहने अपने पारंपरिक वेश भुषा में खराब मौसम होने के बावजुद नृत्य में मग्न है वह अदभुत है ।हम प्रकृति पूजक है हमें अपने पूर्वजो की बनाई परंपरा को बनाए रखना होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन महाराजा की पुत्री माधुरी मंजरी,अजय नाथ शाहदेव,मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व सुबोध कांत सहाय ने दीप प्रज्वलित कर किया ।कार्यक्रम में अपनी पारम्परिक वेष-भुषा में आए खोड़हाधारियों ने जमकर सरहुल गीत में नृत्य प्रस्तुत किया। अतिथियों ने सभी खोड़हा के पाहन को मांदर देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में असम, छतीसगढ सहित रांची जिला के बेड़ो, लापुंग, चान्हो, मांडर, ईटकी, नगड़ी, रातू, बुढ़मू आदी प्रखंडो के खोड़हाधारी शामिल हुए ।कार्यक्रम को सफल बनाने में कुशल उरांव,सोमनाथ उरांव,हुसे उरांव,तुलसी उरांव,सीमा देवी,छोटू उरांव,प्रेम उरांव, राज उरांव,सोनी कच्छप, चारे भगत,अमित तिवारी,आशीष गोप,पुनम लिंडा,रवि उरांव,ज्योति भगत,नमिता उरांव,जयश्री कुमारी, सरिता उरांव, मनीष मुंडा, संदीप लकडा,सुबोध साहु,सुशील पांडेय,सीताराम साहु व प्रतिमा बाड़ा की मुख्य भुमिका थी।

शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लें सभी मतदाता: कुमुद झा

खूंटी(हि.स.)। मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर रविवार को प्रखंड के सभी गांवों में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। बीडीओ कुमुद कुमार झा ने तोरपा, बांसटोली में चुनाव पाठशाला में शामिल होकर लोगों को मतदान के महत्त्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र में लोगों को मिला हुआ सबसे बड़ा अधिकार है। इस अधिकार का प्रयोग मतदाता अवश्य करें। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि आपके मतदान से देश की सरकार बनती है। इसलिए मतदान अवश्य करें। उन्होंने मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

97 वर्ष की मगदली तोपनो घर पर करेंगी मतदान

तोरपा बांसटोली गांव की रहनेवाली 97 वर्षीय महिला मगदली तोपनो अपने घर पर मतदान करेंगी। वह बीमार हैं तथा बेड पर पड़ी है। कही आनेजाने से असमर्थ है। चुनाव पाठशाला के दौरान बीडीओ कुमुद झा को मगदली के बारे में पता चला। बीडीओ उसके घर गये और वहां मगदली ने मतदान करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने अनुरोध किया कि किसी तरह उसका मतदान हो जाये। बीडीओ ने उसे आश्वासन दिया कि उनका मतदान घर पर ही कराया जायेगा। बीडीओ ने मगदली की सराहना करते हुए कहा कि मतदान के प्रति उनकी जागरूकता अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणा का काम करेंगी, वो एक रोल मॉडल है।

पद्मश्री मुकुंद नायक ने किया केंद्रीय मंडा पूजा समिति का गठन

रांची: रविवार को केंद्रीय मंडा पूजा समिति, झारखंड की एक आम बैठक चुटिया स्थित सुशीला पैलेस, प्रगति पथ में पद्मश्री मुकुंद नायक की अध्यक्षता में हुई. इसमें कई विषयों पर चर्चा कर नई कार्यकारिणी का गठन विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए मंडा पूजा समिति का गठन किया गया. मुख्य संरक्षकः पद्मश्री मुकुद नायक, संरक्षकः सर्वश्री स्वामी देवेंद्र प्रकाश, मदन केसरी, बबलू मुंडा, मनपुर नायक, राधेश्याम केसरी, कैलाश केसरी, राम लखन महतो, जैलेंद्र महतो, मनोज पांडे संयोजकः मुनेश्वर साहू सहसंयोजकः प्रमोद गोप, अध्यक्षः राजकुमार महतो, कार्यकारी अध्यक्षः जितेंद्र साहू, रवि गोप, अरविंद स्वांसी, वरीय उपाध्यक्षः अजय साहू, भोला चौधरी, सरवन गोप उपाध्यक्षः राम ओहदार, रामपदो महतो, शंकर सिंह मुंडा, दिवाकर प्रसाद, विगना महतो, दीपक सिंह, दीनू उरांव, सोमा उरांव, कुंदरु उरांव, महेश नारायण, हेमंत लोहार, महावीर साहू, मनोहर सिंह, करुन गोप, राजू लाल, रमेश, शुकल महतो, दिलरंजन साहू, महामंत्रीः उदय कुमार, मंत्रीः उत्तम कुमार गोप, करम सिंह मुंडा, सेंकी सिंह, कृष्ण गोप, राजेंद्र महतो, विक्की कुमार साहू, कुलदीप उरांव, संदीप नायक, आनंद महतो, प्रदीप तिर्की, प्रमोद साहू, सूरत राय, बालू महतो, गोवर्धन बैठा, प्रदीप साहू, कोषाध्यक्षः विश्वजीत गोप (बिहारी) सह कोषाध्यक्षः दिनेश नायक प्रचार मंत्रीः विक्रम साहू, अमित केसरी कार्यालय प्रभारीः मनोज गोप चुन्नू कार्यकारिणी सदस्यः धनंजय सिंह, राजेंद्र केसरी, धर्मेंद्र सोनी, महावीर रजक, रणजीत राम, अमित साहू, तपन महतो, सुमित महतो, आयुष कुमार, विजय गोप, सकलदीप सिंह को चुना गया.

पेस्टालॉजी चिल्ड्रन एजुकेशन सोसायटी के चार बच्चों का वाइनबर्ग एलन स्कूल मसूरी के लिए हुआ चयन

दो वर्षों में हर छात्र का मिलेगी 64 लाख रुपये की छात्रवृत्ति

खूंटी(हि.स.)। जनजाति बहुल खूंटी क्षेत्र में गरीबों और बेसहारा बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही जानीमानी संस्था पेस्टालॉजी चिल्ड्रन एजुकेशन सोसायटी के चार बच्चों का चयन मसूरी उत्तराखंड के प्रतिष्ठित वाइनबर्ग एलन स्कूल में हुआ है। दो वर्षों में हर छात्र को 64 लाख रु की छात्रवृत्ति मिलेगी। इस आशय की जानकारी एसजीवीएस अस्पताल अनिगड़ा में रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्थान की सस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी गायत्री सिंह, सचिव सुनील कुमार सिंह और संयुक्त सचिव डॉ निर्मल सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में तीन छात्राएं और एक छात्र शामिल है। उन्होंने बताया कि पद्मभूषण कड़िया मुंडा जो संस्था के अध्यक्ष भी हैं के मार्गदर्शन में संस्था का संचालन किया जाता है। यह सर्वांगीण विकास संस्थान की सहयोगी संस्था है। संस्था का उद्देश्य गरीब और समाज के वंचित तथा बेसहारा बच्चों को उच्च शिक्षा देकर उन्हें समृद्ध बनाना खासकर महिला शिक्षा को बढ़ावा देना है। जिन बच्चों का चयन वाइनबर्ग एलन स्कूल में हुआ है, उनमें तोरपा खूंटी की साक्षी कुमारी, मुरहू के प्रकाश महतो, हजारीबाग की सोनी कुमारी और हजारीबाग की ही नंदनी कुमारी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि पेस्टोलॉजी चिल्ड्रन एजुकेशन सोसाइटी की स्थापना 2017 में हुई थी। क्षेत्र में गरीब और वंचित बच्चों के लिए आशा के किरण के रूप में यह संस्था स्थापित हुई है। संस्था का मुख्य उद्देश्य भी बच्चे हैं, जो शिक्षा में गहरी रुचि रखते हैं, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, उन्हें शिक्षित करना और उनकी देखभाल और पोषण करना है।

गायत्री सिंह ने कहा कि विश्व में सफलता के लिए बच्चों को आवश्यक साधनों और ज्ञान के साथ सशक्त बनाना जरूरी है। हर बच्चे को अपनी आर्थिक स्थिति से भिन्न उच्च गुणवत्ता की शिक्षा पाने का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने बताया कि संस्थान में इस समय 62 बच्चे हैं, जो स्कूल और कॉलेज में पढ़ रहे हैं। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्थान के अध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा का समर्थन और मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहा है।

डालसा ने किया खूंटी जेल में योगा सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

खूंटी(हि.स.) । झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को उपकार खूंटी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डालसा की ओर से योगा सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि उपकारा में रहने, खाने की साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अच्छा स्वास्थ्य सिर्फ कैदी के लिए ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति, हम सबके लिए बहुत जरूरी है। अच्छे

स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बहुत पहले से (वर्ल्ड हेल्थ डे) यानी विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल सात अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया जाता है। पहला विश्व स्वास्थ्य दिवस सात अप्रैल 1950 को मनाया गया था। तभी से इस दिन हर साल नई थीम के साथ दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें लंबे और स्वस्थ जीवन जीने के लिए अपने जीवन में योगा को शामिल करना अति आवश्यक है। मौके पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक के साथ-साथ जेल में कैदियों को योगा भी कराया गया, जिसमें लगभग 150 पुरुष कैदी और 18 महिला कैदियों ने भाग लिया।

नौ युवकों ने तीन घंटे में बनई नदी पर बनाया बोरी बांध

खूंटी। नदी बचाओ अभियान के तहत रविवार को मुरहू प्रखंड के कोड़ाकेल गांव के मात्र नौ युवाओं ने तीन घंटे तक श्रमदान कर बनई नदी पर बोरीबांध का निर्माण कर दिया। इससे नदी में तेजी से जल संचयन होने लगा है। ज्ञात हो कोड़ाकेल गांव का युवा किसान सकलदीप महतो हर वर्ष कोड़ाकेल और कोठाटोली के सीमान पर 14 एकड़ में सब्जी की खेती करता है।

नदी बचाओ अभियान से प्रभावित होकर सकलदीप महतो द्वारा बनई नदी के कुछ हिस्से में पक्का बांध बनाया गया है। इसके बावजूद अप्रैल महीने में नदी का जलस्तर घट गया। उसकी फसलों के सूखने की नौबत आ गई। इस परिस्थिति में सकलदीप ने कोठाटोली गांव के युवक जो उनके खेतों में भी काम करते हैं, के साथ मिलकर रविवार की सुबह श्रमदान के माध्यम से बनई नदी पर बोरीबांध का निर्माण किया।

सहलदीप महतो ने बताया कि सरकार की ओर से उसके खेतों की सिंचाई के लिए सोलर इरिगेशन सिस्टम का अधिष्ठापन किया गया है, लेकिन नदी के सूख जाने के कारण खेतों में लगी फसलें भी सूखने लगी थीं। इस कारण उसने नदी बचाओ अभियान का हिस्सा बनकर बोरीबांध बनाने का काम किया।

एक नजर

रांची ग्रामीण जिला में पांच सौ स्थानो में रामोत्सव

रातू प्रतिनिधि। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल रांची ग्रामीण जिला के तत्वाधान में रविवार को विंध्यवासिनी नगर में जिला बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में आठ प्रखंड के कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में रामोत्सव कार्यक्रम के लिए बने बैनर वितरण कर सभी 194 पंचायत में धूमधाम से रामोत्सव मनाने की योजना बनी। साथ ही आगामी प्रशिक्षण वर्ग में सभी प्रखंड से कार्यकर्त्ता भेजने की बात हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में विहित प्रांत सहमंत्री श्रीमान रंगनाथ महतो ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पंचायत स्तर तक रामोत्सव कार्यक्रम करना है। रामोत्सव कार्यक्रम के संबंध में कार्यकत्ताओं को बताया कि त्रेतायुग में जो कार्य राम जी ने किया था वही कार्य आज विश्व हिन्दू परिषद के देव तुल्य कार्यकर्ता कर रहे हैं। इसके लिए हमें गांव-गांव में कार्यकत्ताओं की फौज खड़ी करनी होगी। बैठक में विभाग सह संगठन मंत्री कल्याण श्यामल,जिला कार्याध्यक्ष रामवृक्ष महतो, जिला मंत्री रोबिन कुमार, जिला सह मंत्री लाल लोकनाथ शाहदेव, जिला संयोजक विनोद विश्वकर्मा, जिला मिलन केंद्र प्रमुख गुलाब सिंह, जिला सेवा प्रमुख अनिल यादव,ज्योति कुमार, विवेकानंद प्रजापति, रामप्रसाद मुंडा, बजरंग सिंह, कुंवर साहू, सरजू साहू, बैजनाथ महतो, दिनेश मिश्रा, राहुल सिंह, संजीत सिंह, विशेश्वर महतो, रामदेव महतो, शर्मा महतो, अमित लोहरा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नई तकनीकों और विधियों से अपडेट हो शिक्षक



अनगड़ा। जेडी नेशनल बीएड कालेज अनगड़ा में दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय 'इन्नोवेटिव टीचिंग टेक्निक्स इन टीचर एजुकेशनथा ।अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य व संचालन व्याख्याता विनीता कोनगाड़ी ने किया। कार्यशाला में शिक्षकों को नई-नई विधियों और तकनीकों से परिचित कराया गया। पहले दिन मुख्य अतिथि जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी की पूर्व डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ कमला वशिष्ठ, विशिष्ट अतिथि सांईनाथ यूनिवर्सिटी रांची के एसोसिएट डीन एकेडमिक डॉ आनंद मोय और डॉ एस राधाकृष्णन, कालेज आफ एजुकेशन चास, बोकारो की प्रिंसिपल डॉ गायत्री कुमारी व कालेज की सचिव जेडी सिंह उपस्थित थे। एकेडमिक इंचार्ज प्रियंका जायसवाल ने कालेज की गतिविधियों की जानकारी दी। प्रोफेसर डॉ कमला वशिष्ठ ने फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो आनन्द मोय, डॉ गायत्री कुमारी व सचिव जेडी सिंह ने भी अपने विचार रखे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांईनाथ यूनिवर्सिटी की बीएड विभाग की प्रिंसिपल डॉ तबस्सुम खातून और विशिष्ट अतिथि वाईबीएन यूनिवर्सिटी के डीन एकेडेमिक डॉ अर्पना शर्मा का स्वागत ट्रस्टी स्मृति कटियार ने किया। कार्यक्रम में रांची के विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण कालेजों के व्याख्यातागण और प्राचार्यों शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन हीरालाल यादव और डॉ ठाकुर अरूणिमा सिंह ने किया। इस अवसर पर कालेज के व्याख्याता सुनीता कुमारी, राजकुमार महतो, प्रिति प्रिया, चुमकी राय, अमरजीत कुमार, रशिकन कन्डुलना, विजय बहादुर, इन्द्र पाल, पवन कुमार गुप्ता सहित सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

रामनवमी मेला समिति नगड़ू के अध्यक्ष बने फुलेन्द्र

अनगड़ा । रामनवमी मेला समिति सिमराटांड़ नगड़ू द्वारा रविवार को रामनवमी मेला के आयोजन को लेकर एक बैठक हुई ।अध्यक्षता चंद्रदेव महतो ने किया। बैठक में मेला के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। इसके सफल आयोजन को लेकर सर्व सम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया। गठित कमेटी में अध्यक्ष फूलेंद्र महतो,उपाध्यक्ष प्रितम महतो, सचिव दिनेश महतो, उप सचिव मुकेश पहान, कोषाध्यक्ष नकुल महतो, उप कोषाध्यक्ष नागेश्वर भोगता को चुना गया है। बैठक में कमलनाथ महतो, चंद्रदेव महतो, देवचरण महतो, वंशीधर महतो, तीर्थनाथ महतो, अगमलाल महतो, रिबू महतो शंकर महतो लखीराम महतो, केश्वर कुमार, पारस महतो, दिनेश महतो आदि उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

खूंटी(हि.स.)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। डीसी ने निर्देश दिया कि अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री और राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कारवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें। संबंधित एफएसटी टीमों द्वारा तोरपा के कर्रा मोड, अड़की, कर्रा, और मुरहू के विभिन्न स्थानों पर भी सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिनियुक्त उड़न दस्ता दल (एफएसटी) सभी छोटे-बड़े वाहनों की तलाशी लीग गई। वाहनों से संबंधित दस्तावेज की भी जांच की गई, ताकि वाहनों के माध्यम से अवैध सामानों के लाने ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके।

राष्ट्रीय एकता अभियान का दावत ए इफ्तार आयोजित

माह ए रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है: सुबोधकांत सहाय

रांची। राष्ट्रीय एकता अभियान द्वारा मिलन पैलेस (क्लब रोड) रांची में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन रविवार शाम को किया गया। जिसमें मौजूद रोजेदारों ने अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। कार्यक्रम में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली। कांग्रेस के सभी बड़े नेता समेत हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्म के गणमान्य शामिल हुए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि माह ए रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है। हमें मिल जुलकर सभी त्योहार मनाना चाहिए और हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। सामूहिक इफ्तार से आपसी मोहब्बत और भाईचारा का माहौल बनता है। इस मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राष्ट्रीय एकता अभियान के महासचिव सुनील सहाय, अनादि ब्रह्म, राकेश सिन्हा,विनय सिंह दीपू, आलोक कुमार दुबे, राजेश गुप्ता छोटू, शहजादा अनवर,सुरेंद्र सिंह, दीपक लाल, रोहित सिन्हा,सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकील उर रहमान, झारखंड मुस्लिम मजलिस मुशाविरत के कनवीनर खुर्शीद हसन रूमी, मस्जिद जफरिया के इमाम मौलाना तहजीब उल हसन रिजवी, नजर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष जहांगीर, वार्ड 23 के पार्षद उम्मीदवार खालिद उमर झामुमो नेता अंतु तिर्की, अंजुमन के पूर्व अध्यक्ष इबरार अहमद, केबी अकेडमी के निदेशक डॉक्टर असलम परवेज, सैयद नेहाल अहमद, सर्व धर्म सद्भावना समिति के अध्यक्ष मो इस्लाम, कांग्रेस के सीनियर लीडर मंजूर अहमद अंसारी, अनवार अहमद अंसारी इरबा, नफीसुल आविदीन, मो नसीम, मुख्तार खान लालू, औरंजेब खान, एडवोकेट मासूम खान, एडवोकेट मुमताज खान, समाजसेवी खालिद उमर, मो फारूक, समेत शहर और आसपास के गणमान्य काफी संख्या में उपस्थित थे।

मोदी मुद्दा की बात नहीं करते, 400की पार की बात बतियाते हैं : तेजस्वी यादव

पश्चिम चंपारण (बगहा)। बिहार में 17 साल से एनडीए की सरकार है, तब भी यहां बदहाली है, बेरोजगारी है, बेकारी है। दस साल से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री है। बिहार और केंद्र में इनकी डब्बल ईंजन की सरकार है, तब भी यह क्षेत्र चम्पारण पिछड़ा हुआ है, देखिए नरेंद्र मोदी से हमारी कोई व्यक्तिगत झगड़ा और लड़ाई नहीं है, बस यहां हम आये हैं कि आपकी समस्याओं को जान सके और नरेंद्र मोदी के समाने रख सकें। उक्त बातें बिहार के प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव ने बगहा के नरईपुर चीनी मिल के ग्राउंड में आम सभा सह मिलन समारोह में कही है।

उन्होंने कहा कि मोदी यहां से वोट ले जाते हैं, परन्तु ठगने का काम करते हैं। हर बार आकर लम्बी-लम्बी वादे करते हैं, पर यहां विकास के नाम पर देते कुछ नहीं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमारे चाचा तो पलट गये।वो कहते थे कि मर जायेंगे मिट जायें परन्तु भाजपा में नहीं जायेंगे। मोदी कहते थे कि डीएन ए में कुछ गड़बड़ी है, कितना गिरोगे-कितना गिरोगे। अमित साह लौरिया में आये थे तो उन्होंने कहा था कि अब कोई गठबन्धन नहीं, नीतिश कुमार के लिए भाजपा का दरवाजा हमेशा के लिए बन्द हो गया है। आप ही लोग बताईये कि जनता के सामने जो लोग खुलेआम झूठ बोल रहें हैं। नीतीश कुमार जमुई के सभा में कहे थे कि हम झूठमूठ के भाजपा में चले गये थे।यह हाल है इनलोगों का।

उन्होंने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए हुए कहा कि मोदी मुद्दा की बात नहीं करते, 400की पार की बात बतियाते हैं। देश संविधान से चलता है परन्तु ये ईडी और सीबीआई से चला रहें हैं। अघोषित इमरजेंसी इन्होने लगा रखा है। इसलिए देश पहले है, देश के लिए पहले सोचिए। इस बार लोकसभा चुनाव में वाल्मीकिनगर सीट से दीपक यादव हमारे कैंडिडेट होंगे। आपलोग इन्हें अपना समर्थन देने का काम करें। इस बार हमलोग बिहार के सभी 40 सीट पर चुनाव में बहुमत हासिल करेंगे। बिहार के वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र से दीपक यादव महागठबंधन के फखऊ से चुनाव लड़ेंगे। इसलिए इनको जीताईये। मंच पर राजद के मुन्ना त्यागी, दीपक यादव आदि लोग मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव में पाली मकराइन ओवर ब्रिज का मुद्दा भी रहेगा हावी

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। क्षतिग्रस्त होकर बंद पड़े पाली-मकराइन रेलवे ओवर ब्रिज का मुद्दा एक बार फिर धार पकड़ता हुआ नजर आ रहा है। इस बाबत रविवार 7 अप्रैल को 12 बजे दिन में शिव कृष्ण मैरेज हॉल में ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन डेहरी अनुमंडल कमिटी के तत्वाधान में डेहरी एवं अकोढ़ी गोला प्रखंड के आधे दर्जन पंचायतों से जुड़े छोटे बड़े चार दर्जन गांवों से जुड़े प्रमुख समाजसेवी, युवा, जीते व हारे जनप्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण जुटान बैठक हुई। जिसमें करीब दो सौ से अधिक स्थानीय प्रभावशाली ग्रामीण लोगों ने हिस्सा लिया। लोक सभा निर्वाचन प्रक्रिया आरंभ हो चुकने के बीच ही इस मुद्दे को लेकर यहां के स्थानीय लोग अक्रोशित और आर पार के मूड में गोलबंद होते नजर आ रहे हैं और इस मुद्दे पर किसी की भी एक सुनने को तैयार नहीं हैं। इस गहमा गहमी भरे बैठक में ज्यादातर लोगों को यही कहते सुना गया कि आखिर हम किसलिए और किसी को भी वोट देने क्यों जाएं जब हमारी खुद की जिंदगी बिना चारदीवारी की कैद वाली जेल में व्यतीत हो रही है और वो भी जब कोई भी राजनीतिक दल

या नेता को पिछले साल भर से यह कठिनाई उसके आंखों में नहीं दिख पाई हो । लोग इस बात से ज्यादा व्यथित और हताश दिखाई दे रहे थे कि इस धंसे क्षतिग्रस्त होकर बंद पड़े पाली मकराईन पुल की दुर्दशा का जिम्मेदार दोनों ही प्रमुख गठबंधन के सिरमौर राजनीतिक दल और नेता रहे हैं तो फिर आखिर हम किस से उम्मीद करें और कहां और किसलिए जाएं और किसको जिताएं किसको हराएं । घंटों चले इस मैराथन वाद विवाद पूर्ण लेकिन नियंत्रित चर्चा में कई लोगों को यह कहते सुना गया कि बिहार के एक बड़े नेता के रेल मंत्री रहते इस आर ओ बी का भेदभावपूर्ण ठेका हुआ और जंगलराज में स्थानीय ठेकेदार सप्लायरों ने इंजीनियरों अधिकारियों को पंगु बनाकर घटिया निर्माण सामग्री और दोषपूर्ण निर्माण को अंजाम दिया और बगल में बहने वाली सोन नदी और नीचे की भूगर्भिक स्थिति का पुख्ता आकलन किए बगैर पिलरों को जैसे तैसे खड़ा करवा दिया तो वहीं दूसरे गठबंधन के बालू खनन एवं ट्रांसपोर्ट माफियाओं के तथाकथित सुशासन में ट्रकों की क्षमता से बहुद ज्यादा की लदाई कर सैकड़ों बालू भरे ट्रकों को एक साथ पुल पर रात रात भर खड़े करवाकर तस्करों की पंचायत होती रही जिसका नतीजा ये हुआ कि आज साल भर पहले पुल बैठ गया और पूरी तरह से यहां तक की पैदल पार गमन के लिए प्रतिबंधित हो गया है । लोग दर्द भरे स्वर में कहते नजर आए कि डेहरी अनुमंडल का पूरा उत्तरी हिस्सा बल्कि कहें तो नासरीगंज बिहटा दनवार तक सोन तटीय तीस किलोमीटर की लम्बी आबादी क्षेत्र के हिस्से की अर्थव्यवस्था को डेहरी अनुमंडल मुख्यालय बाजार व जीटी रोड फोर लेन से संपर्क जोड़ने वाली संपर्क राजकीय पथ का गला घोंट कर रख दिया गया है । बैठक विमर्श में यह कहते सुना गया कि सच्चाई तो यही है कि हमारे दुख और कष्टों की अनुभूति किसी पार्टी और नेता को रत्ती भर भी नहीं है। दूसरी तरफ संसदीय प्रक्रिया और चुनाव का दशकों तक बहिष्कार कराने वाली पार्टी और फिर उसी कीचड़ में उतर कर भी अपने को जनसंघर्षों की परंपरा का असली दावेदार बताने वाली वही पार्टी में जो कुछेक साल पहले तक बिहार विधान परिषद के चुनावों से अपने विधायकों को दूर रखती थी और बहिष्कार करते हुए विधान परिषद को हमेशा के लिए समाप्त करने की मांग करने का ढोंग करती थी। इस बार लार टपकाते हुए अपनी प्रतिनिधि को भेजने हेतु हर तिकड़म अपनाकर आखिरकार सफल हो गई। विधायक सांसद बनने के लिए चुनाव लड़ने वाला किसी भी नेता ने किसी भी सदन में कभी भी कोई आवाज नहीं उठाया जिसका नतीजा हम सभी सौ से ऊपर गांव के लोग भुगत रहे हैं ।

राजस्व पर्षद सचिव एवं वन संरक्षक सह अपर सचिव के आदेश के वावजूद भी नहीं बना सका बेतिया राज का डोल बाग बगीचे में पार्क

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतीया। नगर निगम अन्तर्गत पुलिस केंद्र स्थित बेतिया राज का सुप्रशिद्ध डोल बाग आम का बगीचा वर्तमान समय में अतिक्रमणकारिओं के हाथों में है। इसके बचाव एवं विकास के लिए ना ही बेतिया राज के कोर्ट ऑफ वार्ड सजग है और ना ही जिला प्रशासन। डोल बाग बगीचे को पार्क बनाने का आदेश फाइलों धुल फांकते रह गया। बेतिया राज का इतिहास आम के बगीचे पुर्व के जिला पदाधिकारी डॉक्टर निलेश रामचंद्र देवरे तथा वन विभाग अपर सचिव ललन सिंह या कहें तो राजस्व विभाग सचिव के आदेश के तहत इस बगीचे को बुद्धा पार्क नाम से युको पार्क बनाया जाना था लेकिन यह आदेश आज फाइलों में धूल फांक रहा है और एक यह आमों का बगीचा संरक्षण के अभाव में अपना अस्तित्व खोते जा रहा है अभी वर्तमान में इस आम के बगीचे में बचे पेड़ो में मंजर भी आयें है और बगीचे से राजस्व भी मिल रहा है फिर भी आम के पेड़ों कटाई पर कोई रोक नहीं लग रहा और ना ही नए पेड़ लगाए जा रहे है, आखिर यह किसकी लापरवाही अगर यह बगीचा पार्क बन जाता तो जहां राजस्व भी मिलता और हरे पेड़ों को संरक्षण भी मिलता। ज्ञात हो कि चेक पोस्ट एवं जिलाधिकारी अवास तथा आरक्षी केंद्र के महज 50 कम दूरी पर स्थित बेतिया राज का आम के फलों के लिए प्रसिद्ध खाता 2 खेसरा 329 रखवा 24 एकड़ की भूमि पर अभी तक पार्क नहीं बन पाना अपने आप में एक सवाल बना हुआ है बताते 2017 में राजस्व पार्षद संयुक्त सचिव मुकेश प्रसाद द्वारा प्रधान सचिव वन एवं पर्यावरण विभाग पटना बिहार को पश्चिमी चम्पारण समाहरर्त्ता बेतिया डॉ निलेश रामचंद्र देवरे का पत्रांक 40 पृष्ठ/रा0 दिनांक 28.11.2017 के आलोक में 10.05.2018 को सूचनार्थ की गई थी इसके अंतर्गत बेतिया राज व्यवस्थापक ने उक्त भूमि को पैमाइश करा कर वन विभाग को अधीन करने का आदेश दिया गया था ।

मुजफ्फरपुर में 22 लाख कैश के साथ स्वर्ण व्यवसायी और उसका चालक गिरफ्तार, बेतिया से आ रहे थे दोनों

नवप्रदेश प्रतिनिधि कुमार भास्कर

मुजफ्फरपुर। में स्वर्ण व्यवसायी और उसके चालक को पुलिस ने पकड़ा है। उसके पास से कैश 22 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। उक्त कैश स्कॉर्पियो में था, दोनों बेतिया की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान मोतीपुर थाना क्षेत्र के बरजी चेक पोस्ट के पास शनिवार को वाहन जांच के दौरान मोतीपुर पुलिस ने 22 लाख रुपये के साथ दोनो को पकड़ लिया और स्कार्पियो भी जब्त किया गया है। पुलिस फिलहाल वाहन मालिक विनोद प्रसाद एवं चालक नित्यानंद चौबे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दोनों बेतिया के रहने वाले हैं। पूछताछ में विनोद प्रसाद ने खुद को स्वर्ण व्यवसायी बताया है। चालक एवं गाड़ी मालिक ने राशि के बारे में संतोषजनक जबाब नहीं दिया। इसके बाद मोतीपुर की एसबीआइ शाखा में रुपये को जमा कर दिया गया है। वहीं दोनों को स्कार्पियो के साथ पीआर बांड पर छोड़ दिया गया। बताया जा रहा कि मोतीपुर थाना के बरजी चेकपोस्ट के पास एएसआइ राजेश प्रसाद के नेतृत्व में वाहन जांच की जा रही थी। इस दौरान मोतिहारी की तरफ से आ रही उजले रंग की स्कार्पियो को रोकने का संकेत दिया गया। पुलिस को देख चालक स्कार्पियो को लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और तलाशी के क्रम में वाहन की बीच की सीट पर एक झोली मिली। इसमें रुपये देख गश्ती में मौजूद अधिकारी ने वरीय पदाधिकारी को जानकारी दी और स्कार्पियो को जब्त कर थाना लाया गया।

नाम वापस नहीं लेंगे पप्पू यादव, बोले-कांग्रेस भी उनके साथ है, तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला

नवप्रदेश प्रतिनिधि पूर्णियां। हॉट सीट बना पूर्णिया लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी और कांग्रेस नेता पप्पू यादव ने कहा कि नाम वापस लेने का सवाल ही नहीं उठता है. पप्पू यादव ने एक बार फिर दावा किया कि कांग्रेस का उन्हें साथ है. साथ ही उन्होंने तेजस्वी यादव पर जमकर कटाक्ष किया. पप्पू यादव ने कहा कि ऐसा लगता है कि वे लोग बीजेपी से समझौता कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज तक मधेपुरा सीट खाली है. क्यों नहीं

आप उम्मीदवार दे रहे हैं. पप्पू यादव ने कहा कि मुकेश साहनी को आप साथ लाए. लेकिन, जानबूझकर आपने उन्हें गोपालगंज जैसी सीट दे दिया ताकि वहां से वह चुनाव नहीं जीत सके. हर व्यक्ति जानता है कि गोपालगंज शुरू से बीजेपी का सीट है और वहां पर भाजपा ही जीतती आ रही है. पप्पू यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव द्वारा भाजपा की बी टीम की बात पर कहा कि यहां का बच्चा-बच्चा जानता है कि कौन किसकी बी टीम है।

गुरु के आशीर्वाद से सब कुछ संभव है अमृत

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। रविवार के दिन जयप्रकाश नगर आईटीआई कॉलोनी के में रोड में स्थित अमृत ऐकाडमी कोचिंग सेंटर में इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सलोनी कुमारी, रोशन कुमार मिश्रा समेत दर्जनों छात्र छात्राओं को कोचिंग के डायरेक्टर अमित कुमार यादव ने फील्ड और मेडल देकर उनका बढया इस संबंध में जहां सफल आए छात्र रौशन और सलोनी आदि ने बताया कि उनकी सफलता श्रेय उन्हें शिक्षक अमृतसर और उनके माता-पिता के आशीर्वाद से संभव हो पाया है वहीं डायरेक्टर अमृत कुमार ने बताया कि अगर सच्चे गुरु आशीर्वाद शिष्य को मिल जाए । मौके पर पहुंचे वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के सचिव निरंकार भास्कर नितिश कुमार, पुर्व उप मुखिया विरेन्द्र यादव, कांग्रेस युवा नेता विनय कुमार यादव , अधिवक्ता रंजित कुमार, सेवानिवृत्ति पुलिस उपअधीक्षा सह निगरानी डीएसपी रमेश चंद्र उपाध्याय आदि अतिथियों को कोचिंग के छात्र-छात्राओं ने फूल माला पहनाकर कर सम्मानित किया तथा सभी अतिथियों ने कम समय में कोचिंग संचालक अमृतसर के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास कि सरहना की।

नए सत्र की पढ़ाई हवन एवं पुजा पाठ के साथ हुआ प्रारंभ

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। सिकटा प्रखंड क्षेत्र के शांति चौक स्थित संत कबीर पब्लिक स्कूल में नए सत्र की पढ़ाई आचार्य उमेश कुमार मिश्रा और विनोद मिश्रा द्वारा शिक्षण संस्थान में पूजा पाठ और हवन करने के साथ चालू हो गया उक्त शान्ति पुजा में यजमान के रूप में विद्यालय के प्राचार्य इंजीनियर धर्मेश कुमार और डायरेक्टर नीतू कुमारी पटेल ने ईश्वर की पूजा अर्चना करते हुए विद्यालय प्रगति और बच्चों के उज्जवल भविष्य

की प्रार्थना की इस संबंध में विद्यालय परिवार से जुड़े तथा वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के सचिव निरंकार भास्कर ने बताया कि इस वर्ष से विद्यालय में सीबीएससी की नवी कक्षा की पढ़ाई भी प्रारंभ कर दी गई है और साथ ही साथ अब इस विद्यालय में पढ़ने छात्र एवं छात्राओं को दसवीं कक्षा की पढ़ाई के लिए कहीं नहीं जाना पड़ेगा क्योंकि इसकी जितनी भी तैयारी है वह विद्यालय के प्राचार्य इंजीनियर धर्मेश कुमार द्वारा पूरी कर ली गई है जो विद्यालय के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है वहीं अब विधालय में दसवीं तक शिक्षा दिये जाने पर स्थानीय राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिपू कुमार यादव, सरगटिया के समाजसेवी झुन्नू सिंह, मालती देवी, पूर्व मुखिया अजय यादव, समेत शिक्षक अजीत गिरी, संदीप कुमार, राहुल कुमार, सुभाष कुमार, रामकुमार झा, निरज मिश्रा,दिपक प्रजापति, ओम बाबू प्रजापति आदि ने हर्ष जताया है वहीं विद्यालय की डायरेक्टर नीतू कुमारी पटेल बताया कि दशवी कक्षा की पढ़ाई के लिए योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों के देखरेख के साथ सीबीएससी पैटर्न की सारी नियमों को पालन विद्यालय द्वारा किया जाएगा।

लालू-राबड़ी राज कभी नहीं भूलिएगा : सीएम नीतीश

पटना/नवादा। प्रधानमंत्री के नवादा में राजग गठबंधन उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में रैली करने के दौरान सीएम नीतीश ने मंच से अपने संबोधन में कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार के द्वारा बहुत सहयोग मिलता है। इसके लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देते हैं। याद करिए जब हम लोग 2005 में आए थे और 2006 से सारा काम शुरू हुआ। खाली याद रखिएगा, जो कम उम्र के लोग हैं, वो भूल गए हैं। अपने बाल-बच्चों को भी बताइए। 2005 से पहले बिहार में क्या हाल था। सीएम नीतीश ने लालू-राबड़ी राज के दिनों को याद दिलाया और उसे नहीं भूलने की सलाह दी।

सीएम ने कहा कि आप शाम को घर से बाहर नहीं निकलते थे। उसको तो याद नहीं है। अब सब लोग शाम को चहल रहे हैं। आने-जाने का कोई रास्ता नहीं था। हम लोग 18 वें साल में है। इससे पहले उन्हें मिला था 15 साल, पति-पत्नी राज किए, कोई काम हुआ था, कुछ नहीं हुआ था। पहले की स्थिति पूरे तौर पर लोगों को मालूम होना चाहिए था। कितना विवाद और झगड़ा होता था, हिंदू-मुस्लिम में भी खूब झगड़ा। 2006 के बाद कोई झगड़ा होता है। जब हम लोग आए तो सबको एकजुट किया। काम करने वालों को वोट दीजिए। 2010 के चुनाव में 50 फीसदों मुस्लिमों ने एनडीए को वोट दिया था। पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ एक महीने में 30-40 लोग आते थे। अब साल में एक हजार से ज्यादा लोग इलाज के लिए आ रहे हैं।

सीएम नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार के द्वारा बहुत सहयोग मिलता है, तमाम कार्यक्रम चला रहे हैं। इसके लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देते हैं। याद करिए जब हम लोग 2005 में आए थे, और 2006 से सारा काम शुरू हुआ। खाली याद रखिएगा, जो कम उम्र के लोग हैं, वो भूल गए हैं। अपने बाल-बच्चों को भी बताइए। 2005 से पहले बिहार में क्या हाल था। आप शाम को घर से बाहर नहीं निकलते थे। उसको तो याद नहीं है। अब सब लोग शाम को चहल रहे हैं। आने-जाने का कोई रास्ता नहीं था। हम लोग 18वें साल में है। इससे पहले उन्हें मिला था 15 साल, पति-पत्नी राज किए, कोई काम हुआ था, कुछ नहीं हुआ था। पहले की स्थिति पूरे तौर पर लोगों को मालूम होना चाहिए था। कितना विवाद और झगड़ा होता था, हिंदू-मुस्लिम में भी खूब झगड़ा। 2006 के बाद कोई झगड़ा होता है। जब हम लोग आए तो सबको एकजुट किया। काम करने वालों को वोट दीजिए। 2010 के चुनाव में 50 फीसदों मुस्लिमों ने एनडीए को वोट दिया था। पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ एक महीने में 30-40 लोग आते थे। अब साल में एक हजार से ज्यादा लोग इलाज के लिए आ रहे हैं।

देश के सपनों को पूरा कर रहे हैं पीएम मोदी : सम्राट चौधरी

मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जनता के संकल्प को पूरा कर रहे हैं। आज मोदी जी गारंटी बन गए हैं। बिहार में अब डबल इंजन की सरकार है। अब माफिया, अपराधियों को बिहार से बाहर जाना होगा। गरीबों के लिए 5 किलो अनाज तो आयुष्मान भारत के माध्यम से 5 लाख का इलाज भी दिया है। नवादा की जनता पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करें।

रामविलास जी के विकसित देश, विकसित बिहार का सपना पीएम कर रहे साकार : चिराग

मौके पर चिराद पासवान ने कहा कि आने वाला चुनाव हमारे 5 साल का भविष्य तय करेगा। विपक्ष समाज को बांटने वाले मुद्दे उठाता रहा है। लेकिन आज देश के इंफ्रास्ट्रक्र की बात होती है। बिहार युवा प्रदेश है, युवाओं को अपनी ताकत पहचानने की जरूरत है, प्रधानमंत्री ने कभी युवाओं में मतभेद नहीं की। सबके साथ, सबके विकास की बात की। प्रधानमंत्री को मजबूती देने की जरूरत है।

एक नजर

नेक दिल इंसान व सज्जन व्यक्ति थे जितेंद्र सिंह : अवधेश नारायण सिंह

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। आरएसके पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष स्वर्गीय जितेंद्र सिंह नेक दिल इंसान व सज्जन व्यक्ति थे, उक्त बातें बस्तीपुर आरएसके पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह के पिता स्कूल के चेयरमैन स्वर्गीय जितेंद्र सिंह के ब्रह्म भोज पर श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा। उन्होंने कहा कि स्कूल मे गरीब बच्चों को शिक्षा एवं मदद पहुंचाने के लिए हमेशा स्कूल के निदेशक अपने पुत्र आनंद सिंह को कहते रहते थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में महिला कॉलेज के प्राचार्य दिग्विजय सिंह, राधा संता कॉलेज के प्राचार्य अशोक सिंह, जगजीवन महाविद्यालय के प्रचार बलराम सिंह, पूर्व सभापति प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी, मुखिया रितेश सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता पंकज गुप्ता, सन राइजिंग स्कूल के डायरेक्टर प्रशांत सिंह, अरविंद अकैडमी के डायरेक्टर अरविंद भारती, डीपीएस स्कूल के डायरेक्टर समीर कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज अज्ञानी, रिंकू सोनी, सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए।

वार्षिक परीक्षा परिणाम पर मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। प्रखंड क्षेत्र के जमोढी पंचायत के मध्य विद्यालय में वर्ग 1 से 8 का 2023-24 वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा परिणाम घोषित होते छात्र - छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार प्रसाद के नेतृत्व में शनिवार को विद्यालय परिसर में छात्र-छात्रा सम्मान समारोह सह अभिभावक व शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रकाशित रिजल्ट में वर्ग 1 से प्रथम स्थान आयुष कुमार, सेकेंड ममता कुमारी, तृतीय राजीव कांत। वर्ग 2 से प्रथम स्थान दीपक कुमार, सेकेंड मधुराज, तृतीय महिमा कुमारी। वर्ग 3 से शिवानी कुमारी, सेकेंड सोनम कुमारी, तृतीय स्थान रिया कुमारी, वर्ग 4 से प्रथम स्थान अनुराधा कुमारी, सेकेंड स्थान रिया कुमारी, तृतीय आकाश कुमार, वर्ग 5 में प्रथम स्थान सुगंधा कुमारी, सेकेंड स्थान साक्षी कुमारी, तृतीय पर श्रीधि कुमार रही। वहीं वर्ग 6 से प्रथम कार्तिक कुमार, सेकेंड स्थान कृति कुमारी, तृतीय इंद्रजीत प्रकाश रहा। जबकि वर्ग 7 से प्रथम अनु कुमारी, सेकेंड अनुराधा कुमारी व तृतीय कृति कुमारी रही। साथ ही वर्ग 8 में प्रथम स्थान अंजली कुमारी, सेकेंड स्थान सलोनी कुमारी सहित तृतीय स्थान साक्षी कुमारी प्राप्त को विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं सभी अव्वल छात्रों को फूल माला पहना प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार प्रसाद और मुख्य अतिथि जमोढी पंचायत मुखिया मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से कलम, कॉपी, किताब से सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर उनके उज्व्वल भविष्य की कामना की। मौके पर अभिभावक व शिक्षक गोष्ठी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने बताया कि बच्चों के माता-पिता उनके उजव्वल भविष्य के लिए उन्हें विद्यालय अवश्य भेजें।

राजस्व कर्मचारी जयप्रकाश सिंह के आकस्मिक निधन पर आंचल सब प्रखंड कार्यालय में शोक की लहर

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। अंचल कार्यालय के वरीय राजस्व कर्मचारी की असामयिक निधन होने से अंचल सह प्रखंड कार्यालय कर्मियों में शोक की लहर व्याप्त है। अंचल नाजीर मो मुन्ना अंसारी ने बताया कि क्षेत्र के अगरेड़ कला पंचायत के राजस्व कर्मचारी जय प्रकाश सिंह बहुत ही व्यवहार कुशल एवं मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी थे. जो स्थानीय अंचल कार्यालय में दो वर्षों से कार्यरत थे. जिनकी कुछ दिनों से तबियत खराब होने से बीमार चल रहे थे .जिनका इलाज के दौरान शनिवार की देर रात्रि निधन हो जाने से स्थानीय प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों में शोक व्याप्त है. शोक व्यक्त करने वाले में बीडीओ वीणा पाणि, सीओ गोल्डी कुमारी, जेएसएस सत्येंद्र सिंह,नाजीर मो फिरोज, कार्यालय सहायक दयाशंकर सिंह, श्री निवास शर्मा, राजस्व कर्मचारी सुमन कुमार, अमर कुमार,मुकेश सिंह, आशा कुमारी, मुकेश कुमार, अतीत कुमार, सचिन कुमार, दुर्गेश कुमार ,कुमार गौरव के साथ ही कई अन्य लोग शामिल हैं।

प्रशासन की टीम ने बूथों पर मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

नवप्रदेश प्रतिनिधि पीरो। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्धारित मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं व मतदान कर्मियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का प्रशासन की टीम द्वारा जायजा लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम के नेतृत्व में मतदान केन्द्रों के भ्रमण के लिए निकली टीम में बूथ प्रबंधन कोषांग के कर्मी शामिल थे। टीम के सदस्यों ने जगदीशपुर विधानसभा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय वैना उर्दू, प्राथमिक विद्यालय चपटही, पंचायत भवन छवरही, प्राथमिक विद्यालय करवनिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फडौरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहई,उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौबे की छावनी सहित कई अन्य मतदान केन्द्रों का दौरा किया। इस दौरान मतदान केंद्रों पर पेयजल, रैम्प, बिजली, उपस्कर, शौचालय, बाधा रहित रास्ता आदि सुविधाओं की उपलब्धता का जायजा लिया गया। जिन मतदान केंद्रों पर कोई सुविधा नहीं पाई गई तो बंथ प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी को तत्काल उक्त सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस द्वारा की गई निःशुल्क जॉच शिविर का आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। जिला रेड क्रॉस द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस भवन, बेतिया में आमजन हेतु निःशुल्क मधुमेह एवं बीपी जॉच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए शाखा के अध्यक्ष डॉ. सुशील प्रसाद चौधरी, उपाध्यक्ष विश्वनाथ झुनझुनवाला व सचिव डॉ. जगमोहन कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य ही हमारा धन है। हमारा स्वास्थ्य हमारा अधिकार भी है। लेकिन इसकी बेहतरी के लिए हमें हमेशा जागरूक रहना पड़ेगा। अपनी जीवनशैली को सकारात्मक रखना होगा। इसके महत्व को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2024 का थीम रखा है- मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार। रेड क्रॉस स्वास्थ्य समिति के संयोजक डॉ. इंतेसारुल हक ने कहा कि वर्तमान में मधुमेह और हाइपरटेंशन के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसमें हमारी असंतुलित जीवनशैली का विशेष योगदान है। शिविर में प्रबंध समिति सदस्य सैयद शकील अहमद, अनुज कुमार, सत्येन्द्र शरण, आजीवन सदस्य इमानुएल शर्मा, पिंकी देवी, अरुण कुमार वर्णवाल, आलोक कुमार कश्यप, सुनील कुमार, इंद्रासन साह, डॉ. दिवाकर राय, सुरेश साह, जितेन्द्र शर्मा, ट्रेनर इमरान कुरैशी, कर्मी मधुरेन्द्र चौबे, अजय राउत सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

बहियारा गांव मे आग लगने से 17 घर जलकर राख पति-पत्नी झूलसे एक गाय की मौत

नवप्रदेश प्रतिनिधि चांदी । थाना क्षेत्र के बहियार गांव में शनिवार की मध्य रात्रि में अचानक आग लगने से 17 घर जल कर राख हो गया। इस अगलगी की घटना में बहियारा गांव निवासी जगदीश पंडित तथा उनकी पत्नी हीरा झाड़ी देवी झुलस गई जिनका इलाज सदर अस्पताल आरा में चल रहा है। साथ ही झुलसने से एक गाय की मौत हो गई और तीन जानवर भी झुलस गए हैं। आग लगी की घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। रविवार को सभी अग्नि पीड़ित परिवारों को प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी एवं उपस्थित वार्ड सदस्यों के बीच सरकार के द्वारा तय मापदंड के हिसाब से राहत सामग्री का वितरण किया गया। पूरे मामले को लेकर चांदी थाना पुलिस से जब बात किया गया तो उन्होंने बताया आवेदन प्राप्त हुआ है। साथी इस मामले में पुलिस का कहना है की कुछ सामाजिक तत्वों के द्वारा 112 गाड़ी पर हमला भी किया गया है। और सड़क पर खड़े गाड़ियों का शीशा तोड़ दिया गया है। आग कैसे लगा है इसकी जांच पुलिस कई पहलुओं से कर रही है।

संपादकीय

अमेरिका-ईरान के बीच फंसे शहबाज

पाकिस्तान ने आखिरकार ईरान के साथ गैस पाइपलाइन का काम शुरू कर दिया है। इसके तहत पाकिस्तान में गैस पाइपलाइन के 80 किलोमीटर हिस्से का निर्माण किया जाएगा जो ग्वादर से ईरानी हिस्से को जोड़ेगी। पाकिस्तान ने ये फैसला ऐसे समय में किया है, जब आगामी 22 अप्रैल को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी पाकिस्तान की यात्रा पर आ रहे हैं। पाकिस्तान ने इस प्रोजेक्ट को शुरू तो कर दिया है, लेकिन इसे पूरा करना आसान नहीं है। इस प्रोजेक्ट से अमेरिका का भड़कना तय है, जो पहले ही कई बार पाकिस्तान को आगाह कर चुका है। ऐसे में सवाल है कि क्या ये प्रोजेक्ट पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के लिए गले की फांस बनने जा रहा है। द न्यूज की रिपोर्ट में पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि इंटर स्टेट गैस कंपनी (आईएसजीसी) ने इस बारे में टेंडर जारी कर दिए हैं। ये प्रोजेक्ट पहले से ही एक दशक की देरी से है। इसे 2014 में पूरा किया जाना था और 2015 में इसका संचालन शुरू होना था, लेकिन अमेरिका के डर से पाकिस्तान इससे दूरी बनाए हुए था। पाकिस्तान कहता रहा है कि ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों के चलते वह अपने क्षेत्र में इस परियोजना को मूर्त रूप नहीं दे सका है। पाकिस्तान के इस रवैये से तेहरान ने बार-बार नाराजगी जताई और याद दिलाया कि उसने एक अरब डॉलर खर्च करके अपनी तरफ काम पूरा कर लिया है। इसी साल जनवरी में ईरान ने पाकिस्तान को आखिरी नोटिस देकर फरवरी-मार्च 2024 तक प्रोजेक्ट पूरा करने की डेडलाइन दी थी। ऐसा न करने पर समझौते के तहत 18 अरब डॉलर हर्जाना भरने के लिए तैयार रहने को कहा था। अब समय बीत जाने के बाद पाकिस्तान ने पाइपलाइन पर काम शुरू करने का फैसला किया है। पाकिस्तान का ये कदम अमेरिका के स्पष्ट विरोध के साथ ही प्रतिबंधों की चेतावनी के बीच हुआ है। खासतौर पर जब मार्च के आखिर में अमेरिका इस प्रोजेक्ट पर साफ शब्दों में पाकिस्तान को अपनी 'न' कह चुका है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने साफ किया था कि हम पाकिस्तान-ईरान गैस पाइपलाइन का समर्थन नहीं करते हैं। इसके पहले दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के अमेरिकी सचिव डोनाल्ड लू ने इस प्रोजेक्ट को अमेरिका के लिए रेडलाइन कहा था। लू ने कहा था कि मुझे नहीं पता कि इस परियोजना के लिए फंड कहां से आएगा। लेकिन मेरा साफ मत है कि इस परियोजना को रोका जाना चाहिए। उन्होंने इस बात का भी संकेत दिया था कि अमेरिका की इस मामले में पाकिस्तान को छूट देने की कोई इच्छा नहीं है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ मुश्किल है कि प्रोजेक्ट पर आगे बढ़ते हैं तो अमेरिका खफा होता है और नहीं बढ़ते हैं तो ईरान पाकिस्तान को धोखेबाज और अमेरिका से डरने वाला समझता है। मार्च महीने में ही इस्लामाबाद में ईरान के राजदूत मुकद्दम ने परियोजना में देरी के लिए पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया था। उन्होंने कहा था कि 2009 में हुए इस समझौते में अब विस्तार की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि ईरान ने वर्षों पहले अपनी तरफ काम पूरा कर लिया था और वह एक दशक से समझौते को लागू किए जाने का इंतजार कर रहा है।

सामयिकी

ताकि आपका मूड बदस्तूर बेमिसाल बना रहे

सुंदर चंद ठाकुर

अगर आपसे यह पूछा जाए कि आप सुबह उठने से लेकर रात सोने तक जो कुछ भी करते हैं, उस सबके पीछे आपका मकसद क्या रहता है। आप सहज ही कहेंगे कि हम अपनी खुशी के लिए करते हैं। हम अगर खुद को तकलीफ भी देते हैं, तो वह खुशी के लिए ही होता है। कोई जिम में जाकर अगर भारी भरकम वजन उठाने की पीड़ा सहता है, तो वह भी अपनी खुशी के लिए ही करता है। कोई छात्र पूरी एकाग्रता के साथ घंटों तक पढ़ाई करने का कष्टसाध्य काम करता है, तो वह भी अपनी खुशी के लिए ही करता है। हम अगर नौकरी के लिए खून-पसीना एक करते हैं, तो यह भी खुशी के लिए ही करते हैं। पर क्या आप जानते हैं हम किन वजहों से खुश होते हैं? जब तब आपके दिमाग में और आपके गट में खुशी के होर्मोंस रिलीज नहीं होते, आप खुश नहीं हो सकते। इसलिए अगर आपका मकसद खुश होना है, तो आप इन चार होर्मोंस को ठीक से समझ लें कि ये क्या काम करने से रिलीज होते हैं और फिर सुनिश्चित करें कि आप वे सभी कार्य नियमित करते रहें। सबसे पहला होर्मोन है डोपामीन। इसे फील गुड और रिवॉर्ड होर्मोन भी कहते हैं। जब भी आप अपने लिए कोई लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो उसे हासिल करने पर इनाम के तौर पर आपको यही होर्मोन मिलता है। आप जब भी आनंद देने वाले काम करते हैं, जैसे पसंदीदा भोजलन करना या एक्सरसाइज करते हैं, शॉपिंग करने जाते हैं, संगीत सुनते हैं, तो इन कामों को करते हुए भी दिमाग डोपामीन रिलीज करता है और आपको खुशी जैसी महसूस होती है। आप जो बार-बार मोबाइल देखते हो और किसी पसंद के व्यक्ति का कमेंट पढ़ते हो, लाइक देखते हो, तो भी आपका माइंड डोपामीन रिलीज करता है और आपको अच्छा लगता है। बार-बार आपको अच्छा लगे इसलिए आप बार-बार मोबाइल देखते हो। दूसरा होर्मोन है सिरोटोनिन, जिसे मूड रेग्युलेट करने वाला होर्मोन भी कहते हैं। ये होमोन लेकिन दिमाग में नहीं हमारी गट यानी आंत में रिलीज होता है। यह हमारे मूड को सही करता है, हमें भविष्य को लेकर उम्मीदों से भरता है और हमारी नींद को भी बेहतर बनाता है। अगर शरीर में सिरोटोनिन कम हो जाए तो हम एंजाइटी और डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। हेल्दी और संतुलिन भोजन लेने, प्रकृति के बीच लंबे वॉक पर जाने, धूप लेने और ध्यान में बैठने से सिरोटोनिन रिलीज होता है। तीसरा खुशी का होर्मोन ऑक्सीटोसिन है जिसे प्रेम का होर्मोन भी कहते हैं क्योंकि यह हमें सुरक्षा और सामीप्य की फीलिंग देता है और भरोसे को बढ़ाता है। अगर आप अपने जीवन में खुशी के इस होर्मोन को चाहते हैं तो आपको जीवन में प्रेम को जगह देनी होगी, दोस्तों से अपनत्व को बढ़ाना होगा, करीबियों के गले लगना-लगाना होगा, अपने प्रियजनों का हाथ पकड़ना होगा। आप अपने पालतू जानवरों को जितना प्रेम करेंगे, उतना ऑक्सीटोसिन आपको मिलेगा। जीवन में लंबे समय के लिए खुशी चाहिए, तो आपके लिए यह काम ऑक्सीटोसिन ही करेगा। खुशी के लिए चौथा जरूरी होर्मोन एंडोर्फिंस हैं। इसका काम आपके दर्द को कम करना होता है। एक तरह ये शरीर द्वारा प्राकृतिक तरह से पैदा किए जाने वाला पेनकिलर है। दर्द कम करने के अलावा ये स्ट्रेस को भी कम करते हैं और अच्छा होने की फीलिंग को बढ़ाते भी हैं। अगर आप एक्सरसाइज करते हैं, हंसते हैं, संगीत सुनते हैं और डार्क चॉकलेट खाते हैं, तो ऐसा करके आप अपने शरीर में एंडोर्फिंस को ही बढ़ाते हैं। अगर आप चारों होर्मोंस को किसी एक एक्टिविटी दकी मदद से रिलीज करना चाहते हैं, तो वह है शारीरिक व्यायाम। ऐसा व्यायाम जिससे आपको शरीर को हिलाना पड़े, पसीना निकले। अगर आप यह सुनिश्चित कर सकें कि रोज सुबह उठने के बाद आप एक-डेढ़ घंटे योग, रनिंग, जिम वर्कआउट आदि जैसे काम करें और शरीर का पसीना निकालें, तो इस तरह आप अपने दिमाग और आंत में खुशी के इन होर्मोंस को रिलीज करवाएंगे और जब खुशी-खुशी आप अपने काम करेंगे, तो काम पर ज्यादा सहजता से फोकस कर पाएंगे जिसके परिणामस्वरूप आपको अच्छे रीजल्ट मिलेंगे और इस तरह एक सकारात्मक घटनाओं का चक्र आपके कदमों के आगे खुलता हुआ आपको एक हेल्दी और हैपी जिंदगी की ओर ले जाएगा। आपका मूड भी बदस्तूर बेमिसाल बना रहेगा।

सहकारिता से मिलेगा करोड़ों को स्वरोजगार

आरके सिन्हा

आरबीआई के अनुसार पिछले पांच वर्ष में देश भर के सहकारी बैंकों से कुल 4,135 धोखाधड़ी की रिपोर्ट सामने आई। 10,856.7 करोड़ रुपये का इन बैंकों में फ्रॉड हुआ। लेकिन इसमें दिक्कत यह है कि सहकारिता राज्यों के विषय में आता है। केंद्र सीधे इसमें दखल नहीं दे सकता। लेकिन नरेंद्र मोदी इस बात से बहुत चिंतित हैं। वह आश्वस्त कर रहे हैं कि गरीबों का बैंक में जमा पैसा लूटने वाले को बख्शा नहीं जाएगा।

अगर भारत दुनिया की शीर्ष तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तो इसमें सहकारी आंदोलन एक महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। यह एक ऐसी खिड़की है, जहां से सतत आर्थिक विकास की रोशनी लगातार आ सकती है। इसलिए मोदी सरकार भारत में सहकारिता आंदोलन को गति देना चाहती है। सरकार और अर्थशास्त्रियों को पता है कि सहकारिता क्षेत्र के रास्ते भारत संसार की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। निश्चित रूप से इस सेक्टर को इस लक्ष्य के लिए एक बड़ी भूमिका निभानी पड़ेगी और शायद इस क्षेत्र में छुपी अपार संभावनाओं को देखते हुए ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का ही गठन कर दिया है। ताकि इसके लिए अलग बजट का प्रावधान किया जा सके। चूंकि, यह क्षेत्र बहुत बड़ा है और इस पर करोड़ों लोगों की निर्भरता है, इसलिए इसका पोषण और संरक्षण भी जरूरी है। देश के 29 राज्यों में लगभग 8,02,639 सहकारी समितियां हैं, और ये अरबों का व्यापार भी कर रही हैं। देश में सहकारी बैंकों की कुल संख्या 1,886 है, जिसमें 1,500 शहरी सहकारी बैंक और 386 ग्रामीण सहकारी बैंक शामिल हैं। ये सहकारी संस्थाएं देश भर में विभिन्न समुदायों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

बेशक, केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। उससे पहले देश में सहकारी समितियों स्थिति अच्छी नहीं थी। यहाँ भी भ्रष्टाचार ने अपने पैर गहरे जमा लिए थे। आपसी मिलीभगत के जरिए वित्तीय लेन-देन में कुछ लोग काफी हेरफेर करते रहे थे। प्रबंधन के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई भर होती थी। व्यक्तिगत मतभेद और लड़ाई-झगड़ा तो आम बात थी। और अनावश्यक विवाद डालकर समितियां बंद भी कर देते थे। कुछ बड़े भाग्यशाली समूह मनमानी करते थे और किसानों तथा छोटे उद्यमियों तक काम पहुंच ही नहीं पाते थे। लेकिन, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की निगरानी ने दृश्य बदल कर रख दिया है। कई अहम सुधार किए गए हैं। साथ में जवाबदेही भी तय की जा रही है।

बेशक, अमित शाह की इस बात में दम है कि 115 साल पुराने सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए आजादी के बाद ही एक अलग सहकारिता मंत्रालय बना दिया जाना चाहिए था। लेकिन, यह काम तब हुआ जब 2019 में नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बने। तब उन्होंने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। सहकारी समितियां आपसी सहयोग से बनाई गई संस्थाएं होती हैं। यह सामूहिकता के सिद्धांत पर काम करती हैं। पूंजी की जुटान साझेदारी की भावना से होती है और उपयोग में दूसरों की मदद करने की भावना होती है। इसकी विशालता और फैलाव का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि इस समय भारत में करीब 2 लाख सहकारी डेयरी समितियां और 330 सहकारी चीनी मिलें चल रही हैं। अकेले गुजरात में 81307 सहकारी समितियां काम कर रही हैं। 19 बहु-राज्य सहकारी समितियों को राष्ट्रीय स्तर की सहकारी समितियों का दर्जा प्राप्त है। टर्नओवर के हिसाब से देखे तो वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए इफको का टर्नओवर 60,324 करोड़ रुपये का टर्नओवर था और अमूल का 2023-24 के लिए 12,880 करोड़ रुपये था। यही नहीं इफको को दुनिया की 300 सबसे बड़ी सहकारिता समिति की सूची में शामिल किया गया है। पहले सहकारिता विभाग कृषि मंत्रालय के अंतर्गत था, लेकिन जुलाई 2021 में मोदी सरकार ने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया ही और गृहमंत्री अमित शाह देश के पहले सहकारिता मंत्री बने। मंत्रालय ने 2022 में संसद में बहु-राज्य सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक पेश किया। इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य मौजूदा कानून में संशोधन के जरिए एक से अधिक राज्यों में सदस्यों के हितों की सेवा करना और सहकारी समितियों के स्वैच्छिक गठन को और लोकतांत्रिक बनाना था। इसके साथ ही संस्थाओं को और अधिक आर्थिक और सांगठनिक स्वायत्तता देना भी उद्देश्य था। ताकि इसका चहुंमुखी विकास हो सके। इस नीति के तहत सहकारी समितियों को जरूरी सहयोग, प्रोत्साहन और सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है।

खास कर युवाओं और महिलाओं को मुख्यधारा में लाने में सहकारी समितियाँ बहुत बड़ी भूमिका निभा रही हैं। क्षमता निर्माण, शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी को एकीकृत करने वाले समावेशी सहकारी मॉडल तैयार है। नारी सशक्तिकरण का नारा यदि धरातल पर कहीं उतरता दिखाई दे रहा है, तो वह सहकारिता के क्षेत्र में पूर्ण रूप से दिख रहा है। सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र में महिलाओं की बेहतरी, सशक्तिकरण और आय सृजन के लिए जो प्रयास किये हैं उसका परिणाम अब सामने आने लगा है। बहु राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिलाओं के लिए आरक्षण निर्धारित कर दिया गया है। बहु-राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिला निदेशकों नियुक्ति अनिवार्य कर दिया गया है। इससे देश भर में 1,550 से अधिक बहु-राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हुआ है। प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों (पीएसीएस) में भी महिला सदस्यों को आरक्षण दिया गया है। 1 लाख से अधिक पैक्स में भी महिलाओं का प्रतिनिधित्व और निर्णय में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

महिला सहकारी समितियों के परियोजना निर्माण, सहायता और क्षमता विकास के लिए एक वित्तीय सहायता योजना बनाई गई है, जिसे नंदिनी सहकार योजना का नाम दिया गया है। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) महिला सहकारी समितियों को 5,714.88 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान कर चुका है और इससे डेढ़ करोड़ से अधिक महिला सदस्यों को सीधे लाभ हुआ है। कुल मिलाकर सहकारिता मंत्रालय ने 54 प्रमुख पहल की हैं जिससे महिलाओं सहित सहकारी क्षेत्र के सभी सदस्यों को सशक्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सहकारिता के जरिए करोड़ों लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने की सुदृढ़ व्यवस्था बनाई है। ₹सहकार से समृद्धि₹ के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए स्वतंत्र सहकारिता नीति पर अमल की जा रही है। मोदी सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) से लेकर राज्यों के सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कार्यालयों और कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के कंप्यूटरीकरण तक पूरी सहकारी प्रणाली का आधुनिकीकरण कर दिया है। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी और मध्यम और दीर्घकालिक ऋण चाहने वाले किसानों के लिए नई सुविधा शुरू हो जाएगी। पीएम मोदी ने सहकारी क्षेत्र में ₹दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना₹ की भी शुरूआत कर दी है, जो 11 राज्यों की 11 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) में काम करेगी। इस पहल के तहत गोदामों और अन्य कृषि-संबंधित बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त 500 पैक्स की आधारशिला भी रखी गई है। इस पहल का उद्देश्य पैक्स गोदामों को खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के साथ एकीकृत करना, खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना और नाबार्ड द्वारा समर्थित और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के नेतृत्व में सहयोगात्मक प्रयास से देश में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

सरकार के सामने सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी कई चुनौतियाँ भी हैं, खास कर सहकारी बैंकिंग के मामले में। सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी से संबंधित आकड़े परेशान करने वाले हैं। आरबीआई के अनुसार पिछले पांच वर्ष में देश भर के सहकारी बैंकों से कुल 4,135 धोखाधड़ी की रिपोर्ट सामने आई। 10,856.7 करोड़ रुपये का इन बैंकों में फ्रॉड हुआ। लेकिन इसमें दिक्कत यह है कि सहकारिता राज्यों के विषय में आता है। केंद्र सीधे इसमें दखल नहीं दे सकता। लेकिन नरेंद्र मोदी इस बात से बहुत चिंतित हैं। वह आश्वस्त कर रहे हैं कि गरीबों का बैंक में जमा पैसा लूटने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने हाल ही में केरल के मामले में कहा भी है कि मैं देखूंगा कि प्रत्येक पैसा संबंधित व्यक्ति को वापस मिल जाए। उल्लेखनीय है कि केरल के करुवन्नूर सहकारी बैंक में लगभग 500 करोड़ रुपये के घोटाले हुए हैं और इसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है। इस मामले में कुछ स्थानीय सीपीएम नेताओं पर एक्शन भी लिया गया है। इसमें कोई शक नहीं है कि सहकारिता क्षेत्र में फैली गड़बड़ियों को भी दूर करना होगा जिसको लेकर केन्द्र सरकार गंभीर है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

घमंड और साधना



सुनीत अवस्थी

चलते-चलते उसे विचार आया कि अरे सूरदास जी को तो दिखता नही है। फिर उन्हें नदी और उसमें बहता लड़का कैसे दिख गया। उसका दिमाग सुन्न हो गया था। लड़के को भूमि पर रखा तो देखा कि लड़का मर चुका था।

एक संत गांव के बाहर झोपड़ी बनाकर अपने पुत्र के साथ रहते थे। संत जी का रोज का नियम था- नदी में स्नान करके गांव के सभी मंदिरों में जल चढ़ाकर दोपहर बाद भजन में बैठते, शाम को देर से घर लौटते। वह अपने नित्य नियम से गांव में निकले थे। इधर पास के गांव के जमींदार का एक ही जवान लड़का था जो रात को अचानक मर गया। रात भर रोना-धोना चला। आखिर में किसी ने सुझाया कि गांव के बाहर जो बाबा रहते हैं उनके पास ले चलो। शायद वह कुछ कर दें। सब तैयार हो गए। लाश को लेकर पहुंचे कुटिया पर। देखा बाबा तो हैं नहीं, अब क्या करें? तभी संत के बेटे कमल आ गए। उनसे पूछा कि बाबा कब तक आएंगे? कमल दास ने बताया कि अब उनकी उम्र हो गई है। सब मंदिरों के दर्शन करके लौटते-लौटते रात हो जाती है। आप काम बोलो क्या है? लोगों ने लड़के के मरने की बात बता दी। कमल दास ने सोचा कोई बीमारी होती तो ठीक था पर ये तो मर गया है। अब क्या करें! फिर भी सोचा लाओ कुछ करके देखते हैं। शायद बात बन जाए। कमल दास ने कमंडल उठाया। लाश की तीन परिक्रमा की। फिर तीन बार गंगा जल का कमंडल से छींटी मारा और तीन बार राम नाम का उच्चारण किया। लड़का देखते ही देखते उठकर खड़ा हो गया। लोगों की खुशी की सीमा न रही। इधर संत को किसी ने बताया कि आपके कुटिया की ओर गांव के जमींदार और सभी लोग गए हैं। कबीर जी झटकते कदमों से बढ़ने लगे। उन्हें रास्ते में ही लोग नाचते कूदते मिले। कबीर जी कुछ समझ नही पाए। आकर कमल दास से पूछा क्या बात हुई? तो कमल दास तो कुछ और ही बताने लगा। बोला- गुरु जी बहुत दिन से आप बोल रहे थे न कि तीर्थ यात्रा पर जाना है तो अब आप जाओ यहां तो मैं सब संभाल लूंगा।

संत ने पूछा क्या संभाल लेगा? कमल दास बोला- बस यही मरे को जिंदा करना, बीमार को ठीक करना। ये तो सब अब मैं ही कर लूंगा। अब आप तो यात्रा पर जाओ जब तक आप की इच्छा हो। कबीर ने मन ही मन सोचा- चेले को सिद्धि तो प्राप्त हो गई है, पर सिद्धि के साथ ही साथ इसे घमंड भी आ गया है। पहले तो इसका ही इलाज करना पड़ेगा। बाद में तीर्थ यात्रा होगी, क्योंकि साधक में घमंड आया तो साधना समाप्त हो जाती है। संत ने कहा ठीक है। आने वाली पूर्णमासी को एक भजन का आयोजन करके फिर निकल जाऊंगा यात्रा पर। तब तक तुम आस-पास के दो चार संतों को मेरी चिट्ठी जाकर दे आओ। भजन में आने का निमंत्रण भी देना। संत जी ने चिट्ठी में लिखा था-कमल भयो कपूत, हमार कुल गयो डूब। कमल दास चिट्ठी लेकर एक संत के पास गए। उनको चिट्ठी दी। चिट्ठी पढ़ के वह समझ गए। उन्होंने कमल दास का मन टटोला और पूछा कि अचानक ये भजन के आयोजन का विचार कैसे हुआ? कमल दास ने अहं के साथ बताया- कुछ नहीं। गुरु जी की लंबे समय से तीर्थ पर जाने की इच्छा थी। अब मैं सब कर ही लेता हूं तो मैने उन्हें कहा कि अब आप जाओ यात्रा कर आओ। तो वह जा रहे है ओर जाने से पहले भजन का आयोजन है। संत दोहे का अर्थ समझ गए। उन्होंने कमल दास से पूछा- तुम क्या-क्या कर लेते हो? वे बोले वही मरे को जिंदा करना बीमार को ठीक करना जैसे काम। संत जी ने कहा आज रुको और शाम को यहां भी थोड़ा चमत्कार दिखा दो। उन्होंने गांव में खबर करा दी। थोड़ी देर में दो तीन सौ लोगों की लाइन लग गई। सब नाना प्रकार की बीमारी वाले। संत जी ने कमल दास से कहा- चलो इन सबकी बीमारी को ठीक कर दो। कमल दास तो देख के चौंक गए। अरे, इतने सारे लोग हैं। इतने लोगों को कैसे ठीक करूं। यह मेरे बस का नहीं है। संत जी ने कहा- कोई बात नहीं। अब ये आए हैं तो निराश लौटाना ठीक नहीं। तुम बैठो। संत जी ने लोटे में जल लिया और राम नाम का एक बार उच्चारण करके छींट दिया। एक लाइन में खड़े सारे लोग ठीक हो गए। फिर दूसरी लाइन पर छींटा मारा वे भी ठीक। बस दो बार जल के छींटे मार कर दो बार राम बोला तो सभी ठीक हो के चले गए। संत जी ने कहा- अच्छी बात है कमल दास। हम भजन में आएंगे। पास के गांव में एक सूरदास जी रहते हैं। उनको भी जाकर बुला लाओ फिर सभी इक्ठे होकर चलते हैं भजन में। कमल दास चल दिया सूरदास जी को बुलाने। सारे रास्ते सोचता रहा कि ये कैसे हुआ कि एक बार राम कहते ही इतने सारे बीमार लोग ठीक हो गए। मैंने तीन बार प्रदक्षिणा की। तीन बार गंगा जल छिड़क कर तीन बार राम नाम लिया तब बात बनी। यही सोचते-सोचते सूरदास जी की कुटिया पर पहुंच गया। जाके सब बात बताई कि क्यों आना हुआ। कमल दास सुना ही रहे थे कि इतने में सूरदास बोले- बेटा जल्दी से दौड़ के जा। टेकरी के पीछे नदी में कोई बहा जा रहा है। जल्दी से उसे बचा ले। कमल दास दौड़ के गए। टेकरी पर से देखा नदी में एक लड़का बहा आ रहा था। कमल दास नदी में कूद गए और लड़के को बाहर निकाल कर अपनी पीठ पर लादके कुटिया की तरफ चलने लगा। चलते- चलते उसे विचार आया कि अरे सूरदास जी को तो दिखता नही है। फिर उन्हें नदी और उसमें बहता लड़का कैसे दिख गया। उसका दिमाग सुन्न हो गया था। लड़के को भूमि पर रखा तो देखा कि लड़का मर चुका था। सूरदास ने जल का छींटा मारा और बोला- रा। तब तक लड़का उठ के चल दिया। अब तो कमल दास अचंभित कि अरे इन्हें तो पूरा राम भी नहीं बोला। खाली रा बोलते ही लड़का जिंदा हो गया। तब कमल दास ने वह चिट्ठी खोल के खुद पढ़ी की इसमें क्या लिखा है जब उन्होंने पढ़ा तो सब समझ में आ गया। वापस आ के संत जी से बोला गुरु जी संसार में एक से एक सिद्ध हैं उनके आगे मैं कुछ नहीं हूं। गुरु जी आप तो यहीं रहिए। अभी मुझे जाकर भ्रमण करके बहुत कुछ सीखने समझने की जरूरत है। कथा का तात्पर्य कि गुरू की कृपा से सिद्धियां मिलती हैं। उनका आशीर्वाद होता है तो साक्षात ईश्वर आपके साथ खड़े होते हैं। गुरू, गुरू ही रहेंगे। वह शिष्य के मन के सारे भाव पढ़ लेते हैं और मार्गदर्शक बनकर उन्हें पतन से बचाते हैं।

देश की समृद्धि तथा प्रगति का सूचक है नवसंवत

डॉ आशीष वशिष्ठ

नवसंवत हमारी संस्कृति से जुड़ा है। हम कितनी भी बुलंदियां छू लें, लेकिन अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। कुछ लोग नवसंवत के महत्व को नहीं समझते। अपने धर्म व संस्कृति के उत्सवों को मनाने का सभी में लगाव होना चाहिए। हमारे महापुरुषों व वीर योद्धाओं ने धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए बहुत बलिदान दिया है

भारतीय नववर्ष की शुरूआत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमे अहनि, शुक्ल पक्षे समग्रेतु तु सदा सूर्योदये सति। ब्रह्म पुराण में वर्णित इस श्लोक के अनुसार चैत्र मास के प्रथम सूर्योदय पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इस तिथि को रेवती नक्षत्र में, विष्कुम्भ योग में दिन के समय भगवान्‌ के आदि अवतार मत्स्यरूप का प्रादुर्भाव भी माना जाता है। इसलिए यही वो दिन है जब से भारत वर्ष की कालगणना की जाती है। हेमाद्रि के ब्रह्म पुराण के अनुसार, ब्रह्मा जी ने पृथ्वी की रचना चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन की थी।

प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (पड़वा) को मनाया जाना वाला नव संवत्सर पर्व यूं तो हिंदू कैलेंडर के मुताबिक नववर्ष कहलाता है, लेकिन ये दिवस विशेष भारतीय संस्कृति का परिचायक भी है। यही वजह है कि ये दिवस महज एक नया साल का प्रारंभिक दिवस नहीं बल्कि भारतवर्ष की सदियों और युगों की कई ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक घटनाओं का साक्षी भी है। वसंत ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है जो उल्लास, उमंग, खुशी तथा चारों ओर पुष्पों की सुगंध से भरी होती है। फसल पकने का प्रारंभ यानी किसान की मेहनत का फल मिलने का समय भी यही होता है। नक्षत्र शुभ स्थिति में होते हैं। यानी किसी भी कार्य प्रारंभ करने के लिए शुभ मुहूर्त होता है। युगों में प्रथम सत्य युग का प्रारम्भ भी इस तिथि को हुआ था।

कहा जाता है कि नवसंवत्सर कई मायनों में विशेष है, क्योंकि इससे कई ऐतिहासिक संदर्भ जुड़े हुए हैं। जैसे कि भगवान राम का राज्याभिषेक दिवस, शक्ति की आराधना वाले नवरात्र का आरंभ, शौर्य पर्व वाले विक्रम संवत का प्रारंभ तथा द्वापर युग में प्रारंभ हुए युधिष्ठर संवत् का समापन सतयुग में इसी दिन किया गया था, ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ, आर्य समाज की स्थापना का दिवस सहित भगवान झूलेलाल तथा महर्षि गौतम जी का जन्म भी इस विशेष नववर्ष के दिन ही हुआ है। वहीं गुरु अमरदास को भी गुरु गद्दी इसी दिन प्राप्त हुई तो स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना भी इसी दिन की थी। संघ संस्थापक डॉ. केश्वराव बलिराम हेडगेवार का जन्म विक्रमी संवत पर हुआ था। यही वजह है कि इस दिवस का जनमानस में विशेष महत्व है,क्योंकि ये त्योहार किसी एक वर्ग, संप्रदाय या धर्म का नहीं बल्कि हर भारतीय का है।

यह तिथि ऐतिहासिक महत्त्व की भी है। इतिहास के अनुसार शकों ने (शक जाति) उज्जैनी पर आक्रमण करके अपना साम्राज्य विदिशा और मथुरा तक फैला लिया था। उनके अत्याचारों से पीड़ित होकर जनता भयभीत हो उठी थी। तब तत्कालीन मालवा के प्रमुख नायक विक्रमादित्य ने आक्रमणकारियों को खदेड़ दिया था। विक्रम संवत को सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को पराजित करने के उपलक्ष्य में 57 ईसा पूर्व शुरू किया था। इसी दिन से चारों ओर प्राकृतिक वातावरण में नूतनता और मादकता आ जाती है, इसलिए इसे नया संवत कहना उचित है। नवसंवत को हम देश की समृद्धि तथा प्रगति का सूचक भी मानते हैं।

भारतीय पंचांग और काल निर्धारण का आधार विक्रम संवत है। वर्ष का पर्यायवाची है संवत। विद्वान कहते हैं कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सांस्कृतिक कारणों से भी नवसंवत का महत्व है। आज भले ही ग्रेगेरियन कैलेंडर के अनुसार एक जनवरी को मनाया जाने वाला नववर्ष ज्यादा चर्चित हो, लेकिन इससे कहीं पहले से अस्तित्व में आर्या हिंदू विक्रमी संवत आज भी धार्मिक अनुष्ठानों और मांगलिक कार्यों में तिथि व काल की गणना का आधार बना हुआ है।

विक्रमी संवत का संबंध सारे विश्व की प्रकृति, खगोल सिद्धांत और ब्रह्मांड के ग्रहों एवं नक्षत्रों से है। इसलिए भारतीय काल गणना पंथ निरपेक्ष होने के साथ सृष्टि की रचना को दर्शाती है। ब्रह्मांड के सबसे पुरातन ग्रंथ वेदों में भी इसका वर्णन है। नवसंवत यानी संवत्सरों का वर्णन यजुर्वेद के 27वें एवं 30वें अध्याय के मंत्र क्रमांक क्रमशः 45 व 15 में दिया गया है। सौर मंडल के ग्रहों एवं नक्षत्रों के चाल, उनकी निरंतर बदलती स्थिति पर भी हमारे दिन, महीने, साल और उनके सूक्ष्मतम भाग आधारित होते हैं। इस समय शीतकाल की शीतलता एवं ग्रीष्म काल की आतपता का मध्यबिन्दु होता है। वसंत के आगमन के साथ ही पतझड़ की कटु स्मृति को भुलाकर नूतन किसलय एवं पुष्पों से युक्त पादप वृंद इस समय प्रकृति का अद्भुत श्रृंगार करते हुए दिखलाई देते हैं। पशु-पक्षी, कीट-पतंग, स्थावर- जंगम सभी प्राणी नई आशा के साथ उत्साहपूर्वक अपने-अपने कार्यों में लगे दिखाई देते है। ऐसे उत्साहयुक्त समय में वार्षिक काल गणना का श्रीगणेश करते हुए नूतनवर्ष का स्वागत सहज ही प्रतीत होता है।

विक्रम संवत आज तक भारतीय पंचांग और काल निर्धारण का आधार बना हुआ है। सबसे बड़ी विशेषता इस कैलेंडर की यह है कि यह वैज्ञानिक रूप से कालगणना के आधार पर बना हुआ है। यही नहीं यूनानियों ने नकल कर भारत के इस हिंदू कैलेंडर को दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फैलाया। भले ही आज दुनिया भर में अंग्रेजी कैलेंडर का प्रचलन बहुत अधिक हो गया हो लेकिन भारतीय कैलेंडर की महत्ता कम नहीं हुई। आज भी हम अपने व्रत-त्योहार, महापुरुषों की जयंती-पुण्यतिथि, विवाह व अन्य सभी शुभ कार्यों को करने के मुहूर्त आदि भारतीय कैलेंडर के अनुसार ही देखते हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही वासंती नवरात्र भी प्रारंभ होते हैं। सबसे खास बात इसी दिन ही सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। ताज्जुब होता है जिस भारतीय कैलेंडर ने दुनिया भर के कैलेंडर को वैज्ञानिक राह दिखाई आज हम उसे ही भूलने लग गए हैं।

भारतीय हिंदू नववर्ष के दिन हम शुभकामनाएं देने से हिचकिचाते हैं शायद इसलिए की कहीं हम पर रूढ़ीवादी का टैग न लग जाए। जबकि अपनी संस्कृति संस्कारों का अनुसरण करना रूढ़िवादिता नहीं। यह तो वह बहुमूल्य धरोहर है जिससे एक तरफ पूरा विश्व सीख रहा है तो दूसरी ओर हम इस धरोहर को खोते जा रहे हैं। दुनिया को राह दिखाने वाली संस्कृति आज खुद राह से भटकने को मजबूर है। भले ही आज सोशल मीडिया पर हिंदू नववर्ष को मनाने के लिए हम सब संदेशों को प्रचारित प्रसारित कर रहे हों लेकिन हकीकत में उस दिन को भूल जाते हैं।

नवसंवत हमारी संस्कृति से जुड़ा है। हम कितनी भी बुलंदियां छू लें, लेकिन अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। कुछ लोग नवसंवत के महत्व को नहीं समझते। अपने धर्म व संस्कृति के उत्सवों को मनाने का सभी में लगाव होना चाहिए। हमारे महापुरुषों व वीर योद्धाओं ने धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए बहुत बलिदान दिया है क्या वह बलिदान इसलिए ही दिया था की एक दिन हम अपनी संस्कृति व धर्म को ही भूल जाएं। वास्तव में, विक्रम संवत न सिर्फ एक मान्यता है, बल्कि खगोलीय गतिविधियों को भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रमाणित करता है। विदेशी परंपराओं से परे अपनी भारतीय संस्कृति की इस अनमोल धरोहर व सटीक गणितीय गणना वाले विक्रम संवत का नई पीढ़ी में भी सही जानकारी के साथ प्रचार-प्रसार होना चाहिए। हर्षोल्लास के साथ हिंदू नव वर्ष मनाया जाना चाहिए। अपनी संस्कृति से जुड़कर ही हम देश व समाज के लिए कुछ सकते हैं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

आईएएस प्रांजल डांढा एवं सीओ कपिल देव ठाकुर को बंधक बनाने के मामले में तीन गिरफ्तार

दुमका। जिले के शिकारीपाड़ा के पुलिस ने रविवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी प्रांजल डांढा एवं शिकारीपाड़ा सीओ कपिल देव ठाकुर को बंधक बनाने के मामले में दर्ज प्राथमिक के दो प्राथमिक अभियुक्त एवं एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बीजीआर कंपनी की कोयला साईडिंग के लिए प्रस्तावित सड़क निर्माण के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी प्रांजल डांढा एवं अंचाधिकारी कपिल देव ठाकुर 20 फरवरी को डिंबादहा गांव होते हुए भिलाई टांड गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने उक्त दोनों अधिकारी के वाहनों को रोकते हुए उनके भ्रमण करने का कारण जानना चाहा।

पदाधिकारी के द्वारा उचित कारण नहीं बताए जाने और ग्रामीण पर भड़कने के कारण आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों पदाधिकारी को बंधक बना लिया था। सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार महतो शिकारीपाड़ा थाना के प्रभारी थाना प्रभारी गणेश पासवान, सहायक अवर निरीक्षक परवेज आलम एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज आलम के मौके पर पहुंचे। उसके बाद भी ग्रामीण पदाधिकारीयों को छोड़ने को तैयार नहीं हुए। तब जाकर डिंबादहा, भिलाईटांड एवं लाताकांदर के ग्रामीणों के साथ एक बैठक हुई। जिसमें पदाधिकारी के द्वारा लिखित कागजात देने पर उन्हें छोड़ा गया। मामले में अंचलाधिकारी कपिल देव ठाकुर के बयान पर शिकारीपाड़ा थाने में मामला दर्ज किया गया था। इन तीनों नामजद अभिक्तों में से दो नामजद अभियुक्त में एक लताकांदर गांव के अनिल मुर्मू एवं पातपहाड़ी गांव के राम सोरेन को शनिवार की देर शाम गिरफ्तार किया गया। वहीं पातपहाड़ी के ही अप्राथमिकी अभियुक्त लुखीराम मरांडी को रविवार को गिरफ्तार कर तीनों को न्यायिक हिरातस में जेल भेज दिया गया।

निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज में रखी लकड़ियों में आग लगी

कोडरमा। जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के करमा में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज में रखी पेड़ की लकड़ियों में रविवार को अचानक आग लग गई। सुखी लकड़ियों में आग पकड़ने से आग ने तुरंत भयावह रूप धारण कर लिया। इसके बाद निर्माण कार्य में लगे कर्मियों के सहयोग से पानी और बालू के सहारे आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। साथ ही इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। इसके बाद कोडरमा से दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। निर्माण में जुटे लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर आग लगी है उसके नजदीक वेल्डिंग का काम चल रहा था। संभवत वेल्डिंग की चिंगारी से लकड़ी में आग पकड़ लिया होगा। फिलहाल घटना में कितने का नुकसान हुआ है, इसका आकलन नहीं किया जा सका है।

विवेकानंद आईडीयल पब्लिक स्कूल के छात्रों का शैक्षणिक पर्यटन कार्यक्रम संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

डोमचांच। प्रखंड अंतर्गत रामकृष्ण विवेकानंद एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित विद्यालय विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल, नवादा चौक, धरगांव के बच्चों का शैक्षणिक पर्यटन कार्यक्रम संपन्न हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह एवं सचिव पंकज कुमार मेहता ने पर्यटन कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह पूरा संसार खुला किताब है। सीखने की प्रवृत्ति रखने वाले को हर एक घटना, संसार की हर एक व्यक्ति वस्तु जीव जंतु सीखाने के लिए पर्याप्त होता है। घुमक्कड़ी शिक्षा बड़ा ही मनोरंजन रुचिकर होता है। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में विद्यालय के कुल 16 बच्चों ने भाग लिया। इन सभी बच्चों को कोलकाता महानगरी में अवस्थित शैक्षिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक स्थानों का भ्रमण कराया गया। साथ ही साथ अखिल भारत विवेकानंद युवा महामंडल द्वारा आयोजित 41वें विवेक वाहिनी प्रशिक्षण शिविर में भी सभी बच्चों ने भाग लिया। जिसमें स्वामी विवेकानंद के शिक्षा पर आधारित अभिनय गीत खेलकूद परेड कहानी कथन भाषण प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को चरित्र निर्माण कारी शिक्षा दी गई। कार्यक्रम को संपन्न करने में बच्चों के साथ विद्यालय के शिक्षक भीमनाथ गोस्वामी एवं प्राचार्य जयप्रकाश मेहता का अहम भूमिका रहा। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाश मेहता ने कहा कि शैक्षिक पर्यटन बच्चों में शिक्षा के नए आयाम में रुचि उत्पन्न करता है। पुस्तकीय विद्या से कहीं बेहतर परिवार समाज से प्राप्त होने वाली शिक्षा है, साथ ही साथ देश में फैले हुए विभिन्न ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्थलों का परिभ्रमण है। कार्यक्रम में विद्यालय के रिशु पासवान, आर्यन कुमार, पीयूष, प्रताप, वीरेंद्र चौधरी, धीरज कुमार, विशाल यादव, दीपक यादव इत्यादि विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया तथा अपने माता-पिता एवं शिक्षक का आभार व्यक्त किया।

प्रवासी मजदूरों को डीसी ने लिखी चिट्ठी, कहा 'चुनाव है, वोट देने आइए' : डीसी

बीएलओ वीडियो कॉल पर दूसरे राज्यों में रह रहे लोगों को दिखाएंगे चिट्ठी



रामगढ़ । लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदाता शामिल हों, इसके लिए अलग-अलग तरीके से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस बार प्रवासी मजदूरों को भी बुलाने की अपील की गई है। 'चिट्ठी आई है' अभियान के तहत रविवार को रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने प्रवासी मजदूर भाइयों के नाम एक चिट्ठी लिखी है। उस चिट्ठी में मतदान की तिथि का जिक्र करते हुए यह अपील की गई है कि वे वोट डालने अपने घर जरूर आएं। डीसी की यह चिट्ठी सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को उपलब्ध करा दी गई है। यह चिट्ठी लेकर बीएलओ उन घरों में जाएंगे, जिनके घर के सदस्य दूसरे राज्य में रहकर काम कर रहे हैं। उनके घर से ही वीडियो कॉल लगाया जाएगा और प्रवासी मजदूरों को डीसी की चिट्ठी दिखाई जाएगी।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मेडिकल लैबोरेट्री की महिला सदस्यों ने किया रक्तदान

रामगढ़। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रविवार को झारखंड मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट संगठन की महिला सदस्यों ने रक्तदान किया। रामगढ़ के पुराने सदर अस्पताल परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में 52 यूनिट ब्लड का कलेक्शन हुआ। इस शिविर में बतौर अतिथि डॉक्टर ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉक्टर उदय श्रीवास्तव एवं सदर अस्पताल ब्लड बैंक के पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर रेणु उपस्थित हुए। इसके साथ ही ब्लड बैंक के अजय चित्रा , सोनी , गुलाबी, अनिशा एवं झारखंड मेडिकल लैबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राम नीरेख दुबे, उपाध्यक्ष अजीत मंडल, सचिव टिकेश्वर प्रसाद कुशवाहा, वेलफेयर सेक्रेटरी रवि शेखर सिंह , सुनील यादव ,अमरजीत भारती ,मुकेश कुमार सिन्हा , विनोद कुमार ने भी शिविर के आयोजन में योगदान दिया।

कृषि बाजार में लगी आग, परिसर में खड़ी आठ गाड़िया जली

धनबाद। धनबाद के बरवाअड्डा स्थित कृषि बाजार समिति परिसर में रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई। इस आग की चपेट में आकर वहाँ खड़ी 8 गाड़िया जल कर खाक हो गयी। सभी गाड़िया बरवाअड्डा थाना के द्वारा जब्त की गयी थी। जैसे ही आग लगी कृषि बाजार समिति के लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद अग्निशमन विभाग की दो गाड़िया लेकर मौके पर पहुंचे दीपक कुमार और उनकी टीम ने घंटो मसाकत के बाद आग पर कबू पाया ,जिससे एक बड़ी घटना घटने से बच गयी। बरवा अड्डा चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि जहाँ आगजनी की घटना घटी है, वहां 400 से भी ज्यादा दुकाने है और थाना द्वारा जब्त 5 दर्जन से ज्यादा गाड़िया इसी कैंपस मे खड़ी की गयी है। जिसमे तीन डीजल से भरे टैंकर भी वहीं लगा हुआ है।

गर्मी में नन्हे रोजेदार रोजा रख कर खुदा की इबादत कर रहे है

गुमला। तपती गर्मी के बीच माहे रमजान के पवित्र महीने में भुखे प्यासे रहकर नन्हे रोजेदार खुदा की इबादत कर रहे है. इतना ज्यादा गर्मी व चिलचिलाती धूप होने के बाद भी नन्हे रोजेदार अपने इमान में है और खुदा की बंदगी में लगे हुये है. बड़े बुजुर्गों के अलावा नन्हे रोजेदार पूरे नियम का पालन कर रहे है. आजाद बस्ती निवासी आयशा सिद्दीका (4) ने कही कि वे इस वर्ष पहली बार रोजा रख रही है. रोजा रखने से हमें नेकी मिलेगा और हम नेकी से हमेशा आगे बढ़ते हुये तरक्की करेंगे. रजा कॉलोनी निवासी रौनक आलम (12) तीन वर्षों से रोजा रख रहा है. उन्होंने कहा कि मैं अपने से बड़ों को रोजा रखते हुये देख रहे है, जिसके बाद हम भी रोजा रखना शुरू कर दिये है. बाबर गली निवासी नायाब जरीन (10) चार वर्षों से रोजा रख रहे है. उन्होंने कहा कि रोजा रखना अच्छा लगता है वहीं बाजार तांड के रहने वाले 10 वर्षीय हुजैफा कामरान अंसारी पिता हाजी सुल्तान अंसारी ने कहा कि रमजान के मौके पर हम सब पाबंदी के साथ रोज और नमाज में लग जाते हैं जिससे बहुत सुकून मिलता है बाकी दिनों में भी कोशिश करूंगा नमाज पाबंदी के साथ हम सभी पढ़े और इस दौरान हम खुदा की इबादत कर सभी के लिये खुशी की दुआ करते है. थाना रोड निवासी आतिफ अनवर (9) दो वर्षों से रोजा रख रहे है. उन्होंने कहा कि रोजा रखने के बाद सुबह का सेहरी व शाम में इफ्तार करना अच्छा लगता है. आजाद बस्ती निवासी अयान अहमद (8) ने कहा कि तीन वर्षों से रोजा रख रहे है. रोजा रखने से खुदा खुश होंगे और हम सभी की दुआ को कबूल करेंगे. इस मौके पर थाना रोड के रहने वाले 55 वर्षीय साजिद अख्तर ने बताया कि रमजान के मौके पर हम सब बहुत ही श्रद्धा के साथ इबादत करते हैं और गरीब यतीम गरीब महिला पुरुष सभी को मदद करते और ईद की खुशी में सभी को शामिल करते हैं लेकिन चंद दिनों के बाद यह अफजल महीना हम सबसे विदा होने को है जिसका बहुत मलाल हो रहा है अल्लाह से दुआ है अगले साल फिर हम सब इसी तरह रमजान के मौके पर इबादत करेंगे।

रील्स बनाओ, शॉट्र्स बनाओ, मतदाताओं को जागरूक करो और इनाम पाओ

जामताड़ा। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की ज्यादा से ज्यादा संख्या बढ़ाने लिए चुनाव आयोग तरह-तरह के प्रयोग कर रहा है। इसके लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले और डिजिटल कलाकार को भी इसमें शामिल किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी कुमुद सहाय ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रांची द्वारा झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट को 10 अप्रैल तक विस्तारित किया गया है। इसके तहत शॉर्ट फिल्म्स, म्यूजिक वीडियो, रील मेकिंग तथा पोस्टर मेकिंग जैसी चार कोटि निर्धारित की गई है। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए विस्तृत जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। सभी कोटियों में प्रविष्टियां प्राप्त होने के उपरांत मुख्यालय स्तर पर गठित निर्णायक मंडली द्वारा उनमें से बेहतर रचनाओं को चयनित करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कारों का निर्णय करते समय संबंधित प्रतिभागी के सोशल मीडिया इंगेजमेंट को भी आधार बनाया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने जिले के स्थानीय फिल्मकार, निर्देशक एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से अपील की है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में हिस्सा लें और मतदान करने के लिए जिलावासियों को प्रेरित करें। इसके लिए वोटरों को प्रेरित करने वाले रिल्स, शॉर्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, पोस्टर मेकिंग आदि बनाएं।

एक नजर

गिरफ्तारी: वर्षो से फरार चल रहे तीन अभियुक्त को सतगांवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवप्रदेश, सतगावां। पुलिस ने वर्षो से फरार चल रहे तीन अभियुक्त को सतगांवा पुलिस गिरफ्तार किया है। बता दें कि थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती पंचायत निवासी बीरेंद्र सिंह पिता दुलारचंद सिंह तथा दुलारचंद सिंह पिता-स्व० बबनी सिंह उ-30/97 अभियुक्त को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते चलें कि दोनों पिता -पुत्र करीब 27 वर्षो से फरार चल रहे थे। वहीं पुलिस ने एक अन्य गैर जमानती ऋ्रू101/20 के अभियुक्त ईटांय निवासी धर्मेंद्र राजवंशी पिता-राजेन्द्र राजवंशी को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तारी दल में थाना प्रभारी विजय गुप्ता, एस.आई. बृज नन्दन प्रसाद, हवलदार रामदेव यादव पुलिस बल व स्थानीय चौकीदार शामिल थे।

चुनाव को लेकर आजसू पार्टी कार्यकताओं की हुई बैठक

नवप्रदेश, कोडरमा। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कोडरमा संसदीय क्षेत्र के लिए आजसू का लोकसभा प्रभारी बनाए जाने पर केंद्रीय सचिव अजीत बरनवाल को पार्टी कार्यकताओं ने बधाई दी है। रविवार को श्री बरनवाल के आवासीय कार्यालय में आजसू पार्टी कार्यकताओं की बैठक हुई। श्री बरनवाल ने कहा कि कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी रिकॉर्ड मतों से जीतेंगी। झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्र में एनडीए की प्रचंड जीत होगी। मौके पर केंद्रीय सचिव संतोष सहाय, जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता, जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, केंद्रीय समिति सदस्य मनोज यादव, अभिनंदन यादव, शंकर साव, मंटू गुप्ता, शंभू बरनवाल, रोहित मेहता, जितेंद्र मेहता उपस्थित थे।

अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी 250 लीटर देशी शराब जप्त 2500 कि0 ग्रा0 जावा महुआ विनष्ट

नवप्रदेश, कोडरमा। लोक सभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, कोडरमा के आदेशानुसार दिनांक 06.04.2024 को अधीक्षक उत्पाद, कोडरमा के पर्यवेक्षण में अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल, कोडरमा, अवर निरीक्षक उत्पाद, कोडरमा अंचल एवं अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल-2, कोडरमा के द्वारा तिलैया थानान्तर्गत हथुआधारन एवं मरियामा कुरहा में स्थित अवैध शराब के व्यापार के विभिन्न स्थानों पर छापामारी की गई। छापामारी में कुल 250 लीटर अवैध चुलाई शराब जप्त एवं 2500 कि० ग्रा० अवैध जावा महुआ बरामद कर विनष्ट किया गया। साथ ही अवैध शराब के व्यापार में संलिप्त कुल 05 व्यक्तियों यथा अजय यादव, नितिश यादव, उपेन्द्र यादव, सुदर्शन यादव एवं सुभाष यादव के विरूद्ध उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है।

वीर कुंवर सिंह स्टेडियम घंघरी में नौजवानों का एक बैठक संपन्न

नवप्रदेश, गिरिडीह। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत वीर कुंवर सिंह स्टेडियम घंघरी में नौजवानों का एक बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप राज्य कमिटी सदस्य सह ऐक्टू जिला सचिव विजय पासवान जयनगर प्रखंड सचिव अशोक यादव महावीर शर्मा उपस्थित रहे बैठक में सर्वसम्मति से नौजवानों ने इस बार महागठबंधन के उम्मीदवार कॉमरेड विनोद सिंह को भारी मतों से विजय बनावे का निर्णय लिया गया बैठक में देवानंद सिंह संतोष राणा जितेंद्र सिंह अमर परमार दिलीप पासवान गुना सिंह प्रिंस राणा कमलेश पंडित प्रिंस राणा मुन्ना पंडित सचिन सिंह अमिश सिंह विशाल पंडित सुल्तान सिंह राहुल कुमार करण सिंह मंटू पंडित गंगाधर मंडल चंदन पंडित सचिन सिंह राहुल पंडित आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

शोकाकुल परिजनों से मिले पूर्व विधायक बंधाया ढाढस



नवप्रदेश, बरकट्ठा। विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड जयनगर, पंचायत कटिया के परसाबाद बाजार निवासी व्यवसायी ध्रुव गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, अनिल गुप्ता, पवन गुप्ता के भाई विजय गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया। सूचना मिलने पर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के जन-जन के नेता, गरीबों की आवाज, लोकप्रिय पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव उनके शोकाकुल परिजनों से मिलकर इस दुख की घड़ी में धैर्य बंधाए व गहरी शोक संवेदना प्रकट कर मृतक की आत्मा को शांति मिले की कामना ईश्वर से किए। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि महावीर यादव, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया प्रतिनिधि हिन्दकिशोर राम, डेगलाल चौधरी, बिंदेश्वरी बिहारी, विवेक गुप्ता, सुभाष मोदी, जितेंद पासवान, सहदेव राणा, संदीप राणा, राजेश शर्मा, संदीप यादव, विशाल कुमार, रवि ठाकुर, बजरंगी मोदी सहित भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

जरीडीह थाना क्षेत्र के नूतनडीह में एक मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़



बोकारो। लोक सभा चुनाव के मद्देनजर जरीडीह थाना अंतर्गत जिला उत्पाद बल एवं स्थानीय जरीडीह थाना के सहयोग से नूतनडीह ग्राम में अवैध विदेशी शराब के मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया. छापेमारी के क्रम में विधिवत तलाशी के दौरान बाउंड्री के अंदर बने, एक कमरे एवं जमीन के अंदर छिपाकर रखे गए शराब सहित अन्य कई रिकवरी की गई. बताया जाता है कि जमीन के अंदर गाड़े ड्राम के अंदर बोरे में रखी, विदेशी शराब एवं अन्य सामग्री बरामद हुआ. छापामारी के बाद नूतनडीह निवासी अभियुक्त बसंत महतो के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया. छापामारी दल में उत्पाद निरीक्षक संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक चन्द्रपुरा सह तेनुघाट सुश्री दीपिका कुमारी जरीडीह थाना प्रभारी अमित राय, पु०अ०नि० सोनू चौधरी पु०अ०नि० विकास विश्वकर्मा एवं सशस्त्र बल मौजूद थे। जब्त सामग्री विदेशी शराब-675 लीटर (विभिन्न ब्रांड), सुषव-500 लीटर (3 ड्राम में), तैयार रंगीन शराब 9 पानी के जार में -180 लीटर, विभिन्न ब्रांड के 4000 लेबल, 4000 ढक्कन, नकली होलोग्राम 5000 तथा एक जरकिन में केरामेल 5 लीटर जब्त किया गया।

लातेहार में खत्म हुआ नक्सलियों के भय का माहौल, मतदाताओं का उत्साह चरम पर

लातेहार। झारखंड का नक्सल प्रभाविज लातेहार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार मतदाताओं में वोटिंग को लेकर गजब का उत्साह है। अब ग्रामीणों में नक्सलियों का भय खत्म हो गया है। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद जिन ग्रामीण इलाकों में पहले भय का माहौल रहता था, वहीं अब मतदाताओं का उत्साह चरम पर दिख रहा है। यह नजारा लातेहार जिले के गारू, महुआडांड़ आदि प्रखंडों के गांवों में नजर आ रहा है। दरअसल लातेहार जिले के ग्रामीण इलाकों में चुनाव के बाद मतदान बहिष्कार के नारे गूंजने लगते थे। नक्सली गांव-गांव घूमकर लोगों को धमकी देते थे कि वोट देने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। नक्सली धमकी के कारण ग्रामीण भयभीत रहते थे और मतदान करने से कतराते थे। लेकिन पिछले कुछ सालों में जिस तरह से पुलिस और सुरक्षा बलों की ओर से नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है, इससे नक्सलियों का प्रभाव काफी हद तक खत्म हो गया। गारू, महुआडांड़ आदि प्रखंडों के ग्रामीण इलाकों में पिछले कुछ वर्षों से ग्रामीण वोट देने के लिए निकलने लगे थे। इस बार तो ग्रामीणों का उत्साह चरम पर है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों के बीच बनाये गये सुरक्षा के माहौल से ग्रामीण अब काफी सुरक्षित महसूस करने लगे हैं। इसी का नतीजा है कि लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर ग्रामीण इलाकों में मतदाताओं का उत्साह आसमान छू रहा है।

शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प

लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति लोगों की जागरूकता का स्तर यह है कि जिन इलाकों में ग्रामीण चुनाव का जिक्र तक नहीं करते थे, वहां अब जगह-जगह संकल्प सभाएं आयोजित कर शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प ले रहे हैं। गारू प्रखंड के गोइंदी, साल्वे, महुआडांड़ के बॉसखरचा समेत अन्य गांवों में ग्रामीणों का उत्साह चरम पर है। इन गांवों के ग्रामीण खुद मतदान करने का संकल्प ले रहे हैं और अन्य ग्रामीणों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गांव में स्थिति यह है कि किसी भी मतदाता से पूछने पर वह बताता है कि 20 मई को लोकसभा का मतदान होना है। ग्रामीण इलाकों में स्थित मतदान केंद्रों की स्थिति का जायजा लेने पहुंची लातेहार डीसी गरिमा सिंह और जिले के अन्य अधिकारी ग्रामीणों का उत्साह देख दंग रह गये। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों से कहा कि उनके गांव के सभी मतदाता निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करेंगे। ग्रामीणों का उत्साह देख डीसी ने भी खुशी जतायी। डीसी ने कहा कि क्षेत्र में मतदाताओं का उत्साह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। वहीं, सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किये जा रहे हैं।

एक नजर

बलियापुर बीडीओ एवं थाना प्रभारी ने किया अंतरराज्यीय चेकनाका का औचक निरीक्षण

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा के निदेशानुसार आज दिनांक 6 अप्रैल 2024 को आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी बलियापुर आशीष भारती द्वारा संयुक्त रूप से अंतरराज्यीय चेकनाका का औचक निरीक्षण किया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी ने सर्वप्रथम बलियापुर थाना अंतर्गत पश्चिम बंगाल सीमा से सटे दामोदर नदी घाट पर घड़बड़ चेक पोस्ट, कालीपुर घाट, सरिसा कुंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की उपस्थित थे एवं वाहनों की जांच की जा रही थी।तत्पश्चात सिंदरी थाना अंतर्गत सिंदरी बस्ती, डोमगढ़ एवं टासरा घाट का भी निरीक्षण किया गया। सिंदरी बस्ती चेक पोस्ट के लिए प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी कुर्बान अंसारी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित दंडाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी चेकनाका में सघन जांच करने का निर्देश दिया गया है।

टाटा स्टील झरिया डिवीजन के कर्मचारियों ने ली मतदाता शपथ

धनबाद। टाटा स्टील के झरिया डिवीजन द्वारा आयोजित वेलनेस वॉक के दौरान सभी प्रतिभागियों ने टाटा स्टील झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर संजय राजोरिया के नेतृत्व में मतदाता शपथ ली। इसमें अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। वॉक में मतदाता जागरूकता पर चर्चा के साथ प्रतिभागियों को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेकर समाज की बेहतरी में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। राजौरिया ने कहा कि मतदाता शपथ लेना, मतदान करने के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के प्रति एक प्रतीकात्मक प्रतिबद्धता है। यह नागरिक कर्तव्य के महत्व को रेखांकित करता है। साथ ही मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देता है।

सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

धनबाद। लोकसभा चुनाव के सफल तथा त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों के लिए श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में आयोजित 2 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आज समापन हुआ। बाघमारा, झरिया और टुंडी विधान सभा के 260 सेक्टर और पुलिस पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, उमेश लाल, कुमार वंदन, आलोक कुमार तिवारी, पुष्कर झा, देवेश त्रिवेदी, संतोष झा, बृज भूषण पांडेय सहित अन्य प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया। इसमें वल्नेरेबल मैपिंग, मतदान केंद्र में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, पोल डे से एक दिन पहले के कार्य, मतदान के दिन के कार्य एवं मतदान संपन्न होने के बाद के कार्य में उनके दायित्व के बारे में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही सभी को ईवीएम हैंड्स ऑन कराया गया और मॉक पोल करने के तरीके बताए गए।

घरेलू विवाद में विवाहिता ने की आत्महत्या

चतरा। चतरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तपेज इलाके में घरेलू विवाद में विवाहिता के द्वारा आत्महत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। घटना देर रात की बताई जा रही है। जहां गांव के रौशन दांगी की पत्नी प्रीति कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी सदर थाना पुलिस सहित मृतिका के मायके वालों को दी गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मृतक विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं जानकारी के बाद पहुंचे मृतिका के मायके वालों ने पति, सास, बहन व बहनोई पर हत्या कर साक्ष्य छुपाने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस मृतिका के मायके वालों के फर्द बयान पर पुछताछ के लिए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है, साथ ही पुलिस विवाहिता के हत्या से संबंधित हर पहलुओं की जांच कर रही है। बताते चले आपको की पुलिस जांच में जुटे हैं और हर बिंदु पर जांच कर रहा है जबकि एक की गिरफ्तारी हो चुकी है बाकी लोग फरार बताए जा रहे हैं अब सवाल यह उठता है कि हत्या है या फिर आत्महत्या है यह जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकता है।

खधैया में भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया

चतरा। टंडवा प्रखंड अंतर्गत खधैया में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय और प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित थे। कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्त्ता सौभाग्यशाली हैं जो आज दुनिया के सबसे बड़े पार्टी के कार्यकर्त्ता हैं और जिसके नेता दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी हैं। भारतीय जनता पार्टी पहली बार दो सीट जीती थी और आज 400 पार करने की स्थिति में है। उपस्थित सभी कार्यकताओं ने 400 पार और चतरा में 5 लाख पार का लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित हुए और इसके लिए सभी बूथों पर 90 प्रतिशत मत भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह के पक्ष में मतदान कराने के लिए संकल्पित हुए। मौके पर विशेष रूप में रामचंद्र गुप्ता, रामदास राणा, देवनाथ महतो, हरेन्द्र राणा, मुकेश राणा व अन्य उपस्थित थे।

विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सदर अस्पताल में फ्री लीगल ऐड और स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता शिविर का आयोजन

गुमला। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्रा के निदेर्शानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के सचिन निर्मला बरला के मार्गदर्शन पर आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष पर सदर अस्पताल गुमला में एलएडीसी बुन्देश्वर गोप, जितेंद्र सिंह और पीएलवी तेतरू के द्वारा फ्री लीगल ऐड और स्वस्थ से सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें एलएडीसी बुन्देश्वर गोप जी ने कहा कि सभी लोगो को अपने स्वस्थ के सजग रहना चाहिए, तथा सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। शोच जाने के बाद अपने हाथों को साबुन से अच्छे तरीके से धोना चहिये, भोजन करने के पहले भी अच्छे से अपने हाथ साबुन से धोना चाहिए जहां तक हो सके ,ताजा भोजन ही करना चाहिए । किसी भी तरह की बीमारी होने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह ले कर ही कोई दवाई लेनी चाहिए बीमार होने पर झाड़ फूक के चकर मैं नहीं पड़ना चाहिए। असिस्टेंट एलएडीसी जितेंद्र सिंह जी ने कहा कि बीमार होने पर सरकारी हॉस्पिटल मे जाकर मुफ़्त इलाज करा सकते है, सरकारी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा के साथ मुफ्त में दवाई तथा सभी प्रकार के जांच उपलब्ध रहते हैं , गंभीर बीमारी पर बाहर के अस्पताल जाने हेतु मुफ्त में एंबुलेंस भी अस्पताल के द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। बीमार पड़ने पर तुरंत अस्पताल पहुंचना चाहिए और अपने स्वास्थ के प्रति हमें जागरूक रहना चाहिए, क्योंकि हम स्वस्थ रहेंगे तो सभी तरह के कार्य अच्छे ढंग से कर पाएंगे।

आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु धनबाद पुलिस दृढ संकल्पित, मीडिया सेल का किया गया गठन

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु धनबाद पुलिस दृढ संकल्पित है ' इसी मुहिम के तहत सोशल मीडिया पर चुनाव से सम्बंधित पोस्ट/ सूचनाओं पर नजर रखने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार मीडिया सेल का गठन किया गया है ' रविवार को वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद के निदेर्शानुसार पुलिस केंद्र धनबाद में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय 2) संदीप कुमार गुप्ता तथा पुलिस उपाधीक्षक अर्चना खलखो के द्वारा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया' शिविर में धनबाद जिले के सभी थानों में नामित मीडिया सेल के नोडल पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मीडिया सेल के जरिए सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर निगरानी रखना है ' पुलिस की टीम सोशल मीडिया पर किसी पार्टी/प्रत्याशी अथवा राजनीतिक दल के सदस्यों से सम्बंधित वैसे पोस्ट अथवा कंटेंट को चिन्हित करेगी जिससे एम सी सी के निदेर्शों का उल्लंघन होता हो, वैसे लोगों के खिलाफ विधि अनुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं ' सोशल मीडिया पर किसी धर्म, समाज अथवा समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने की जेसीबी करवाई

बोकारो। सरकारी जमीन पर लालच भरी निगाह रखने वाले भू माफियाओं पर आखिर कार जेसीबी की गाज गिरा ही दी गई। प्रशासन के इस कठोर एक्शन से सरकारी भूमि को येन केन प्रकारेण हथियाने वाले भू माफियाओं को जबर्दस्त झटका लगा है। प्रशासन ने अपने जेसीबी एक्शन से यह बता दिया है कि भू माफियाओं के दिन लद लग गए और अगर वे सरकारी जमीन पर लालच भरी निगाह रखेंगे तो इसका खामियाजा उन्हें बूरी तरह भुगतना पड़ेगा। प्रशासन का ऐसा ही एक एक्शन दिखा और सरकार के जेसीबी ने सरकारी भूमि पर कब्जा बना कर खड़ा कर दिए गये ढांचा को ढाह कर मिट्टी में मिला दिया। देखते ही देखे जमीन वीरान हो गई औ मलवा इधर उधर बिखेर कर अपनी तबाही कि कहानी बयां करनें लगा। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण और अवैध कब्जा ने जरीडीह अंचल अधिकारी प्रणव ऋतुराज को ऐसा विचलित किया की वे पहुंच गये टांड मोहनपुर। यहां के पंचायत भवन के समीप गैर-मजरूवा भूमि पर पंचायत के दबंग लोगों के द्वारा रात में अवैध निर्माण कर खड़ा किया गया ढांचा को ही ओ ने जेसीबी लगाकर तोड़वा दिया। अंचल अधिकारी प्रणव ऋतुराज की मानें तो पूर्व से ही टांड मोहनपुर पंचायत भवन के समीप गैर-मजरूवा भूमि प्लॉट न० 115 पर सरकारी भवन के निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तावित है। किंतु गांव के ही कुछ दबंग लोगों के द्वारा उक्त भूमि पर रात के अंधेरे में अवैध निर्माण किया गया । इसकी सूचना मिलने पर उन्होंने जेसीबी लगाकर उक्त निर्माण को ध्वस्त करा दिया और सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण करने वाले लोगों को चिन्हित कर आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

नवगठित प्रेस क्लब चतरा की पहली कार्यसमिति की बैठक संपन्न

चतरा। चतरा जिला मुख्यालय के परिषद भवन परिसर में स्थित उत्सव पैलेस में प्रेस क्लब चतरा के नवगठित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आहूत की गई। पहली कार्य समिति की बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील कश्यप व संचालन सचिव जितेंद्र कुमार तिवारी ने की। बैठक में उपाध्यक्ष अजीत कुमार सिंहा, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष बंटी कुमार समेत कार्यकारिणी सदस्य नवीन पांडेय, संतोष केसरी, शैलेश कुमार, अजय चौरसिया, श्रीकांत राणा, कुलदीप राम, जितेंद्र कुमार, रणधीर सिंह, अजीत पांडेय, अमीत सिंह शामिल हुए। बैठक में प्रेस क्लब कार्य समिति के सदस्यों ने निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शिता पूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सहयोग करने वाले तदर्थ कमेटी, चुनाव संचालन समिति, सदस्यता समीक्षा समिति और निवार्ची पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया व धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप ने कहा कि चतरा जिले में पहली बार 156 पत्रकार बंधुओं में से 153 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया और नई कमेटी को कार्य करने का मौका दिया है।

सड़क दुर्घटना में पत्नी और बेटी की मौत

लोहरदगा। किस्को के लिवेंस अकादमी स्कूल के निक सड़क दुर्घटना में महिला और बच्ची की मौत हो गई। बताया जाता है कि थाना किस्को क्षेत्र के परहेपाट पंचायत अंतर्गत हिरदे टोली निवासी शमशेर अंसारी अपनी पत्नी और एक साल की बेटी के साथ लोहरदगा ईद की खरीदारी करने आ रहे थे। इसी दौरान लोहरदगा की ओर से बाइक पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने शमशेर आलम की बाइक को टक्कर मार दी। इससे वे अनियंत्रित हो कर सड़क पर गिर गए। इसी क्रम में सड़क पर गुजर रही ट्रेलर ने शमशेर अंसारी की पत्नी रूमाना खातून और एक साल की बेटी सुमैया फिरदौस को अपने चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से शमशेर अंसारी को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

ललित एक्का बने आई. यू. एम. एल. के गुमला जिला अध्यक्ष

विमेंस लीग की जिला अध्यक्ष शाबान खातून बनी

गुमला। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग गुमला जिला की एक बैठक आजाद बस्ती गुमला में रखी गई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश सचिव मोहम्मद शाहिद ने की। मोहम्मद शाहिद ने बताया कि पहले गुमला जिला अध्यक्ष का प्रभार उनका था। प्रदेश कमिटी ने उनको प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी है। इसलिए गुमला जिला कमिटी का पुनर्गठन हुआ है। मोहम्मद शाहिद ने बताया कि पार्टी ने 3 महीने का राज्यव्यापी सदस्यता अभियान चलाया और पूरे राज्य में लाखों सदस्य बनाए। गुमला जिला कमिटी ने 3 महीने में 14700 सदस्य बनाए। मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष मोड्ड साजिद आलम ने गुमला जिला कमिटी की लिस्ट जारी की है जिसमे जिला अध्यक्ष ललित एक्का को बनाया गया। महासचिव अफरोज कुरैशी, कोषाध्यक्ष एडवोकेट शावेज अफसर, उपाध्यक्ष मोहम्मद आदिल, सचिव मोहम्मद शादाब तथा परवक्ता फिरोज खान को बनाया गया। पार्टी की महिला मोर्चा विमेंस लीग की अध्यक्ष शबाना खातून बनी। महासचिव सकीना परवीन, संगठन सचिव सफीना खातून, कोषाध्यक्ष सलमा खातून, उपाध्यक्ष कोरैशा खातून तथा सचिव संजीदा खातून को बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने गुमला जिला कमिटी की सराहना करते हुए कहा है कि गुमला जिला पार्टी के लिए बहुत ही मजबूत जिला है जिसमे पार्टी ने मेहनत की है और जमीनी स्तर पर संगठन को बनाने का काम किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला कमिटी को निर्देश दिया है की आने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला कमिटी आगामी 15 दिनों में प्रखंड तथा पंचायत कमिटी की लिस्ट प्रदेश कमिटी को सौंपे।

प्रदेश सचिव शाहिद ने यह भी बताया कि मुस्लिम लीग केरल और तमिलनाडु में इंडिया गठबंधन के साथ है और झारखंड में भी उम्मीद है की सम्मानजनक स्थान मिलने पर हम गठबंधन धर्म निभायेगे। जिस तरह केंद्र सरकार भारत के सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कभी एऊ के द्वारा विपक्ष के मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी, कभी विपक्ष के बैंक खातों को सील करना, इलेक्ट्रोल बॉन्ड का मामला, चुनाव से तुरंत पहले उ.अ.अ. लागू कर वोट का ध्रुवीकरण करने की कोशिश, शिक्षा, स्वस्थ और रोजगार की जगह धर्म में जनता को उलझा कर रखना। देश की जनता सब देख रही है और लोकसभा चुनाव में जवाब देगी। जिला अध्यक्ष ललित एक्का ने कहा की प्रदेश कमिटी ने जिस तरह उनपर विश्वास जताया है, वो उसपर पूरी तरह खरा उतरने की कोशिश करेंगे और जल्द से जल्द ब्लॉक तथा पंचायत कमिटी की लिस्ट प्रदेश को भेजेंगे। महिला अध्यक्ष शबाना खातून ने भी प्रदेश कमिटी का आभार वयक्त करते हुए कहा की महिला देश की आधी आबादी है और किसी भी सरकार को जिताने और हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस बार के चुनावों में महिलाओं को जागरूक कर के वोट के जरिए सत्ता परिवर्तन का काम किया जायेगा। गुमला जिला की मुस्लिम, आदिवासी, दलित तथा पिछड़ी महिलाओं के साथ विमेंस लीग खड़ी है। बैठक में मंच का संचालन जिला महासचिव अफरोज कुरैशी तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश प्रवक्ता फिरोज खान ने किया।

108 वर्षीया वयोवृद्ध मतदाता से मिले मनीष जायसवाल, लिया आशीर्वाद

रामगढ़ के 28 गांव में जनसंपर्क कर मनीष जायसवाल ने मांगा समर्थन

रामगढ़ । हजारीबाग लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल घर-घर जाकर नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बता रहे हैं। रविवार को वह रामगढ़ के 28 गांव में जनसंपर्क कर भाजपा के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 62 वर्षों में सिर्फ भ्रष्टाचार किया और देशवासियों को ठगा। लेकिन नरेंद्र मोदी की 10 वर्षों की सरकार ने भारत को विश्व के अग्रणी स्थान पर पहुंचाया है। भाजपा सरकार ने देशवासियों के जीवन स्तर को और ऊंचा किया है। देश और समाज के विकास के लिए भाजपा को वोट देना है। इस दौरान रामगढ़ जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता और आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारा गठबंधन स्वाभाविक है। हजारीबाग और रामगढ़ की जनता इस लोकसभा का फूल भी नरेंद्र मोदी को समर्पित करेगी। मनीष जायसवाल ने रविवार को रामगढ़ के ग्राम कोठार में बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभियान शुरू किया। मुर्रामकला में पटेल छात्रावास में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ग्राम छत्तर मांडू में समाजसेवी बिरेन सिंह और छत्तर असना टोला में 108 साल की उम्र की अति वृद्ध मतदाता से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और आशिर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कोठार, छत्तर, असना टोला, लोधमा, कुंदुकलां पाहन टोला, कुंदुकलां केशरी टोला, कुरूम, बूढ़ा खोखरा, मुर्राम कलां, तेलीयातु, बरकाकाना चौक, घुटुआ, नया घूटवा, हेहल, अम्बाटांड़, चैनगढ़ा, नीचे टोला, नया नगर, रोबा कॉलोनी, सेंवटा रॉयल, सेंवटा, सेंवटा कोयला डिपो, बीआरएल कॉलोनी, रौता, मरार, मिश्रा टोला, बरवाटांड़, रांची रोड़ में जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम चलाया।

लोकसभा चुनाव-2024 : क्या देश के युवाओं में घट रही है मतदान के प्रति दिलचस्पी

40 प्रतिशत से भी कम ने बनवाई वोटर आईडी

दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन सबसे कम उम्र के मतदाता यानी 18 और 19 साल के युवा अपना वोट डालने के लिए अनिच्छुक लग रहे हैं। 2024 में देशभर के कुल युवाओं में से 40 फीसदी से कम ने मतदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। भारत में सबसे कम उम्र के मतदाता, जिनकी उम्र 18 या 19 साल है, वो आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। इसमें बिहार, दिल्ली और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में रजिस्ट्रेशन की दर और भी कम है। चुनाव आयोग के आंकड़ों से पता चलता है कि इस आयु वर्ग में अनुमानित 4.9 करोड़ नए वोटर्स हैं, इनमें से केवल 38 फीसदी ही रजिस्टर्ड हैं।

18-19 के युवा वोटरों में दिख रहा कम उत्साह

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के करीब एक पखवाड़े बाद इलेक्शन कमिशन ने आंकड़े जारी किए हैं। इनमें 18 और 19 वर्ष के लगभग 1.8 करोड़ से कुछ ज्यादा ही नए मतदाता वोटिंग लिस्ट से जुड़े हैं। इस आयु वर्ग की अनुमानित जनसंख्या 4.9 करोड़ से कम है। इसका अर्थ है कि पहली बार मतदान करने वाले वोटरों में से करीब 38 फीसदी ही मतदाता सूची में रजिस्टर्ड हैं। तेलंगाना इस लिस्ट में टॉप पर है। राज्य में 18-19 आयु वर्ग में 8 लाख (66.7%) से अधिक वोटर्स रजिस्टर्ड हैं। इस सूची में बिहार सबसे नीचे है, जहां संभावित 54 लाख में से केवल 9.3 लाख (17%) वोटर्स ही रजिस्टर्ड हैं।

विडंबना यह है कि जिन लोगों की भविष्य में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी है, उन्होंने ही उस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए सबसे कम इंटरेस्ट दिखाया जो उनके फ्यूचर को आकार देने में बेहद अहम है। बेशक, यह संख्या थोड़ी बढ़ सकती है क्योंकि चुनाव आयोग, राजनीतिक दल और विभिन्न सिविल सोसायटी ग्रुप्स यह सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहे कि हर वोटर अपना रजिस्ट्रेशन कराएं, लेकिन वे ये आंकड़ा कितना आगे बढ़ा सकते हैं देखना होगा?

यूपी-बिहार का हाल भी जान लीजिए

दूसरी ओर, देश की सबसे कम उम्र की आबादी के रजिस्ट्रेशन वाला राज्य बिहार है, जहां संभावित 54 लाख में से केवल 9.3 लाख (17%) युवा मतदाता हैं। दिल्ली की बात करें तो यहां 7.2 लाख युवाओं में से केवल 1.5 लाख मतदाता रजिस्टर्ड हैं, जो हर पांच में से एक यानी 21 फीसदी से थोड़ा अधिक है। यूपी में 23 फीसदी और महाराष्ट्र में 27 फीसदी युवाओं ने रजिस्ट्रेशन के साथ खास बेहतर प्रदर्शन नहीं किया है। विडंबना यह है कि राजनीतिक दलों की ओर से युवाओं को भारत के भविष्य और चुनावी नतीजों के लिए महत्वपूर्ण बताने के बाद भी यह संख्या इतनी कम है। आंकड़ों का यह भी मतलब है कि लोकसभा सीटों के मामले में पांच सबसे बड़े राज्यों में से तीन - यूपी, महाराष्ट्र और बिहार में 18 और 19 वर्ष के एक चौथाई या उससे कम वोटर मतदान के लिए रजिस्टर हैं। इनके अलावा दो और राज्य पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु हैं। यहां आधे से भी कम मतदाताओं ने वोटिंग लिस्ट में जगह बनाई है।

तेलंगाना में युवा वोटरों की अच्छी संख्या

सबसे कम उम्र के आयु वर्ग को शामिल करने में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला राज्य तेलंगाना है, जो भारत का सबसे नया राज्य है। इस राज्य में 8 लाख से अधिक 18 और 19 वर्ष के मतदाता मतदाता सूची में हैं, जो इस आयु वर्ग के लिए अनुमानित 12 लाख की जनसंख्या का लगभग दो-तिहाई या 66.7 फीसदी है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल दो अन्य राज्य हैं जो 60 फीसदी या उससे अधिक युवा वोटर्स के रजिस्ट्रेशन में सफल रहे हैं।

हमें ये संख्या कैसे मिलीं

हमने जनगणना कार्यालय की ओर से मार्च 2021 और मार्च 2026 के लिए की गई एज ग्रुप वाइज जनसंख्या अनुमानों को देखा। इसके साथ ही उनसे हर प्रमुख राज्य/केंद्र शासित प्रदेश और पूरे भारत के लिए मार्च 2024 के लिए एक आंकड़ा प्राप्त किया। चूंकि ये अनुमान हैं, इसलिए इनके वास्तविक संख्या से थोड़ा अलग होने की संभावना है, जिसे हम नहीं जानते, क्योंकि जनगणना 2021 अभी होनी बाकी है। हालांकि, ये अनुमान वास्तविक संख्या से बहुत अधिक दूर नहीं होंगे।

क्या बोले पूर्व इलेक्शन कमिश्नर कुरैशी

पूर्व चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी, जिन्होंने 2010 में ईसी में मतदाता जागरूकता और शिक्षा विभाग शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कम नामांकन के बारे में जानकर उन्हें दुख हुआ। मतदाता उदासीनता हमेशा एक मुद्दा रही है, लेकिन हम एक निरंतर अभियान के साथ इसे दूर करने में सक्षम थे। ऐसा लगता है कि कुछ गड़बड़ है। यह चिंता का विषय है कि प्रयास या तो धीमे हो गए हैं या अप्रभावी रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा वोटरों के रजिस्ट्रेशन में गिरावट की कई वजहें जिम्मेदार हो सकती हैं। उनकी उदासीनता में वोटर रजिस्ट्रेशन को लेकर होने वाली कागजी कार्रवाई मुख्य कारण हो सकती है।

वोटिंग से कैसे जुड़ें नए मतदाता

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर अनिल वर्मा ने कहा कि अनौपचारिक चर्चाओं से चुनावी प्रक्रिया के बारे में कई तरह की बातों का पता चलता है। युवाओं में मतदान के प्रति 'उदासीनता' को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसी भावना इसलिए भी आ सकती है, क्योंकि प्रमुख दलों का नेतृत्व वरिष्ठ नेता करते रहे हैं। पर्याप्त युवा नेता या उम्मीदवार नहीं होते जिनसे युवा जुड़ सकें।

'वोटर कार्ड के लिए पूरे साल हो नामांकन'

बिहार में कम युवा मतदाताओं की संख्या के बारे में पूछे जाने पर, मतदाता जागरूकता पर काम करने वाले एनजीओ एक्शन फॉर अकाउंटेबल गवर्नेंस (एएजी) के राजीव कुमार ने कहा कि नामांकन पूरे साल जारी रहना चाहिए, न कि मतदान से कुछ महीने पहले। बिहार में राजनीतिक जागरूकता अधिक है लेकिन इसका मतलब अधिक नामांकन नहीं है। राजीव कुमार ने कहा कि आबादी का एक बड़ा वर्ग है - छात्र और प्रवासी मजदूर, जो पलायन करते हैं और केवल त्योहारों या छुट्टियों के दौरान घर आते हैं। उनका नामांकन तब किया जाना चाहिए, जब वे शहर में हों।

लोकसभा चुनाव तक क्या बढ़ेगा युवा वोटरों का आंकड़ा

महाराष्ट्र के स्कूलों और कॉलेजों में नागरिक अधिकारों और शासन के मुद्दों पर कार्यशाला आयोजित करने वाले मार्क माई प्रेजेंस के चैतन्य प्रभु युवाओं की इस उदासीनता से असहमत हैं। उनका कहना है कि राजनीतिक प्रक्रिया और शासन के मुद्दों की जानकारी की कमी चुनौतियां पैदा करती है। उन्होंने कहा कि पूरे स्कूल और कॉलेज में, छात्र इस धारणा के साथ रहते हैं कि राजनीति एक बुरा शब्द है। आप अचानक उनसे 18 साल की उम्र में बदलने और चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेने की उम्मीद नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि सीबीएसई को छोड़कर, चुनाव और राजनीति की मूल बातें स्कूलों में पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में भी नहीं पढ़ाई जाती हैं। प्रभु ने कहा कि मार्क माई प्रेजेंस ने इस साल मुंबई में अपने प्रयासों के माध्यम से 41,000 नए मतदाताओं का नॉमिनेशन किया है।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 08 अप्रैल, 2024

मेष : आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानांतरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

वृष : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मनः स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-3-4-7

मिथुन : पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

कर्क : मित्तव्ययता रखें, क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक-4-6-8

सिंह : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

कन्या : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

तुला : ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

वृश्चिक : मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

धनु : अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

मकर : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

कुंभ : हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6

मीन : मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7



सूडोकू 7029

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र रॉबर्ट्सगंज

एक छोर से दूसरे छोर की दूरी 250 किमी, पहुंचने में लगते हैं सात घंटे

वाराणसी : रॉबर्ट्सगंज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना आसान नहीं है। पांच राज्यों तक फैली इसकी सीमाएं नापने में प्रत्याशियों को पसीने छूट जाते हैं। यह यूपी का सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र भी है। एक छोर से दूसरे छोर की दूरी करीब ढाई सौ किमी है। भौगोलिक रूप से जटिल संरचनाओं के चलते कई गांवों तक प्रत्याशी पहुंच ही नहीं पाते। इन गांवों में मतदाताओं को अपने प्रत्याशी का चेहरा देखे बिना ही वोट देना पड़ता है। रॉबर्ट्सगंज लोकसभा सीट पहले मिजार्पुर का हिस्सा था। वर्ष 1962 में परिसीमन के बाद इसका उदय हुआ तो इसमें मिजार्पुर जिले की चुनार, मझवां, राजगढ़ और दुद्धी, रॉबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र शामिल थे। वर्ष 2009 में नए परिसीमन ने इस सीट का परिदृश्य बदल दिया। इस परिसीमन में ओबरा और घोरावल दो नए विधानसभा क्षेत्र बने। साथ ही पड़ोसी चंदौली जिले की चकिया विधानसभा सीट को भी इसमें शामिल करते हुए रॉबर्ट्सगंज लोकसभा सीट का पुनर्गठन किया गया। नए परिसीमन के बाद रॉबर्ट्सगंज उन सीटों में शामिल है, जिनका क्षेत्रफल सबसे ज्यादा है। इसका छोर मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले से लगता है तो दूसरा छोर चंदौली जिले के मुख्यालय के पास तक है। इनके बीच की दूरी करीब ढाई सौ किमी है। झारखंड और छत्तीसगढ़ सीमा से भी दूसरे क्षेत्र की दूरी करीब इतनी ही है। ऐसे में प्रत्याशियों को पूरा चुनावी क्षेत्र घूमने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। जिनके नाम पहले से तय हैं, वह तो फिर भी किसी तरह एक-एक गांव में पहुंच जाते हैं, लेकिन नामांकन के बाद उम्मीदवारों को मतदाताओं तक पहुंचना ही संभव नहीं हो पाता।

लिहाजा मतदाता भी कइयों से अनभिज्ञ रहते हैं। इसमें भी चोपन, म्योरपुर, कोन और नगवां ब्लॉक के कई गांवों की बसावट इतनी दुरुह है कि वहां चाहकर भी प्रत्याशी पहुंच नहीं पाते। बड़े राजनीतिक दल अपने कार्यकताओं व बूथ समितियों के जरिए फिर भी मतदाताओं तक पहुंच जाते हैं, लेकिन अन्य छोटे दलों के पास बूथ स्तरीय संगठन के अभाव में प्रत्याशियों के सामने चुनौती बनी रहती है।

सिर्फ लोकसभा क्षेत्र घूमने में पहुंच जाएंगे वाराणसी से लखनऊ

मप्र की सीमा पर स्थिति शक्तिनगर और बीजपुर की चकिया विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर कांटा विशुनपुरा से आगे तक की दूरी करीब 250 किमी है। इसी तरह छत्तीसगढ़ सीमा पर सागोबांध, झारखंड सीमा पर छतरपुर, धोरपा की घोरावल विस क्षेत्र के अंतिम छोर मूर्तिया, से भी दूरी करीब 250 किमी है। बता दें वाराणसी से गोरखपुर की दूरी करीब सवा दो सौ किमी है, जबकि लखनऊ तीन सौ किमी है।

आईपीएल 2024 : मुम्बई इंडियंस ने दर्ज की पहली जीत, दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया

नई दिल्ली (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मुम्बई इंडियंस ने रविवार को पहली जीत दर्ज कर ली है। शुरुआती तीन मुकाबलों में हार के बाद हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुम्बई इंडियंस ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हरा दिया।



इसके साथ मुम्बई इंडियंस ने अंक तालिका में खाता खेल लिया है। मुम्बई की टीम 4 मैचों में एक जीत और तीन हार के साथ 8वें नंबर पर आ गई है। वहीं, दिल्ली की टीम इस हार के साथ आखिरी पायदान यानी 10वें नंबर पर खिसक गई है। टीम के 5 मैचों में 4 हार और एक जीत के साथ 2 अंक हैं।

मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में मुम्बई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 234 रनों का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 205 रन तक ही पहुंच पाई।

235 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को 22 के स्कोर पर पहला झटका लगा। डेविड वॉर्नर मात्र 10 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद पृथ्वी शॉ ने अभिषेक पोरेल के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में यानी शुरुआती छह ओवर में टीम को स्कोर को 46 रन तक ले गए।

इसके बाद पृथ्वी शॉ ने 31 गेंद में आईपीएल करियर का 13वां अर्धशतक जड़ दिया। हालांकि वे अपने अर्धशतक को बड़ा नहीं कर पाए। 12वें ओवर में 110 के कुल स्कोर पर पृथ्वी शॉ 40 गेंद में 8 चौके और 3 छक्के की मदद से 66 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली का तीसरा विकेट अभिषेक पोरेल के रूप में गिरा। पोरेल 31 गेंद में पांच चौके की मदद से 41 रन की पारी खेलकर आउट हुए। कप्तान ऋषभ पंत भी जल्द आउट हो गए। पंत केवल 1 रन ही जोड़ सके।

हालांकि, दूसरे छोर से ट्रिस्टन स्टब्स ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते रहे, लेकिन विशाल लक्ष्य के सामने उनकी पारी भी काम नहीं आ पाई। ट्रिस्टन 25 गेंदों में 3 चौके और 7 छक्कों की मदद से 71 रन बनाकर नाबाद रहे।

मुम्बई की ओर से गेराल्ड कोएत्जी ने 4 विकेट, जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट और रोमारियो शेफर्ड ने एक विकेट लिया।

इससे पहले मुंबई ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 234 रनों का बड़ा स्कोर बना दिया। टीम को सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और ईशान किशन ने तेज शुरुआत दिलाई। रोहित मात्र एक रन से अर्धशतक बनाने से चूक गए। रोहित ने 27 गेंद में छह चौके और तीन छक्के की मदद से ताबड़तोड़ 49 रन बनाए। ईशान ने 23 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 42 रन बनाए।

इन दोनों के अलावा हार्दिक पांड्या ने 33 गेंदों में 39 रन बनाए। एक वक्त मुंबई इंडियंस का स्कोर 17 ओवर में चार विकेट पर 167 रन था, लेकिन इसके बाद अंतिम ओवरों में टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने तूफानी बल्लेबाजी की और टीम के स्कोर को 234 रन तक ले गए। रोमारियो शेफर्ड ने एनरिक नॉर्त्जे के 20वें ओवर में 32 रन बटोरे। रोमारियो ने 10 गेंदों में 3 चौके और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 39 रन और टिम डेविड ने 21 गेंद में 2 चौके और 4 छक्के की मदद से नाबाद 45 रन की पारी खेली।

दिल्ली की ओर से अक्षर पटेल ने 2 विकेट, एनरिक नॉर्त्जे ने 2 विकेट और खलील अहमद ने एक विकेट लिया

किंग्स क्लब ने टी-20 कप का ख़िताब जीता

वैभव बेस्ट बैटर, मनीष बेस्ट बॉलर, आयुष मैन ऑफ दि टूर्नामेंट

प्रयागराज (हि.स.)। किंग्स क्लब ने थंडर स्ट्राइकर को पांच रन से हराकर त्रिवेणी हर्बल प्रोडक्ट टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के खि़ताब पर कब्जा जमा लिया। डीएवी कॉलेज मैदान पर रविवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में किंग्स क्लब ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 160 रन (साहेब लाल 49, वैभव जायसवाल 40, कौशल किशोर 23, मनीष कुमार 3-27, मुन्ना कुमार 2-36) बनाये। जवाब में थंडर स्ट्राइकर की टीम 19.3 ओवर में 155 रन (कौशलेंद्र 45, वरुण कुमार 28 नाबाद, उपेंद्र 22, निशांत 3-26, रॉकी 2-22, कौशल किशोर 2-24) पर सिमट गई। मुख्य अतिथि त्रिवेणी हर्बल प्रोडक्ट के प्रबंध निदेशक एसके जैन ने पुरस्कार वितरित किये। साहेब लाल को मैन ऑफ दि मैच, वैभव को बेस्ट बैटर, मनीष कुमार को बेस्ट बॉलर और आयुष तिवारी को मैन ऑफ दि टूर्नामेंट चुना गया।

अधिकांश खाद्य तेल महंगे; दालों में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली : विदेशी बाजारों में जबरदस्त तेजी के प्रभाव से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेल महंगे हो गए जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 222 रिंगिट उबलरक 4550 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 सेंट की बढ़त के साथ 48.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 220 रुपये, मूंगफली तेल 220 रुपये, सूरजमुखी तेल 146 रुपये और सोया रिफाइंड 146 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि पाम ऑयल में 66 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12234 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20000 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12234 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 10622 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8400 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 150 रुपये और दाल चना 150 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि मसूर दाल 50 रुपये और उड़द दाल 150 रुपये प्रति क्विंटल महंगी रही। वहीं, मूंग दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10250-10350, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे। **अनाज : अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।** इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ की कीमत पुराने स्तर पर टिकी रही। साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.6 अरब डॉलर पर

मुंबई: विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में जबरदस्त बढोतरी होने से 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर हो गया।

इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 642.6 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.4 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 570.62 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 67.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 52.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 7.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई

और यह घटकर 18.12 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष

सरकारी कोटे पर गेंहू की खरीद जारी लेकिन खुले बाजार में मिल रहे ज्यादा दाम

कोटा : राजस्थान के कोटा संभाग में भारतीय खाद्य निगम मंडल के अधीन पांच राजस्व जिलों में सहकारी केंद्रों पर गेहूं की खरीद जारी है लेकिन खुले बाजार में किसानों को अच्छे दाम मिलने के कारण पर्याप्त गेंहू सरकारी केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रहा है। भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय कोटा के अधीन राजस्व जिला कोटा, बारां, बूंदी, झालावाड एवं सवाई माधोपुर में इस वर्ष रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य के तहत गेंहू की खरीद के लिए निगम को 35 केंद्र तथा राज्य एवं अन्य केन्द्रीय एजेंसियों को 124 केंद्र आवंटित किये हैं, जिनमें समर्थन मूल्य गेंहू खरीद कार्य किया जाना है लेकिन अब तक 1928 किसानों ही उनकी उपज बेचने के लिए इन केंद्रों पर पहुंचे है जबकि पूर्व में अच्छे भाव मिलने की उम्मीद में 27 हजार 934 किसानों ने खरीद के लिए पंजीकरण करवा लिया था। हालांकि पंजीकरण का काम अभी भी चल रहा है एवं 25 जून तक जारी रहेगा। निगम के खरीद केंद्रों पर अपेक्षा से कम किसानों के अपनी उपज बेचने के लिए पहुंचने की बड़ी वजह यह बताई जाती है कि भारत सरकार ने इस वर्ष गेंहू का समर्थन मूल्य 2,275 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है जिसके ऊपर 125 रुपए प्रति क्विंटल बोनस घोषित किया है। इस हिसाब से किसानों को प्रति क्विंटल 2400 रुपए का भुगतान होगा जबकि खुले बाजार में किसानों को नये गेंहू के दाम 2350 से 2800 रुपए प्रति क्विंटल मिल रहे है और किसानों को उनकी बेची हुई जिंस का व्यापारी-आढ़तिये भुगतान भी हाथों-हाथ कर रहे हैं। हालांकि भारतीय खाद्य निगम की ओर से यह दावा किया गया है कि कृषि उपज बेचने आने वाले किसानों को उनकी बेची उपज का भुगतान भी 48 घंटों में उनके आधार लिंक खाते में जमा करवा दिया जाएगा और अब तक 1928 किसानों को उनकी उपज 15 हजार 991 एमटी का तुरंत समय पर भुगतान कर दिया गया है। अभी तक लगभग 18.47 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों को किया चुका है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नयी दिल्ली : अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी UMÇ 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 86.73 डॉलर प्रति बैरल रह गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट UMÇ बढ़कर 91.17 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

सिडबी ने गिग कर्मियों को सूक्ष्म ऋण के लिए फिनटेक प्लेटफॉर्म कमार्लाइफ के साथ साझेदारी की

नयी दिल्ली : भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने गिग श्रमिकों को लघु उद्यम ऋण प्राप्त करने में मदद के लिए फिनटेक कंपनी ओनियन लाइफ प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत गिग श्रमिक फिनटेक कंपनी के प्रौद्योगिकी मंच कर्मलाइफ का उपयोग कर के मोबाइल ऐप की मदद से सिडबी की कर्ज सहायता प्राप्त कर सकेंगे। सिडबी ने शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि यह करार अभी पायलट आधार पर है। सरकारी क्षेत्र के इस उपक्रम के अनुसार भारत में तेजी से बढ़ रही गिग अर्थव्यवस्था के साथ गिग प्लेटफॉर्म एग्रीगेटर्स के माध्यम से अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले गैर-वेतनभोगी गिग श्रमिकों को सस्ती और सुलभ वित्तीय सहायता प्रदान करने की तत्काल आवश्यकता है।

इंडिगो की दिल्ली- नासिक दैनिक सीधी उड़ान सेवा पहली मई से

नयी दिल्ली : एयरलाइन इंडिगो ने दिल्ली और नासिक बीच एक मई से दैनिक सीधी उड़ान शुरू करने की शनिवार को घोषणा की।

इंडिगो की एक विज्ञप्ति के अनुसार दिल्ली से नासिक के लिए उसकी उड़ान संख्या 6ई 2026 प्रति दिन सुबह 06.55 बजे प्रस्थान कर 08.50 बजे नासिक पहुंचेगी। वापसी में उड़ान संख्या 6ई2037 सुबह 09.20 पर उड़ान भर कर दिल्ली 11.15 बजे पहुंचेगी।

इंडिगो के ग्लोबल बिक्री विभाग के प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, ह्वहमें नासिक, महाराष्ट्र से दिल्ली तक सीधी उड़ान की घोषणा करते

हुए खुशी हो रही है। हम अपनी अनूठी विरासत और धार्मिक स्थलों के लिए मशहूर नासिक से आने-जाने की यात्रा की बढ़ती मांग देख रहे हैं।

खुदरा महंगाई और तिमाही नतीजे से तय होगी बाजार की चाल

मुंबई: विश्व बाजार के मिलजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी में रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह चाल अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों को लेकर रुख, खुदरा महंगाई और कंपनियों के तिमाही नतीजे से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 596.87 अंक अर्थात 0.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 74248.22 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 186.8 अंक यानी 0.84 प्रतिशत मजबूत होकर 22513.70 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में जबरदस्त लिवाली देखी गई, जिससे बाजार को बल मिला। मिडकैप 1508.42 अंक अर्थात 3.84 प्रतिशत की उड़ान भरकर सप्ताहांत पर 40830.54 अंक हो गया। इसी तरह स्मॉलकैप 2866.37 अंक यानी 6.64 प्रतिशत उछलकर 46032.71 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में इस वर्ष मार्च में रोजगार के आंकड़े मजबूत रहे। इससे ब्याज दरों में कटौती शुरू करने में और विलंब होने की संभावना है। साथ ही फेडरल रिजर्व आगे जारी होने वाले महंगाई आंकड़े का भी इंतजार कर सकता है। अगले सप्ताह फेड के रुख का बाजार पर असर रहेगा। इसके अलावा ईरान और इजरायल के बीच झड़प से कच्चे तेल की कीमत, डॉलर इंडेक्स और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह पर भी बाजार की नजर रहेगी।

स्थानीय स्तर पर मार्च के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई और टीसीएस समेत कई दिग्गज कंपनियों के 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के परिणाम जारी होने वाले है। अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में इन कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

अमेरिकी फेड रिजर्व के जून में ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में

विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर रियल्टी, धातु, दूरसंचार, कमोडिटीज और यूटिलिटीज समेत अठारह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 363.20 अंक की छलांग लगाकर 74,014.55 अंक पर पहुंच गया। साथ ही निफ्टी 135.10 अंक की तेजी के साथ 22,462.00 अंक पर बंद हुआ।

वहीं, विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर पिछले दिवस के रिकॉर्ड भाव पर कोटक बैंक, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति समेत सोलह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार की लगातार तीन दिन की तेजी मंगलवार को थम गई। सेंसेक्स 110.64 अंक की गिरावट लेकर 73,903.91 अंक और निफ्टी 8.70 अंक फिसलकर 22,453.30 अंक पर रहा। इसी तरह विदेशी बाजार के कमजोर रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, ऑटो, एफएमसीजी और सर्विसेज समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स 27.09 अंक की गिरावट के साथ 73,876.82 अंक और निफ्टी 18.65 अंक फिसलकर 22,434.65 अंक पर बंद हुआ।

रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में निवेशकों के नीतिगत दरों को यथावत बनाए रखने की उम्मीद में आईटी, सीडी, वित्तीय सेवाएं, यूटिलिटीज और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समेत तेरह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबरकर शेयर बाजार ने गुरुवार को ऊंची छलांग लगाई। सेंसेक्स 350.81 अंक उछलकर 74,227.63 अंक और निफ्टी 80.00 अंक की बढ़त लेकर 22,514.65 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका में ब्याज दर समायोजन को लेकर कायम अनिश्चितता से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समूह के करीब आधी फीसदी तक टूटने से शुक्रवार को शेयर बाजार का रुख कमजोर रहा। सेंसेक्स 20.59 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,248.22 अंक पर रहा। वहीं, निफ्टी गिरावट के साथ 22,513.70 अंक पर सपाट बंद हुआ।

अमेरिकी फेड रिजर्व के जून में ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर रियल्टी, धातु, दूरसंचार, कमोडिटीज और यूटिलिटीज समेत अठारह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 363.20 अंक की छलांग लगाकर 74,014.55 अंक पर पहुंच गया। साथ ही निफ्टी 135.10 अंक की तेजी के साथ 22,462.00 अंक पर बंद हुआ।

वहीं, विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर पिछले दिवस के रिकॉर्ड भाव पर कोटक बैंक, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति समेत सोलह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार की लगातार तीन दिन की तेजी मंगलवार को थम गई। सेंसेक्स 110.64 अंक की गिरावट लेकर 73,903.91 अंक और निफ्टी 8.70 अंक फिसलकर 22,453.30 अंक पर रहा। इसी तरह विदेशी बाजार के कमजोर रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, ऑटो, एफएमसीजी और सर्विसेज समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स 27.09 अंक की गिरावट के साथ 73,876.82 अंक और निफ्टी 18.65 अंक फिसलकर 22,434.65 अंक पर बंद हुआ।

रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में निवेशकों के नीतिगत दरों को यथावत बनाए रखने की उम्मीद में आईटी, सीडी, वित्तीय सेवाएं, यूटिलिटीज और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समेत तेरह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबरकर शेयर बाजार ने गुरुवार को ऊंची छलांग लगाई। सेंसेक्स 350.81 अंक उछलकर 74,227.63 अंक और निफ्टी 80.00 अंक की बढ़त लेकर 22,514.65 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका में ब्याज दर समायोजन को लेकर कायम अनिश्चितता से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समूह के करीब आधी फीसदी तक टूटने से शुक्रवार को शेयर बाजार का रुख कमजोर रहा। सेंसेक्स 20.59 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,248.22 अंक पर रहा। वहीं, निफ्टी गिरावट के साथ 22,513.70 अंक पर सपाट बंद हुआ।

सोमवती अमावस्या स्नान पर्व के लिए तैनात पुलिस बल को एसएसपी ने किया ब्रीफ

हरिद्वार (हि.स.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने सोमवती अमावस्या स्नान पर्व में नियुक्त किए गए पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ऋषिकुल ऑडिटोरियम में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए एसएसपी ने कहा कि सोमवती अमावस्या स्नान पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच पड़ रहा स्नान पर्व काफी चुनौतीपूर्ण है। इसलिए स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारी गुप्त रूप से पूरे मेला क्षेत्र में कड़ी नजर रखें। प्रत्येक जोन के अधिकारी अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों से समन्वय कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाने में अपना पूरा योगदान देंगे। विगत स्नानों में देखा गया है कि सोमवती अमावस्या स्नान पर अचानक भीड़ बढ़ जाती हैं। इसके लिए पहले से ही तैयारी की जाए। भीड़ बढ़ने की स्थिति में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर दबाव को नियंत्रित करें। सभी जिम्मेदारी से अपनी डयूटी का पालन करें। मनसा देवी व चंडी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं को कतार से आगे बढ़ाएं। भीड़ का दबाव बढ़ने पर तत्काल कंट्रोल रूम को जानकारी दें। महिला घाट पर तैनात महिला पुलिसकर्मी मुस्तैदी के साथ डयूटी करते हुए किसी को भी स्नान के लिए अधिक समय ना दें। स्नान दौरान श्रद्धालुओं को डूबने से बचाने के लिए जल पुलिस टीमें सतर्कता से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। हरकी पैड़ी क्षेत्र से भिखारियों को हटाया जए। एसएसपी ने निर्देश दिए कि बम निरोधक दस्ता दल घाटों के साथ रेलवे स्टेशन, बस अड्डा व मेला क्षेत्र में लगातार चेकिंग करें। यातायात प्लान का पूरी तरह से पालन किया जाए। वाहनों को निर्धारित पार्किंग में पार्क कराया जाए। यातायात प्लान के अनुसार ही डायवर्जन किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि सोमवार को होने वाले सोमवती अमावस्या स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरे मेला क्षेत्र को 5 सुपर जोन, 16 जोन व 39 सेक्टरों में बांटा गया है। सुरक्षा व यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों से भी मेला क्षेत्र पर निगरानी रखी जाएगी।

नेपाल : अवांछित गतिविधि में शामिल 10 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

काठमांडू (हि.स.)। नेपाल में पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों की धर-पकड़ तेज हो गई है। भारत-नेपाल सीमा पर दो पाकिस्तानी और एक कश्मीरी आतंकवादी की गिरफ्तारी के बाद नेपाल पुलिस सख्त रवैया अपना रही है। पिछले तीन दिनों में यह दूसरी बार है जब पुलिस ने गैर कानूनी गतिविधि में शामिल होने के आरोप में पुलिस ने 10 बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। इन सभी पर सभी वीजा अवधि खत्म होने के बावजूद नेपाल में चोरी छिपे रहकर अवांछित गतिविधि में शामिल होने का आरोप है। दो दिन पहले ही काठमांडू पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चार पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। उनसे की गई पूछताछ के बाद ही काठमांडू के कई स्थानों पर छापामारी कर इन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। काठमांडू पुलिस क्राइम ब्रांच के एसपी रवीन्द्र रेग्मी ने बताया कि गिरफ्तार होने वालों में अनिसुर रहमान, अबदुल्लाह, इमामुल हुसेन, हाफिजुर रहमान, सोजिब हुसैन, शैफुल इस्लाम, बिलाल हुसैन, सलिम अंसारी, नासिरूद्दीन और नासिन खान हैं। एसपी ने बताया कि इन सभी को इमीग्रेशन की हिरासत में रखा गया है। साथ ही इनके नेटवर्क के बारे में पुलिस पता लगाने में जुटी हुई है।

यूपी कैटेट 2024 की प्रवेश परीक्षा का समय एवं तिथि हुई घोषित

कानपुर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा वर्ष 2024 हेतु स्नातक छात्र छात्राओं की प्रवेश परीक्षा 11 जून को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (3 घंटे) होगी। यह जानकारी रविवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव डॉ पी के उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा वर्ष 2024 हेतु स्नातक छात्र छात्राओं की प्रवेश परीक्षा 11 जून को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (3 घंटे) होगी। उन्होंने बताया कि परास्नातक की प्रवेश परीक्षा 12 जून को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 तक (3 घंटे) संपन्न होगी। इसी तरह पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 12 जून 2024 को प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे (2 घंटे) तक संपन्न होगी। जबकि एमबीए की प्रवेश परीक्षा 12 जून को सायं 3:00 बजे से 5:00 बजे तक (2 घंटे) प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन तिथि 17 मार्च से 7 मई 2024 तक है। जबकि ऑनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 8 मई 2024 है। डा.खान ने बताया कि आवेदन पत्र संशोधन तिथि 9 से 14 मई तक है। और परीक्षार्थी प्रवेश पत्र 27 मई 2024 से डाउनलोड कर सकते हैं।

लोकसभा चुनाव: महाराष्ट्र के 254 मतदान केंद्रों पर दिव्यांग कर्मियों का नियंत्रण

मुंबई (हि.स.)। लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में कुल 254 मतदान केंद्रों का नियंत्रण दिव्यांग कर्मियों द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी राज्य चुनाव आयोग ने दी है। चुनाव आयोग के अनुसार, केंद्रीय चुनाव आयोग ने इस बात पर जोर दिया है कि हर निर्वाचन क्षेत्र में विकलांगों के लिए मतदान केंद्र होने चाहिए और विकलांग नियंत्रित मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके तहत रत्नागिरी जिले में सर्वाधिक कुल 30 मतदान केंद्रों का नियंत्रण दिव्यांग कर्मियों द्वारा किया जायेगा। जलगांव में 22, पुणे में 21, ठाणे में 18 और नासिक में 15 मतदान केंद्र होंगे। छह जिलों अकोला, कोल्हापुर, लातूर, पालघर, परभणी, रायगढ़ में प्रत्येक में एक मतदान केंद्र विकलांग कर्मियों द्वारा संचालित होगा। गढ़चिरौली, सिंधुदुर्ग और वाशिम जिलों में विकलांग कर्मियों द्वारा संचालित मतदान केंद्र नहीं होंगे। इस वर्ष मतदाता सूची में कुल 6,04,145 दिव्यांग मतदाता चिह्नित हैं। जिन मतदाताओं की विकलांगता दर 40 प्रतिशत से अधिक है, उन्हें डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर मतदान की सुविधा उपलब्ध होगी।

भारत निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए इस वर्ष ÷सक्षम÷ ऐप लॉन्च किया है। उस माध्यम से तथा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि में दिव्यांगों के लिए विशेष शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांग मतदाताओं का पंजीकरण कराया गया है। अब तक 6,04,145 मतदाताओं के नाम उनकी मांग के अनुरूप दिव्यांग मतदाता के रूप में चिन्हित किये गये हैं।

कांग्रेस बोली- देश में परिवर्तन की लहर, साम दाम दंड

भेद की नीति अपना चुनाव जीतना चाहती है भाजपा

देहरादून (हि.स.)। टिहरी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार जोत सिंह गुनसोला ने कैंट विधानसभा क्षेत्र में चुनावी प्रचार का श्रीगणेश किया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ कांवली रोड में जोत सिंह गुनसोला का स्वागत किया।

इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ जोत सिंह गुनसोला और सूर्यकांत धस्माना ने गांधी ग्राम, कल्याण आश्रम, संगम विहार, सत्तोवाली घाटी, द्रोणपुरी होते हुए न्यू पटेलनगर तक पदयात्रा निकाल लोगों से वोट की अपील की। प्रेमनगर में गुरुद्वारा दमदमा साहेब से प्रेमनगर बाज़ार में पदयात्रा कर जनसमर्थन मांगा।

शास्त्री नगर खाला के मिलन विहार, यमुना कालोनी के कुम्हार मंडी चौक व चोरखाला श्रीदेवसुमन नगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार जोत सिंह गुनसोला ने कहा कि यह लोकतंत्र और राजशाही के बीच का चुनाव है और फैसला जनता को करना है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड में महंगाई, बेरोजगारी जैसे राष्ट्रीय मुद्दों के अलावा अंकिता भंडारी हत्याकांड, अग्निपथ योजना व भर्ती घोटाला बड़े मुद्दे बन गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में परिवर्तन की लहर चल रही है और उसी से घबराकर भाजपा साम दाम दंड भेद की नीति अपना चुनाव जीतना चाहती है, लेकिन जनता उनके मंसूबों को सफल नहीं होने देगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि अगर भाजपा चुनाव जीती तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा और शायद फिर यह चुनाव देश का आखिरी चुनाव हो। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के संविधान को बदलना चाहती है।

केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग, दिल्ली हाई कोर्ट में एक और याचिका

नई दिल्ली (हि.स.)। दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में एक और याचिका दायर की गई है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच इस याचिका पर 08 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

यह याचिका आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक संदीप कुमार ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी दिल्ली आबकारी घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत हुई है। इस गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल मुख्यमंत्री के रूप में काम करने में सक्षम नहीं हैं। केजरीवाल की अनुपस्थिति से संवैधानिक बाधा उत्पन्न हो गई है, क्योंकि वे जेल से मुख्यमंत्री के रूप में काम नहीं कर सकते हैं। याचिका में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 239एए(4) के प्रावधानों के मुताबिक उप राज्यपाल को सलाह देने वाले मंत्रिपरिषद का मुखिया मुख्यमंत्री ही होता है। केजरीवाल के जेल में रहने के बाद उप-राज्यपाल को सलाह देना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। ऐसे में केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का आदेश जारी किया जाए।

हालांकि, दिल्ली हाई कोर्ट केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने वाली इसके पहले दो याचिकाएं खारिज कर चुका है। पहली याचिका सुरजीत सिंह यादव ने दायर की थी। दूसरी याचिका विष्णु गुप्ता ने दायर की थी। हाई कोर्ट ने इन याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि जेल जाने के बाद किसी को मुख्यमंत्री पद से हटाया जा सकता है। विष्णु गुप्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि ये मुख्यमंत्री केजरीवाल को फैसला करना है कि वो राष्ट्रहित में क्या फैसला करते हैं। व्यक्तिगत हितों से राष्ट्रहित ऊपर रखना चाहिए।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पूर्वी मेदनीपुर में की कार्रवाई को बताया सही, कहा- भीड़ ने किया अकारण हमला

नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2022 के बम धमाका मामले की जांच के दौरान पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदनीपुर जिले के भूपतिनगर में कल की गई कार्रवाई को सही, वैध और कानूनी रूप से जरूरी बताया है। एजेंसी का कहना है कि नरुएबिला गांव में छापेमारी के दौरान अनियंत्रित भीड़ ने उनकी टीम पर अचानक और अकारण हमला किया था। मामले में बने विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए एजेंसी ने अवैध कार्रवाई करने के लगाए गए आरोपों को खारिज किया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को की गई कार्रवाई के बाद जिला पुलिस ने एनआईए अधिकारियों के खिलाफ दुराचार की धाराओं में मामला दर्ज किया था। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने एक रैली में इसका मुद्दा उठाया था। उनका कहना था कि एजेंसी ने आधी रात को पुलिस को बताए बिना कार्रवाई क्यों की। एजेंसी का कहना है कि मामले के आरोपित मनोव्रत जना को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया के तहत स्थानीय पुलिस स्टेशन ले जाया जा रहा था कि तभी भीड़ ने उनके अधिकारियों पर हमला किया। इसमें एक अधिकारी को चोट आई है और आधिकारिक गाड़ी को नुकसान पहुंचा है। इस संदर्भ में पुलिस में हमलावरों के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया गया है। एजेंसी का कहना है कि दिसंबर 2022 में देशी बम बनाने के दौरान हुए ब्लास्ट मामले की जांच जून 2023 में कलकत्ता हाईकोर्ट के कहने पर मामला दर्ज किया गया था। शनिवार को इस मामले में दो लोगों को मनोव्रत जना और बैलीचरण मैती को गिरफ्तार किया गया था। वे लगातार एजेंसी के बुलाए जाने पर जांच में शामिल नहीं हो रहे थे। एक विशेष अदालत के कहने पर एजेंसी ने शनिवार को कार्रवाई की थी। कार्रवाई के दौरान एजेंसी के अधिकारियों के अलावा केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान जिनमें महिलाएं भी शामिल थी और स्वतंत्र पर्यवेक्षक मौजूद थे।



पश्चिम बंगाल में एनआईए अधिकारियों के विरुद्ध जवाबी एफआईआर दर्ज

कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में एनआईए टीम पर हमले के बाद गिरफ्तार किए गए दो लोगों में से एक के परिवार ने अधिकारियों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए जवाबी प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता हैं। इन्हें पिछले साल 22 दिसंबर को हुए विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। इस विस्फोट में तीन लोग मारे गए थे। कोंटाई के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी दिबाकर दास ने बताया कि शनिवार रात गिरफ्तार किए गए दो तृणमूल कांग्रेस नेताओं में से एक मोनोब्रत जाना के परिवार के सदस्यों ने एनआईए अधिकारियों के खिलाफ स्थानीय पुलिस स्टेशन में महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए एक जवाबी प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि यह एफआईआर भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत दर्ज कराई गई है। आईपीसी की धारा 354 (महिलाओं की लज्जा भंग करने की सजा) एक गैर-जमानती अपराध है। अब भूपतिनगर पुलिस स्टेशन की पुलिस ने दो समानांतर जांच शुरू की है।

न्यूज गैलरी

नेपाल के विपक्षी नेताओं का सत्ता समीकरण जल्द ही बदलने का दावा

काठमांडू (हि.स.)। नेपाल में सत्ता गठबंधन में परिवर्तन को अभी एक महीना भी नहीं हुआ है कि प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की तरफ से जल्द ही प्रचण्ड सरकार के गिरने और नया सत्ता समीकरण बनने का दावा किया गया है। नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोइराला ने विराटनगर में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में कहा कि उनकी पार्टी के शीर्ष नेता लगातार नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के संपर्क में हैं और उपचुनाव के बाद सत्ता समीकरण बदलने को लेकर लगभग सहमति हो गई है। डॉ. कोइराला ने कहा कि इस देश में राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक सुदृढ़ता के लिए कांग्रेस और एमाले का एक साथ आना बहुत जरूरी है। राजनीतिक अस्थिरता के कारण ही देश में विकास कार्यों में बाधा आ रही है और सरकारी कर्मचारी अपनी मनमानी करने में लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि ओली के साथ कांग्रेस की सत्ता यात्रा की शुरुआत जल्द होने वाली है। इसी तरह कांग्रेस पार्टी के महामंत्री गगन थापा ने भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में कांग्रेस और एमाले के बीच सत्ता गठजोड़ की प्रबल संभावना जताई है। गगन थापा ने कहा कि दो प्रमुख दल जिसके पास 90 और 78 सीटें है, ये दोनों दल चुनाव के डेढ़ साल बाद भी सत्ता का नेतृत्व नहीं पाए और 32 सीटों वाले माओवादी, इन दोनों दल के साथ बारी-बारी से समर्थन लेकर अपनी सरकार चला रहा है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड को एक अस्थिर नेता बताते हुए कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने कहा कि प्रचण्ड की अस्थिर राजनैतिक चरित्र का खामियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ रहा है। पिछले आमचुनाव के बाद प्रचण्ड सिर्फ सत्ता समीकरण ही बदल रहे हैं, जिसके कारण बाकी विकास कामों में सरकार का ध्यान नहीं है। थापा ने कहा कि एमाले की तरफ से संकेत मिलते ही छोटे दलों के दबाब की ताकत खत्म हो जाएगी और कांग्रेस-एमाले मिलकर सरकार चलाएंगे। इन दोनों नेताओं की तरह कांग्रेस के एक और प्रभावशाली नेता डॉ. शशांक कोइराला ने तो बजट तक सरकार परिवर्तन का दावा कर दिया है। उन्होंने एक पत्रकार समेलन में कहा कि कांग्रेस और एमाले के बीच बजट से पहले सरकार बदले या बजट के बाद, इसे लेकर चर्चा चल रही है। डॉ. शशांक का दावा है कि एमाले अध्यक्ष ओली ने मजबूरी में प्रचण्ड सरकार को समर्थन दिया है। कांग्रेस के इन दावों को लेकर एमाले पार्टी की तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। हालांकि एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली कई बार इस सरकार को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने सत्ता में अपने सहयोगी दल माओवादी और एकीकृत समाजवादी के शीर्ष नेतृत्व की आलोचना शुरू कर दी है। लेकिन साथ ही उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं को एक महीने तक के लिए कोई विरोध नहीं करने का निर्देश दिया है। पार्टी सूत्रों की मानें तो ओली और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बीच कई चरण की बातचीत हो चुकी है। बस सही समय का इंतजार है।

इतिहास के पन्नों में 08 अप्रैल: बहरे कानों को सुनाने के लिए धमाकों की जरूरत

तारीख 1929, स्थान- दिल्ली सेंट्रल एसेंबली। वायसराय ने जैसे ही पब्लिक सेफ्टी बिल पेश किया, खचाखच भरे दर्शक दीर्घा से दो लोगों ने इंकलाब-जिंदाबाद का नारा बुलंद करते हुए सदन में बम फेंक दिया। पूरे भवन में अफरातफरी मच गई। शहीद-ए-आजम भगत सिंह (20) और बटुकेश्वर दत्त (18) ने ये बम फेंके थे लेकिन इस बात का ख्याल रखा कि इससे किसी को नुकसान न हो। बम फेंकने के बाद दोनों क्रांतिकारी भागने की बजाय खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। उन्होंने नारा बुलंद करते हुए कुछ पर्चे भी फेंके जिसमें लिखा था- बहरे कानों को सुनाने के लिए धमाकों की जरूरत पड़ती है।

क्रांतिकारी पब्लिक सेफ्टी बिल और ट्रेड डिस्प्यूट बिल का विरोध कर रहे थे। ट्रेड डिस्प्यूट बिल पहले ही पास किया जा चुका था, जिसमें मजदूरों द्वारा की जाने वाली हर तरह की हड़ताल पर पाबंदी लगा दी गई थी। पब्लिक सेफ्टी बिल में सरकार को संदिग्धों पर बिना मुकदमा चलाए हिरासत में रखने का अधिकार दिया जाना था। दोनों बिल का मकसद अंग्रेजी सरकार के खिलाफ उठ रही आवाज दबाना था।

भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त असेंबली बम कांड में दोषी पाए गए। इसमें दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई और बटुकेश्वर दत्त को काला पानी जेल भेज दिया गया। भगत सिंह, सुखदेव और

राजगुरु को सांडर्स की हत्या का भी दोषी माना गया। लोगों की नाराजगी के डर से ब्रिटिश सरकार ने 23- 24 मार्च 1931 की आधी रात को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दे दी।

अन्य अहम घटनाएं :

1857 - भारत के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान अंग्रेज़ों पर पहली गोली चलाने वाले वीर मंगल पांडेय को फाँसी दी गयी।

1950 - भारत-पाकिस्तान के बीच लियाकत-नेहरू समझौता।

1988 - जनरल वेंग शांग कुन चीन के राष्ट्रपति निर्वाचित।

2000 - गुटनिरपेक्ष देशों के विदेश मंत्रियों का 13वां सम्मेलन कोलंबिया के कार्टिजेना शहर में प्रारम्भ।

2001 - भारत-इंग्लैंड राउण्ड टेबल बैठक सरिस्का में सम्पन्न, बांग्लादेश में हिन्दुओं की सम्पत्ति लौटाने के लिए विधेयक पारित।

2002 - अमेरिकी अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक प्रक्षेपित।

2003 - अमेरिकी सेना ने बगदाद में बंकर भेदी बम बरसाए, जिसमें कई नागरिक हुए, लेकिन सद्दाम हुसैन का पता नहीं चला।

2005 - वेटिकन सिटी में मरहूम पोप को अंतिम विदाई दी गई।

2006 - ल्यूकाशेंको ने तीसरी बार बेलारूस के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

2008-आन्ध्र प्रदेश व कर्नाटक की सरकारों ने एक महत्त्वपूर्ण फैसले में अपने यहाँ सिक्खों को अल्पसंख्यक घोषित किया।

जन्म

1983 - अल्लु अर्जुन- तेलुगु फ़िल्म अभिनेता।

1950 - दिनेश कुमार शुक्ल - हिन्दी के सुप्रसिद्ध कवि।

1938 - कोफी अन्नान- संयुक्त राष्ट्र संघ के सातवें भूतपूर्व महासचिव।

1937 - आर. गुंडु राव- कर्नाटक के भूतपूर्व मुख्यमंत्री।

1924 - कुमार गंधर्व- भारत के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक।

1900 - नवलपक्कम पार्थसारथी - भारतीय आनुवंशिकीविद्, अंतरराष्ट्रीय चावल आयोग के कार्यकारी सचिव।

1892 - हेमचंद्र राय चौधरी- इतिहासकार।

निधन

2008 - शरन रानी - हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की विद्वान् और सुप्रसिद्ध सरोद वादिका।

2015 - डी. जयकान्तन - प्रसिद्ध तेलुगु साहित्यकार।

1973 - पाब्लो पिकासो- स्पेन के ख्यातिप्राप्त चित्रकार।

1953 - वालचंद हीराचंद - भारत के प्रसिद्ध उद्योगपतियों में से एक।

1894 - बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय - भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के रचयिता।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा की पत्नी की चोरी हुई कार वाराणसी से बरामद, दो गिरफ्तार

वाराणसी (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पत्नी की चोरी हुई सफेद रंग की फॉरच्यूनर कार रविवार को दिल्ली पुलिस ने वाराणसी से बरामद की। बरामद कार पर सांसद का स्टीकर भी लगा हुआ था। इस मामले में दिल्ली पुलिस की टीम ने दो कार चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार भाजपा अध्यक्ष नड्डा की पत्नी मल्लिका नड्डा की फॉर्च्यूनर कार बीते 19 मार्च को दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके से चोरी हुई थी। कार का चालक जोगिंदर सिंह गोविंदपुरी स्थित अपने घर पर लंच करने गया था, तभी वहां से चोरों ने कार उड़ा दी। कार चालक ने पुलिस से संपर्क किया और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर गाड़ी की तलाश शुरू कर दी थी। सीसीटीवी फुटेज में चोरी हुई फॉर्च्यूनर कार को आखिरी बार गुरुग्राम की ओर जाते देखा गया था और उस पर हिमाचल प्रदेश का नंबर लगा था। दिल्ली के दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त ने एसीपी दिलीप सिंह एवं जिले के वाहन चोरी निरोधक दस्ता प्रभारी की देखरेख में वाहन की बरामदगी के लिए 12 पुलिसकर्मियों की विशेष टीम तैयार की। पुलिस टीम पिछले 15 दिनों से कार चोरों के पीछे लगी हुई थी। कार की सटीक लोकेशन मिलते ही पुलिस ने वाराणसी से वाहन को बरामद कर लिया। इस मामले में गिरफ्तार फरीदाबाद बड़कल निवासी शाहिद और शिवांश त्रिपाठी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ कार को चुराकर ले गए थे। शाहिद ने फरीदाबाद में अपनी पत्नी व बच्चों को भी कार में बैठा लिया। रास्ते में चोरों ने कार की नंबर प्लेट बदल दी। चोर कार को जब उत्तर प्रदेश में लाए तब उन्हें पता लग गया था कि ये भाजपा अध्यक्ष की कार है। दोनों ने बताया कि कार को हरियाणा, हिमाचल और यूपी के रास्ते नगालैंड ले जाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस अफसरों के अनुसार गिरफ्तार शाहिद मैदानगढ़ी थाने का घोषित बदमाश है। उसके खिलाफ 60 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

बंगाल में कानून व्यवस्था खत्म, केंद्रीय एजेंसियों पर हमला करते हैं तृणमूल के लोग: नरेन्द्र मोदी

कोलकाता (हि.स.)। लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए तीन दिनों में दूसरी बार पश्चिम बंगाल पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। प्रधानमंत्री ने जलपाईगुड़ी में आयोजित जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कश्मीर को लेकर दिए बयान का भी जवाब दिया। मोदी ने कहा, ÷कल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी दूसरे राज्यों में कश्मीर की बात क्यों करते हैं। उनके लिए कश्मीर कुछ नहीं है लेकिन 140 करोड़ भारतीयों के लिए कश्मीर मां भारती के मस्तक समान है।

प्रधानमंत्री मोदी बिहार के नवादा में चुनावी रैली के बाद दोपहर करीब 2¬30 बजे पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने अपने करीब 30 मिनट के संबोधन में सत्तारूढ़ तृणमूल को कानून और संविधान को कुचलने वाली पार्टी बताया। मोदी ने कहा कि यहां जब केंद्र की जांच एजेंसियां आती हैं तो तृणमूल उन पर हमले करवाती है। संदेशखाली में क्या हुआ, पूरा देश जान चुका है। उन्होंने कहा, क्या संदेशखाली के अपराधियों को कड़ी सजा होनी चाहिए कि नहीं, उनकी जिंदगी जेलों में जानी चाहिए। क्या राशन घोटाले, टीचर भर्ती घोटाला करने वालों को सजा मिलनी चाहिए कि नहीं, मैं आज बंगाल की धरती से गारंटी देता हूं, जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के पैसे जमा किए हैं। ईडी ने तीन हजार करोड़ रुपये अटैच करके रखी है, मैं एडवाइस ले रहा हूं, जो सरकारी नौकरी में लोगों के पैसे गए, ये पैसे मैं गरीबों को वापस करवाऊंगा। जो बेचारा टीचर की नौकरी के लिए पैसा दिया, मैं उसका पैसा वापस दिलवाऊंगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और तृणमूल ने एक-दूसरे के भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए इंडी गठबंधन बनाया है, मैं कहता हूं भ्रष्टाचार मिटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचार बचाओ। पीएम ने कहा कि हर पोलिंग बूथ पर तृणमूल की जमानत जब्त हो। माताओं बहनों के साथ इतना अत्याचार हुआ। हालात ये है कि यहां हर मामले में कोर्ट को दखल देना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि ये चुनाव एक सांसद चुनने का नहीं, ये सशक्त सरकार बनाने का चुनाव है। जितनी मजबूत केंद्र सरकार होगी उतना मजबूत दुनिया का भारत पर भरोसा होगा। यहां ज्यादा निवेश आएगा, फैक्टरियां लगेंगी। भाजपा सरकार ने जी-20 की मीटिंग नॉर्थ बंगाल में इसलिए रखी ताकि ये क्षेत्र इंटरनेशनल टूरिज्म पर पहुंचे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले जलपाईगुड़ी के कई क्षेत्रों में तूफान से नुकसान हुआ। जिन्होंने अपनों को खोया उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। आज देशभर में पूरे बंगाल में एक ही गूंज सुनाई दे रही है, फिर एक बार मोदी सरकार।

राकांपा नेता एकनाथ खडसे की जल्द होगी घर वापसी, भाजपा हाईकमान से बुलावे का इन्तजार

मुंबई (हि.स.)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के नेता एकनाथ खडसे बहुत जल्द भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले हैं। उन्होंने खुद इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि वे पुराने कार्यकर्ताओं के आग्रह की वजह से भाजपा में आ रहे हैं। एकनाथ खडसे ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि भाजपा में शामिल होने के बारे में पिछले चार-छह महीने से चर्चा चल रही थी लेकिन मैं अपनी राजनीतिक स्थिति के मुताबिक फैसला नहीं कर सका। अब केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा के बाद तय तारीख को दिल्ली जाकर भाजपा में शामिल हो जाऊंगा। एकनाथ खडसे 30 साल से अधिक समय तक भारतीय जनता पार्टी में रहने के बाद 23 अक्टूबर, 2020 को राकांपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने आंतरिक विवाद, भोसरी प्लॉट घोटाला, देवेंद्र फडनवीस के साथ मतभेद जैसे कई मुद्दों के कारण पार्टी छोड़ दी थी। 2020 में राकांपा में शामिल होने के बाद उन्हें तुरंत नेता नियुक्त कर दिया गया था लेकिन शिवसेना और राकांपा में बगावत होने के बाद एकनाथ खडसे खुद को असहज महसूस कर रहे थे। एकनाथ खडसे ने हाल ही में दिल्ली जाकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद एकनाथ खडसे ने बताया कि जैसे ही हाईकमान से उन्हें बुलाया जाएगा वे दिल्ली में जाकर भाजपा में शामिल हो जाएंगे। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि खडसे पुराने भाजपाई हैं। अगर वे पार्टी में आते हैं तो उनका स्वागत किया जाएगा।

भाजपा सरकार ने महिलाओं को महतारी वंदन की दूसरी किश्त नहीं दिया : कांग्रेस

केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस देगी महिलाओं को 8333 रुपये प्रति महीना

रायपुर (हि.स.)। कांग्रेस ने मांग किया है कि सरकार बताए महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त कितने महिलाओं के खाते में डाला गया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि जिन महिलाओं को पहली किश्त मिली थी, उनमें से अधिकांश महिलाओं को अभी तक दूसरी किश्त नहीं मिली है। भाजपा सरकार पहली किश्त देने के बाद महिलाओं को दूसरी किश्त नहीं दे रही है। सरकार दूसरी किश्त देने का केवल बयानबाजी कर रही है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार जिन महिलाओं के खाते में दूसरी किश्त डाली गयी है उनका नाम सार्वजनिक करें।

भाजपा की नीयत में खोट आ गया है, जब लोकसभा चुनाव के पहले महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आ रहा तब लोकसभा चुनाव के बाद महतारी वंदन योजना बंद हो जायेगी, इसकी गारंटी है। विष्णुदेव साय की सरकार ने साबित किया है कि झूठ और वादाखिलाफी ही मोदी की गारंटी है। डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ का केवल शोषण कर रही है। महतारी वंदन के नाम पर प्रदेश के एक करोड़ चार लाख महिला मतदाताओं में से अधिसंख्यक महिलाओं का इंतजार अब तक खत्म नहीं हुआ है। 18 से 21 वर्ष की विवाहित महिलाएं पूरी तरह से ठगी गई, यही नहीं जिन्हे पात्र बताया उनका पैसा भी खातों में अब तक नहीं आये। ऐसे हितग्राहियों की बड़ी संख्या है।

सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने सरकार बनते ही महिलाओं के खाता में एक हजार रुपये प्रति महीना ट्रांसफर करने का वादा किया था। दिसंबर माह में साय सरकार का गठन हो गया है और अभी जनवरी-फरवरी, मार्च और अप्रैल चार माह हो चुका है और मात्र एक महीने की 1000 रुपये राशि महिलाओं को दी गई है। यह महिलाओं के साथ धोखा और छल हैं। प्रदेश के 70 प्रतिशत महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। साय सरकार सीधा तीन महीने की बकाया 3000 रुपये की राशि खाता में जमा कराये। सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की वादाखिलाफी का महिलायें प्रतिरोध करेगी तथा केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनायेगी। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश के गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना सीधा ट्रांसफर किया जाएगा, जो 8333 रुपये प्रति महीना होगा।

आधुनिक व समर्थ नया भारत अब खुद हथियार बना रहा- राजनाथ सिंह

बीकानेर (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस के राज में देश को विदेशों से हथियार खरीदने पड़ते थे लेकिन ये नया भारत है, जहां देश खुद हथियार बना रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रविवार को लोकसभा क्षेत्र बीकानेर के विधानसभा क्षेत्र श्रीकोलायत में भाजपा उम्मीदवार अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ ने कहा कि राजस्थान की पहचान अब घड़े पर घड़ा रखकर जातीं महिलाओं से नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भारत बहुत बदल गया है। हम पहले हथियार खरीदते थे और अब हथियार खुद बनाते हैं। हम अब सर्जिकल स्ट्राइक करते हैं, एयर स्ट्राइक करते हैं तो इस पर कांग्रेस सवाल खड़े करती है। यह आधुनिक और समर्थ भारत है, जिसे दुनिया देख रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा जनता को जनार्दन मानती है लेकिन कांग्रेस एक परिवार को जनार्दन मानती है। कांग्रेस और भाजपा में यह बड़ा अंतर है। गरीब परिवारों को मकान देने की योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अधिकांश लोगों को पक्के मकान मिल गए हैं, जो रह गए हैं, उन्हें जल्द मिलेगा। भीड़ को देखकर गदगद राजनाथ सिंह ने कहा कि आज ज्यादा बोलने की जरूरत महसूस नहीं हो रही है। इतनी संख्या में लोगों को देखकर साफ है कि अर्जुनराम जीत रहे हैं। पिछली बार और इस बार की सभा में अंतर है। इस बार देवी सिंह भाटी को मंच पर देखना सुखद है। इस अवसर पर भाजपा उम्मीदवार अर्जुनराम मेघवाल, राजस्थान के खाद्य मंत्री सुमित गोदारा, देवी सिंह भाटी, विधायक सिद्धीकुमारी, जेठानंद व्यास, अंशुमान सिंह, मेयर सुशीला कंवर राजपुरोहित, जालम सिंह भाटी सहित अनेक भाजपा नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

चैत्र नवरात्री 09 अप्रैल से प्रारम्भ,17 अप्रैल को रामनवमी व 18 को होगी विजयादशमी

सहरसा (हि.स.)। ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान के संस्थापक ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा के अनुसार 09 अप्रैल से चैत्र नवरात्री प्रारम्भ होगी।रामनवमी का त्योहार 17 अप्रैल को तथा 18 को विजयादशमी मनाया जायेगा। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरुपों मां शैलपुत्री,मां ब्रह्मचारिणी,मां चंद्रघंटा, मां कूष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां महागौरी और मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना करते हैं और मां दुर्गा का आह्वान करते हैं।नवरात्रि के नौ दिनों का व्रत रखा जाता है। पारण के साथ इसका समापन करते है।नववर्षारम्भ मे सभी भक्त माँ भगवती की आराधना कर दुर्गा पाठ कर माँ की कृपा प्राप्त करेंगे।

नेपाल- सत्ता के साझेदार दलों को गृहमंत्री की चेतावनी, मंत्रालय में हस्तक्षेप स्वीकार नहीं

काठमांडू (हि.स.)। नेपाल में सत्ता में साझेदार दलों के बीच एक महीने के भीतर मतभेद उभरने लगे हैं। प्रचण्ड सरकार को समर्थन देने वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष तथा उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने ने प्रधानमंत्री प्रचण्ड एवं एमाले अध्यक्ष ओली को अप्रत्यक्ष रूप से उनकी पार्टी को मिले मंत्रालयों में हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी है। रवि लामिछाने ने पुलिस विभाग में पिछले सप्ताह हुए कुछ प्रमोशन, ट्रांसफर और पोस्टिंग में प्रधानमंत्री प्रचण्ड और सत्तारूढ़ गठबन्धन में शामिल नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के हस्तक्षेप को आगे बर्दाश्त नहीं किए जाने की बात कही है। एक वीडियो जारी कर हुए गृह मंत्री रवि लामिछाने ने कहा कि पिछले हफ्ते पुलिस एसपी के प्रमोशन में जिस तरह से उनके कार्य के मूल्यांकन को दरकिनार करते हुए नेताओं की पहचान के आधार पर प्रमोशन किया गया, उसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। लामिछाने का दावा है कि उनके गृह मंत्रालय संभालने से पहले ही इस प्रमोशन की लिस्ट तैयार हो गई थी। लेकिन मीडिया में जिस तरह से उनकी आलोचना की गई और उनकी निर्णय क्षमता पर सवाल खड़ा किया गया, उसके बाद वो यह वीडियो जारी करने के लिए मजबूर हुए। दरअसल पिछले सप्ताह नेपाल पुलिस के पांच एसपी का प्रमोशन किया गया जिसमें ना तो वरिष्ठता का ख्याल रखा गया और ना ही कार्य मूल्यांकन को आधार बनाया गया। वरियता और कार्य मूल्यांकन के आधार पर चार नंबर और पांच नंबर पर रहे पुलिस अधिकारी को एक नंबर और दो नंबर पर प्रमोट कर दिया गया। मीडिया ने इस पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री प्रचण्ड और एमाले अध्यक्ष के पी शर्मा ओली के पीएसओ होने के कारण पहले से लेकर तीसरे नंबर तक के अधिकारियों को नीचे धकेलते हुए चौथे और पांचवें नंबर के अधिकारियों का प्रमोशन किया गया है। इसकी व्यापक आलोचना होने के बाद सफाई देते हुए गृहमंत्री रवि लामिछाने ने कहा कि आगे से उनके मंत्रालय या उनकी पार्टी को मिले अन्य मंत्रालय में प्रधानमंत्री या किसी अन्य सत्तारूढ़ दल के नेता का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने वीडियो संदेश में बताया कि उनकी पार्टी कुछ काम करने और परिणाम दिखाने के लिए सरकार में शामिल हुई है। अगर उनको काम नहीं करने दिया गया या फिर उनके मंत्रालय के कामों में हस्तक्षेप किया गया तो उनकी पार्टी इस सत्ता समीकरण से बाहर निकलने में भी पीछे नहीं हटेगी।

चुनाव आयोग को महज 20 दिनों में सुविधा पोर्टल पर मिले आयोजन संबंधी 73 हजार आवेदन

नई दिल्ली (हि.स.)। चुनावों की घोषणा और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद से केवल 20 दिनों की अवधि में सुविधा प्लेटफॉर्म पर राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से अनुमति संबंधी 73,379 अनुरोध प्राप्त हुए। इनमें से 44,626 अनुरोध (यानी 60 प्रतिशत) स्वीकार कर लिए गए। लगभग 11,200 अनुरोधों (15 प्रतिशत) को अस्वीकार कर दिया गया। इनमें से 10,819 आवेदन अमान्य या डुप्लिकेट होने के कारण रद्द कर दिए गए।

चुनाव आयोग के अनुसार अधिकतम अनुरोध तमिलनाडु (23,239) से प्राप्त हुए। उसके बाद पश्चिम बंगाल (11,976) और मध्य प्रदेश (10,636) का स्थान रहा। न्यूनतम अनुरोध चंडीगढ़ (17), लक्षद्वीप (18) और मणिपुर (20) से प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि सुविधा पोर्टल ईसीआई द्वारा विकसित एक तकनीकी समाधान है, जिसका उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से चुनाव कराने संबंधी लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कायम रखने के लिए समान अवसर सुनिश्चित कराना है। सुविधा पोर्टल ने प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड का प्रदर्शन करते हुए चुनाव की अवधि के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से प्राप्त अनुमति और सुविधाओं के अनुरोधों एवं उन पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया। सुविधा पोर्टल (https:uvidha.eci.gov.in) के माध्यम से सुलभ, राजनीतिक दल और उम्मीदवार कभी भी, कहीं से भी अनुमति संबंधी अनुरोध निर्विघ्न रूप से ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त सभी हितधारकों के लिए समावेशिता और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए ऑफ़लाइन आवेदन के विकल्प उपलब्ध हैं।

चुनाव अभियान की अवधि के महत्व को पहचानते हुए जहां एक ओर पार्टियां और उम्मीदवार मतदाताओं तक पहुंच कायम करने की गतिविधियों में संलग्न होते हैं, वहीं सुविधा पोर्टल अनुमति संबंधी विभिन्न अनुरोधों को पारदर्शी रूप से फर्स्ट इन फर्स्ट आउट सिद्धांत के आधार पर निपटाता है। यह रैलियों के आयोजन, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने, घर-घर जाकर प्रचार करने, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट प्राप्त करने, पर्चे बांटने की अनुमति प्रदान करता है।

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने किए रामलला के दर्शन



अयोध्या (हि.स.)। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने सपरिवार रविवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और मंदिर के पुजारी ने अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व उन्हें सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचने पर जिले के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। दर्शन के बाद कलराज मिश्रा ने पत्रकारों से कहा कि वे भव्य मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक है जिस मंदिर के निर्माण के लिए कोटि-कोटि लोग लगे रहे, आंदोलनरत रहे, हम सब लोग भी आंदोलन में सहभागी थे। जब मंदिर बन गया तो मन को इतनी प्रसन्नता हुई है कि इसको प्रकट नहीं किया जा सकता। राज्यपाल मिश्र ने कहा, अयोध्या पहुंचकर मैं अपने को धन्य महसूस कर रहा हूं। यह कभी कल्पना नहीं की थी कि हम लोगों के काल में राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। भगवान राम की कृपा से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। संत महात्माओं के सामूहिक प्रयास से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है, अयोध्या में बहुत परिवर्तन हो चुका है। मैं अयोध्या पहुंचकर देख रहा हूं क्या मैं उस अयोध्या में पहुंचा हूं जहां मैं बार-बार आता था या किसी और नगरी में पहुंच गया हूं। अयोध्या में जबरदस्त विकास हुआ है। मिश्र ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भव्य बना है। इसने अयोध्या का स्वरूप ही बदल दिया है। यहां आने के बाद एक अद्भुत प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। यहां के विकास को देखकर लगा कि विश्वभर के सर्वाधिक लोग रामलला का दर्शन करें।

समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के लिए जहाज आईएनएस शारदा सम्मानित

नौसेना अध्यक्ष ने जहाज की टीम को 'ऑन द स्पॉट यूनिट' प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया

सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं से ईरानी जहाज की कराई थी सुरक्षित रिहाई

नई दिल्ली (हि.स.)। कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने सफल समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाने के लिए आईएनएस शारदा को 'ऑन द स्पॉट यूनिट प्रशस्ति पत्र' से सम्मानित किया। यह जहाज ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी के सभी 19 चालक दल के सदस्यों की सुरक्षित रिहाई में शामिल था, जिसमें 11 ईरानी और 08 पाकिस्तानी नागरिक थे। इस जहाज को सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं ने बंधक बना लिया था। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस शारदा को अपहृत ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी को समुद्री लुटेरों के कब्जे से मुक्त कराने का जिम्मा सौंपा गया था। भारतीय जहाज ने रातभर गोपनीय खोज जारी रखने के बाद 01 फरवरी की रात में ईरानी जहाज को रोक लिया और 02 फरवरी को सुबह हेलीकॉप्टर और उसके बाद प्रहार टीम को उतारा गया। भारतीय टीम की आक्रामकता से समुद्री डाकू चालक दल और ईरानी जहाज को सुरक्षित रूप से छोड़ने के लिए मजबूर हुए। इसके बाद अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाज और उसके चालक दल को सोमाली समुद्री डाकुओं से छुड़ा लिया गया। भारतीय नौसेना की ओर से समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए तैनात जहाज और मिशन के अथक प्रयास ने हिंद महासागर क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा बढ़ाने के भारतीय नौसेना के संकल्प को बरकरार रखते हुए समुद्र में बहुमूल्य जिंदगियां बचाईं। नौसेना प्रमुख ने कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान टीम शारदा के साथ बातचीत की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने चालक दल के पेशेवर दृष्टिकोण की सराहना की, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में भारतीय नौसेना को मान्यता और प्रशंसा मिली।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटुआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)